ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 मई, 2024
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 220

Wild Waadi Water Park
WATER PARK, TRAMPOLINE PARK, BIRD PARK, AMUSEMENT PARK & ZIP LINE
INR 300 (MON - FRI)
INR 400 (SAT - SUN & HOLIDAYS)
Call Us 9304816880

## देवी दर्शन खत्म, दो दिनों के लिए ध्यान शुरू



- पीएम ने कन्याकुमारी में भगवती अम्मन देवी के दर्शन किये
- 1 जून तक विवेकानंद शिला पर ध्यान करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**कन्याकुमारी।** लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थमते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी पहुंच गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी व्यस्तताओं के बाद तमिलनाडु के कन्याकुमारी में ध्यान-साधना करने पहुंचे हैं। मोदी ने कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री मोदी विवेकानंद मेमोरियल के ध्यान मंडपम में शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान करेंगे। पीएम मोदी उसी स्थान पर दिन-रात ध्यान करेंगे, जहां कई दशकों पहले स्वामी विवेकानंद ने ध्यान किया था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। उनके 1 जून की रात तक दिल्ली लौटने की उम्मीद है। गौरतलब है कि सांतवें और आखिरी चरण का मतदान 1 जून को है और मतगणना 4 जून को है।

# झारखंड में तीन सीटों पर थमा प्रचार, मतदान कल

- संताल के दुमका, गोड्डा और राजमहल में 52 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 52.32 लाख मतदाता करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के साथ झारखंड में अंतिम चरण के लिए मतदान 1 जून को होगा। इससे पहले गुरुवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। राज्य के संताल क्षेत्र में दुमका, गोड्डा और राजमहल सीटों पर कुल 53 लाख 23 हजार 886 है। उनमें 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला समेत 33 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इन तीनों क्षेत्र से 52 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां कुल 6258 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। यह जानकारी झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने मतदान की सारी तैयारी पूरी कर ली है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मतदाता अपना वोट सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक डाल सकेंगे।

### लोकसभा चुनाव: आखिरी चरण

8 प्रदेश | 57 सीट | 01 जून मतदान

**किन-किन राज्यों में कितनी सीटों पर मतदान**

पंजाब-13, उत्तरप्रदेश-13, पश्चिम बंगाल-नौ, बिहार-आठ, ओड़िशा- छह, हिमाचल प्रदेश-चार, झारखंड-तीन, चंडीगढ़-एक

**मुख्य प्रत्याशी**

जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अभिनेत्री कंगना रनौत, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह की भी सीटें शामिल हैं।

### झारखंड की तीनों सीटों पर प्रमुख प्रत्याशी

संताल के तीन सीटों पर मुख्य रूप से एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच संघर्ष है। गोड्डा से भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे, कांग्रेस से प्रदीप यादव, बसपा से बजरंगी महथा प्रत्याशी हैं। दुमका से भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन उम्मीदवार हैं। वहीं, राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो के विजय हांसदा, भाजपा के ताला मरांडी और निर्दलीय (झामुमो के बागी) लोबिन हेंब्रम मैदान में हैं।

### राजमहल में महिला मतदाता निर्णायक

राजमहल ऐसा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है, जहां पुरुषों से अधिक महिला मतदाता हैं। यहां कुल 17,04,671 मतदाताओं में पुरुष मतदाता 8,51,165 और महिला मतदाता 8,53,496 हैं। वहीं 10 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2020 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 127 शहरी क्षेत्र में और 1893 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं।

### दुमका में 15.91 लाख मतदाता

दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 15,91,061 मतदाता हैं। इनमें 7,99,045 पुरुष, 7,92,010 महिला और छह थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस क्षेत्र में कुल 1891 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 105 शहरी क्षेत्र में और 1786 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 70 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे।

### गोड्डा में सबसे अधिक मतादाता

तीनों लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता गोड्डा सीट पर हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 20,28,154 मतदाता हैं। इनमें 10,50,328 पुरुष, 9,77,809 महिला और 17 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2347 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 257 शहरी क्षेत्र में और 2090 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं।

आयुर्वेदिक क्षारसूत्र एवं अग्नि कर्म द्वारा सफल ईलाज शुरू
AVOID SRUGERY
• PILES
• FISTULA
• FISSURES &
• PILONIDAL SINUS
आयुर्वेद की युक्ति रोग से मुक्ति
PILES CURE CENTER
& SHIVAY AYURVEDA CHIKITSALYA
सम्पर्क करें
9162732562, 7004764956
Near Madan Dhaba, Kokar, Ranchi

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
• शरीर में पानी की कमी
• उल्टी, तेज बुखार
• कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
• हृदयाघात, मस्तिष्कघात
• कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
• साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
• तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
• बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें

इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
• गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
• घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
• लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
• ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
• लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

NATIONAL HEALTH MISSION
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड
104
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)
P.R. 325215 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

# झारखंड में कई मुद्दों को हवा दे गया चुनाव प्रचार अभियान

## ■ पीएम मोदी ने आधा दर्जन रैलियां और रोड शो कर भाजपा के लिए बनायी बढ़त

## ■ इंडी अलायंस की तरफ से सीएम चंपाई और कल्पना सोरेन के हाथ रही कमान

## ■ भ्रष्टाचार, स्थानीयता और आदिवासियत के साथ विकास पर रहा मुख्य फोकस

**आजाद सिपाही विशेष**

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव का प्रचार अभियान गुरुवार को खत्म हो गया। शनिवार 1 जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। इनमें झारखंड की तीन सीटें भी शामिल हैं, जो संताल परगना में हैं। करीब ढाई महीने तक चले इस धुआंधार प्रचार अभियान के दौरान सभी दलों और प्रत्याशियों ने प्रचंड गर्मी और रिकॉर्डतोड़ तापमान की परवाह नहीं करते हुए जम कर पसीना बहाया। झारखंड की 14 संसदीय सीटों पर भी चुनाव प्रचार अभियान के दौरान जम कर शब्द वाण चले और कई मुद्दे उठाये गये। झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान की कमान भाजपा की तरफ से मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा के अन्य केंद्रीय और प्रादेशिक नेताओं के हाथों में रही, जबकि इंडी अलायंस के प्रचार अभियान की कमान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने ही संभाले रखी। इंडी अलायंस के केंद्रीय नेता, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव ने झारखंड का एक-एक बार दौरा किया। जहां तक मुद्दों की बात है, तो झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान मुख्य मुद्दा भ्रष्टाचार ही रहा, लेकिन स्थानीयता और आदिवासियत के साथ विकास की बातें भी खूब हुईं। झारखंड के साढ़े तीन करोड़ लोगों और 2.53 करोड़ से अधिक मतदाताओं पर इस चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उठाये गये मुद्दों का कितना असर पड़ा, इसका पता तो 4 जून को होनेवाली मतगणना के बाद ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है कि इस बार भी प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी रैलियों और रोड शो के मामले में इंडी अलायंस के नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। कैसा रहा झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान और इस दौरान क्या मुद्दे उठाये गये, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



30 मई, 2024, दिन गुरुवार को घड़ी की सुइयों ने जैसे ही पांच बजने का इशारा किया, वैसे ही 18वीं लोकसभा के आखिरी चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान खत्म हो गया। ढाई महीने से अधिक समय तक चली इस चुनाव प्रक्रिया का समापन आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान के बाद 4 जून को होनेवाली मतगणना के साथ होगा। इनमें झारखंड की तीन सीटें भी शामिल हैं, जो संताल परगना में हैं। ये सीटें हैं, दुमका, राजमहल और गोड्डा। दुमका और राजमहल सीट जहां

अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित है, वहीं गोड्डा सीट अनारक्षित है। इस बार लोकसभा चुनाव में सात चरणों में मतदान कराया गया। देश के अधिकांश हिस्सों में पड़ रही प्रचंड गर्मी के बीच इतना लंबा प्रचार अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना कम बड़ी बात नहीं है।

पूरे देश के साथ झारखंड में भी चुनाव प्रचार खत्म हो गया है। चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी और इसके साथ ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी थी। इनमें झारखंड भी शामिल है, जहां कुल 14 लोकसभा सीटें हैं।

### कुल छह बार झारखंड आये पीएम मोदी

वैसे तो चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने से पहले ही झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो गया था, लेकिन इसमें गति 20 अप्रैल को रांची में इंडी अलायंस द्वारा आयोजित उलगुलान रैली से आयी। इसके बाद 3 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली चुनावी यात्रा पर झारखंड आये। उन्होंने चाइबासा में रैली की और रांची में रोड शो किया। अगले दिन उन्होंने गुमला और पलामू में चुनावी रैली की। इसके बाद वह 12 मई को दोबारा झारखंड आये और चतरा में चुनावी रैली की। इसके दो दिन बाद 14 मई को वह गिरिडीह के बिरनी पहुंचे और रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी का अंतिम चुनावी दौरा 28 मई को दुमका में हुआ, जहां से उन्होंने संताल परगना की तीन सीटों को साधा। पीएम मोदी ने झारखंड की 14 सीटों के लिए कुल छह चुनावी रैलियां की और एक रोड शो किया। उनके अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं ने जम कर प्रचार किया। एनडीए की सहयोगी आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने पूरे राज्य में करीब दो दर्जन सभाओं को संबोधित किया।

### केवल एक बार झारखंड आये राहुल गांधी

दूसरी तरफ इंडी अलायंस के केंद्रीय नेता राहुल गांधी केवल एक बार झारखंड आये और गुमला और सिंहभूम में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। राजद नेता तेजस्वी यादव और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भी एक-एक बार ही झारखंड आये। प्रियंका गांधी को भी एक ही बार झारखंड आने का समय मिला। कांग्रेस और राजद के दूसरे नेता भी झारखंड कम ही आये। राहुल गांधी ने तो संताल परगना आने की जहमत भी नहीं उठायी और अपने निर्धारित कार्यक्रम को अंतिम समय में रद्द कर दिया।

### सीएम चंपाई और कल्पना सोरेन ने संभाली कमान

झारखंड में इंडी अलायंस के प्रचार की कमान मुख्य रूप से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने संभाली। कल्पना सोरेन ने चुनाव की घोषणा होने के बाद से कुल 147 छोटी-बड़ी सभाएं कीं, वहीं सीएम चंपाई सोरेन भी करीब ढाई दर्जन चुनावी रैलियों में शामिल हुए। कांग्रेस, झामुमो, राजद और इंडी अलायंस के दूसरे घटक दलों की दूसरी पंक्ति के नेताओं ने जरूर पसीना बहाया।

### ये मुद्दे उठाये गये

झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान भाजपा ने जहां पूरा फोकस भ्रष्टाचार पर रखा, वहीं इंडी अलायंस की तरफ से पीएम मोदी के विरोध का झंडा ही बुलंद किया जाता रहा। इसके अलावा झारखंड का विकास, स्थानीयता, आदिवासियत और आरक्षण का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। इस प्रचार अभियान की खास बात यह रही कि इस दौरान पीएम मोदी ने जहां देश और समाज हित को सबसे ऊपर रखा, वहीं इंडी अलायंस की तरफ से पीएम मोदी को ही निशाने पर रखा गया।

### विपक्ष को एक तरफा टक्कर देते नजर आये प्रधानमंत्री

इस चुनाव में पार्टी के पक्ष में पीएम मोदी की मेहनत साफ नजर आयी। विपक्ष के फायर ब्रांड नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता एक तरफ और पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी एक तरफ सबको अपनी ऊर्जा से टक्कर देते नजर आये।

### पूरे आत्मविश्वास में नजर आये मोदी

चुनाव प्रचार अभियान के दौरान एक बात साफ तौर पर नजर आयी और वह यह थी कि इस बार पीएम मोदी सत्ता में वापसी के प्रति लगभग आश्वस्त दिखे। हर चुनावी रैली में उनका आत्मविश्वास बढ़ता नजर आया और यही कारण रहा कि इस बार अपने नये कार्यकाल के रोड मैप की घोषणा के लिए उन्होंने 15 अगस्त तक का इंतजार नहीं किया। पीएम मोदी ने झारखंड की रैलियों में अपने नये कार्यकाल के दौरान तय की जानेवाली नीतियों और उनके परिणामों का संकेत तो दिया ही, साथ ही पूरे देश के साथ झारखंड के विकास का ब्लूप्रिंट भी बताया। चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत में भाजपा की पराजय का नैरेटिव सेट करने की कोशिश जरूर की गयी, लेकिन मतदान के चरण संपन्न होने के साथ यह नैरेटिव भी बुलबुले की तरह बिखर गया।

### चार को मतगणना

इस धुआंधार चुनाव प्रचार अभियान के दौरान की गयी मेहनत और उठाये गये मुद्दों से मतदाता कितने प्रभावित हुए हैं, इसका पता 4 जून को लगेगा, जब मतगणना होगी। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव प्रचार अभियान बेहद आक्रामक और रोमांचक रहा।

---

**लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री का रहा मैराथन अभियान**

## 200 से ज्यादा रैली, रोड शो और सभाएं, 80 इंटरव्यू

■ 75 दिनों तक लगातार देश के विभिन्न हिस्सों का किया दौरा

■ झारखंड में सात सभाएं और रैलियों में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव समापन की ओर बढ़ गया। आखिरी चरण का मतदान 1 जून को होगा और प्रचार अभियान गुरुवार शाम से थम गया। चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की घोषणा की थी। इसी के साथ ही आचार संहिता लागू हो गयी थी। इसके बाद सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले से ही देश भर के विभिन्न राज्यों का दौरा शुरु कर दिया था। वह चुनाव की घोषणा से पहले फरवरी और मार्च की 15 तारीख तक 15 रैलियां कर चुके थे। चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ प्रधानमंत्री का देश के दक्षिण छोर से शुरू हुआ मैराथन प्रचार अभियान उत्तर में स्थित पंजाब के होशियारपुर में आकर समाप्त हुआ। जहां पीएम मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने 75 दिनों तक लगातार देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया।

### मोदी ने की 180 रैलियां और रोड शो

इस चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेहनत साफ नजर आयी। विपक्ष के फायर ब्रांड नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता एक तरफ और पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी एक तरफ सबको अपनी ऊर्जा से टक्कर देते नजर आये। आंध्र प्रदेश के पालनाडु से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर मोदी ने इस अभियान का समापन 30 मई को पंजाब के होशियारपुर में किया। यानी 75 दिन की इस अवधि में पीएम मोदी ने 180 रैलियां और रोड शो किये हैं। मोदी की रैलियों के साथ उनके रोड शो और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आंकड़ा देखें तो यह संख्या 206 है। इसके साथ ही मोदी ने इस दौरान 80 से ज्यादा मीडिया चैनलों, अखबारों, यूट्यूबरों, ऑनलाइन मीडिया माध्यमों को अपना साक्षात्कार दिया। मतलब औसतन हर दिन पीएम मोदी ने दो से ज्यादा रैलियां और रोड शो के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में रैलियां

प्रधानमंत्री ने सबसे ज्यादा 22 जनसभाएं और कुल 31 चुनावी कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में किये हैं। इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक में 11, तेलंगाना में 11, तमिलनाडु में 7, आंध्र प्रदेश में 5 और केरल में 3 रैलियां की हैं। मोदी ने बिहार में 20 चुनावी कार्यक्रम और महाराष्ट्र में 19 चुनावी कार्यक्रम के साथ पश्चिम बंगाल में 20 रैलियों को संबोधित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने ओड़िशा और मध्य प्रदेश में 10 चुनावी कार्यक्रम किए। वहीं, पीएम का फोकस झारखंड पर भी रहा, जहां उन्होंने 7 कार्यक्रम किये।

---

**लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की पंजाब में आखिरी रैली**

## इंडी गठबंधन वाले मेरा मुंह न खुलवायें, सात पीढ़ी के पाप निकाल कर रख दूंगा : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**होशियारपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने 30 मई को लोकसभा चुनाव-2024 की आखिरी रैली को संबोधित किया। यह रैली पंजाब के होशियारपुर में हुई। प्रधानमंत्री ने इंडिया गठबंधन और आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले मेरा मुंह न खुलवायें, सात पीढ़ी के पाप निकाल कर रख दूंगा।

पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले वीरों का अपमान करते हैं। पूर्व सीडीएस विपिन रावत का भी अपमान किया। उन्होंने कहा कि सेना 26 जनवरी के लिए तैयार नहीं की जाती है। सेना लड़ाई के लिए तैयार की जाती है, लेकिन इन्होंने सेना को भी राजनीति का हथियार बना दिया है। इन्होंने



सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे। सेनाओं को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन सेना का अपमान मोदी बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर ली है। कांग्रेस की गोद से कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी (आप) पैदा हुई है। कहते थे कि पंजाब को नशा मुक्त करेंगे, लेकिन इन्होंने नशे को ही अपनी कमाई का तरीका बना लिया। पंजाब में दोनों पार्टियां आमने-सामने लड़ने का दावा कर रही हैं, जबकि दिल्ली में एक साथ हैं। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन ने देश का काफी नुकसान किया है। वोट बैंक के चलते राम मंदिर का विरोध करते रहे। आजकल संविधान की रक्षा की बात करते हैं। 84 के दंगों में सिखों को गले में टायर बांध कर जलाया जा रहा था, तो इन्हें संविधान की नहीं सूझी। आरक्षण को लेकर इनके इरादे खतरनाक हैं। यह एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को दे देंगे।

इस रैली के बाद पीएम ध्यान के लिए कन्याकुमारी पहुंच गये हैं। यहां वे रॉक मेमोरियल का दौरा कर ध्यान साधना करेंगे। स्वामी विवेकानंद ने भी यहीं ध्यान किया था। 1 जून को होने वाले चुनाव तक वे वहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिरी चरण में मतदान में सारे रिकॉर्ड तोड़ दीजिए, जहां पर एनडीए या भाजपा के उम्मीदवार हैं, उन्हें जिता दीजिए। पंजाब की सारी सीटों पर कमल खिलाने के लिए मैं आपसे सहयोग मांगने आया हूं। मैं दोनों नेताओं के पक्ष में मतदान करने की अपील करता हूं। ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। वहीं, उन्होंने लोगों को कहा कि मेरे जाने के बाद गुरुद्वारे या देव स्थान पर जायें, साथ ही वहां से विकसित पंजाब बनाने का आशीर्वाद लें।

मोदी ने कहा- इंडी गठबंधन ने देश का काफी नुकसान किया है। बंटवारे के समय कांग्रेस वाले करतारपुर साहिब पर अपना हक नहीं जता पाये। वोट बैंक के चलते राम मंदिर का विरोध करते रहे। आजकल संविधान की रक्षा की बात करते हैं। यह वे लोग हैं, जिन्होंने संविधान को नुकसान पहुंचाया था। 84 के दंगों में सिखों को गले में टायर बांध कर जलाया जा रहा था, तो इन्हें संविधान की नहीं सूझी। मोदी आरक्षण खत्म नहीं होने देगा। आरक्षण को लेकर इनके इरादे खतरनाक हैं। यह एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को दे देंगे।

---

**सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने विजय हांसदा के पक्ष में किया प्रचार, कहा**

## राहुल गांधी का हाथ मजबूत करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के मिल्लत उच्च विद्यालय श्रीकुंड के मैदान में गुरुवार को इंडिया गठबंधन की ओर से चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी से आए कवि सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, विशिष्ट अतिथि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता व कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने चुनावी सभा को संबोधित किया। क्या कहा इमरान प्रतापगढ़ी ने राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि मैं दिल्ली से राहुल गांधी का संदेश लेकर आया हूं। आप लोग विजय हासंदा को वोट देकर दिल्ली में राहुल गांधी का हाथ को मजबूत बनाएं। इमरान ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी के लोग संविधान बदलने की बात करते हैं। लेकिन 4 जून को जब परिणाम आएगा तब मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। इसलिए सभी मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट दें।



### इंडिया गठबंधन जीती तो हेमंत सोरेन और आलमगीर आयेंगे बाहर : राजेश ठाकुर

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह मैदान सूना-सूना लग रहा है क्योंकि हमारे नेता आलमगीर साहब हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए बोला कि ये लोग ईडी ,सीबीआई का गलत उपयोग कर सभी को जेल में डाल रहे हैं। पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाला और अब हमारे मंत्री आलमगीर आलम को जेल में डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम बाहर आ जाएंगे। इस दौरान इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा भी मौके पर मौजूद थे।

**स्वास्थय मंत्री बन्ना गुप्ता ने क्या कहा :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह गंगा जमुना की तहजीब है। इसे कायम रखने के लिए विजय हांसदा को विजयी बनाए। उन्होंने हेमंत सोरेन को शेर की संज्ञा दी और कहा कि शेर ने जेल से दहाड़ा है शेर अब बब्बर शेर हो गया है और शेर की पत्नी शेरनी हो गई है। दरअसल वह शेर हेमंत सोरेन और शेरनी कल्पना सोरेन को कह रहे थे।

# संताल और पहाड़िया की आबादी संताल में घटी भाजपा सरकार आने पर होगी जांच: बाबूलाल

## विकास के मुद्दे पर जनता भाजपा के साथ, संताल की तीनों लोकसभा सीटें जीत रहे

आजाद सिाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दुमका के होटल सुविधा में 30 मई को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संताल परगना क्षेत्र में संताल, पहाड़िया आदिवासियों की आबादी लगातार कम होना खतरे की घंटी है। जब संताल में पहाड़िया की आबादी घटी, तब बढ़ी किसकी है, यह जांच का विषय है। पाकुड़ के इलाके में पहाड़ियों के गांव उजड़ गये। जहां कभी पहाड़िया की आबादी थी, वहां घुसपैठियों की बड़ी आबादी है। घुसपैठ हुआ नहीं है, बल्कि जानबूझ कर झामुमो-कांग्रेस ने कराया है। हेमंत सोरेन सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशियों की घुसपैठ और अवैध खनन के कारण पाकुड़ एवं साहिबगंज के कई इलाकों में संथाल, पहाड़िया आदिवासी विस्थापित हो चुके हैं। उनके बारे में कोई चिंता नहीं करता है। भाजपा की सरकार बनने के बाद विशेष टीम का गठन कर इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

कांग्रेस और झामुमो ने अपने वोट बैंक को लेकर चुप्पी साध ली है। उनके लोगों ने जमीन ही नहीं छीनी, बल्कि बहू बेटियों को भी छीना। बेटियों को 50 टुकड़ों में काट कर फेंक दिया। इसके बावजूद इंडी गठबंधन ने आवाज नहीं उठायी। अगर बीजेपी आवाज नहीं उठाती, तो किसी पर कोई कार्रवाई नहीं होती। आये दिन इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं।

श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने जेल नहीं भेजा है। उन्हें एजेंसी और कोर्ट ने जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साहिबगंज में हो रहे अवैध पत्थर खनन के प्रति चिट्ठी लिख कर हमनॆ सचेत किया था। इस पर कार्रवाई करने की मांग की थी। मेरे पत्र के आलोक में सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके एक साल बाद बड़ा हादसा हो गया। हेमंत सोरेन अवैध पत्थर खनन के मामले में जेल में हैं।

श्री मरांडी ने कहा कि रांची के विधायक एवं पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने सदन में कहा था कि रांची के तत्कालीन डीसी हथियार का लाइसेंस देने के नाम पर तीन से पांच लाख रुपया ले रहे हैं। इस मामले पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। विपक्षी दल के विधायक का काम गलत चीजों को सरकार के संज्ञान में लाना है। कार्रवाई करना सरकार का काम है। आज एजेंसी ने जांच की, तो डीसी और हेमंत सोरेन जेल में हैं। हेमंत सोरेन ने राज्ये को लुटवाया है।

श्री मरांडी ने कहा कि तीनों सीट पर भाजपा ताकत के साथ लड़ रही है। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दौरा कर रहे हैं। अब तक झारखंड में सात दौरा पीएम मोदी कर चुके हैं। भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। झारखंड जैसे छोटे राज्य में प्रधानमंत्री ने सात कार्यक्रम किये है। इससे साफ है कि सूबे से उनका कैसा लगाव है।

संथाल की तीनों लोकसभा सीट पर भाजपा जीत रही है। संथाल के जो हालात हैं, किसी से छिपा नहीं है। यहां के आदिवासी संथाली और पहाड़िया बदहाल हैं। पीएम मोदी यहां के लोगों के लिए कई योजनाएं ले कर आये। उज्ज्वला गैस, आयुष्मान योजना, बिजली, सड़क जैसे काम पर राज्य की जनता भाजपा के साथ खड़ी है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संताल के उत्थान के लिए अटल बिहारी वाजपेयी ने संथाल समुदाय को 8वीं अनुसूची में शामिल किया। देश की राष्ट्रपति भी आदिवासी हैं, तो साफ संदेश है कि भाजपा आदिवासी की सुनती और काम करती है।

बाबूलाल ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार सिर्फ लूट में लगी है। चार साल में एक भी काम ऐसा नहीं किया, जिससे यहां के लोगों को गर्व हो। सरकार की वजह से संथाल और पहाड़ियां का अस्तित्व ही खतरे में आ गया। संथाल में सिर्फ अवैध खनन, घुसपैठियों और दलालों की चांदी है। यहां के लोगों की बदहाली नहीं बदली, बल्कि संथाल में पहाड़ियों की आबादी घट गयी। यह एक अलार्मिंग अलर्ट है।

# जुमलेबाजी की सरकार होगी तड़ीपार, बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : कल्पना सोरेन



कार्तिक कुमार

**पाकुड़/हिरणपुर।** भाजपा की सरकार को आदिवासी पसंद नहीं आता है। ये लोग हम लोगों को आदिवासी नहीं वनवासी कहते हैं। भाजपा की जुमलेबाज सरकार संविधान को बदलना चाहती है। उक्त बातें झामुमो के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने सदर प्रखंड के रहशपुर के ईदगाह मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार हमेशा से झारखंड को अपमानित करती आ रही है। भाजपा की सरकार को आदिवासी पसंद नहीं हैं। ये लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि भाजपा की सरकार झारखंडियों की कितनी हितैषी है। भाजपा की सरकार तो अब संविधान बदलने में लगी है। वहीं हिरणपुर फुटबॉल स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार ने झारखंड के बेटा हेमंत सोरेन को जेल में नहीं डाला है, बल्कि हमारे आदिवासियों के स्वाभिमान को जेल में डाला है। ये संथाल परगना है, जहां अंग्रेजों के खिलाफ पहले भी हूल उलगुलान हुआ है। वहीं हेमंत सोरेन को जेल में डालने पर झारखंड के हर वर्गो के मन में उलगुलान है। यह 1 जून को मतदान में दिखेगा। झामुमो पार्टी हमेशा से गरीब, गुरबा एवं निचले तबके के लोगों की हक की लड़ाई लड़ती आ रही है। हेमंत सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हेमंत सरकार में महिलाओं को मिलने वाला पेंशन, अबुआ आवास, छात्रवृत्ति योजना सहित अन्य कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। चाहे बच्चों की शिक्षा हो या रोजगार सृजन योजनाओं के तहत युवाओं को जोड़ना, ये सभी कल्याणकारी कार्य हेमंत सरकार के कार्यकाल में किया गया। हेमंत सोरेन ने 4 वर्षों में विकास की वो लकीर झारखंड में खींची है, जिसको मिटाना भाजपा के वश की बात नहीं है।

## रांची के प्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर पहुंचे लक्ष्मीकांत वाजपेयी, बोले

# भाजपा जीतेगी झारखंड की सभी 14 सीटें

आजाद सिपाही संवाददाता



### झारखंड के आदिवासी बेहद सरल और देशभक्त : वाजपेयी

उन्होंने कहा कि शेष झारखंड के आदिवासी बहुत ही सरल और देशभक्त हैं। वे सभी लोग भाजपा के साथ हैं। मोदी सरकार के साथ देश निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए वे भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा और उनके साथियों का झूठा प्रचार नहीं चलने वाला है।

**तमाड़।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग का प्रचार समाप्त होने से पहले भाजपा के झारखंड प्रभारी ने राजधानी रांची के तमाड़ स्थित प्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने दावा किया कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों की जीत होगी।

**रांची के दिउड़ी मंदिर में लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने की पूजा-अर्चना :** लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दिउड़ी मंदिर में मत्था टेका और मां का आशीर्वाद लिया। उन्होंने झारखंड की सभी सीटों पर भाजपा की जीत के लिए मन्नत भी मांगी। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि झारखंड में भाजपा 14 सीटें जीतने जा रही है। मोदी सरकार के जनहित में किये गए काम और झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार के बारे में जनता को बताकर हमने वोट मांगा है।

**हेमंत सोरेन और उनके गैंग के लोग ही उनके साथ रह गये :** लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि इंडी गठबंधन की ओर से यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि झारखंड में आदिवासियों ने भारतीय जनता पार्टी से दूरी बना ली है। इस पर करारा प्रहार करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके गैंग के लोग ही उनके साथ रह गये हैं।

उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। देश के लोग जानते हैं कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बिना किसी भेदभाव के अगर देश का कोई विकास कर सकता है, तो वो हैं नरेंद्र मोदी।

**पीएम मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है देश, झारखंड में बनेगी डबल इंजन की सरकार :** देश की जनता यह भी जानती है कि अगर देश किसी एक व्यक्ति के हाथों में सुरक्षित रह सकता है, तो वो हैं पीएम मोदी। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि झारखंड में विधानसभा का चुनाव एक रणनीति के तहत लड़ा जायेगा। एक बार फिर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

# चुनाव के दिन संथाल पर बरसेगी कृपा!

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संथाल परगना प्रमंडल के राजमहल, गोड्डा और दुमका सीट के लिए 1 जून को वोट डाले जाने हैं। मौसम केंद्र के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों तक प्रचंड गर्मी से राहत मिलना मुश्किल दिख रहा है, लेकिन इस मामले में संथाल के कुछ जिलों के लोग भाग्यशाली साबित होते दिख रहे हैं। 1 जून को उत्तर पूर्वी के कुछ जिलों में कहीं-कहीं मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तेज हवा के बीच हल्के दर्जे की बारिश की संभावना जतायी गयी है। चूकि संथाल परगना के ज्यादातर जिले उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में हैं, इसलिए वहां चुनाव के दिन प्रचंड गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

दरअसल, 1 जून को दुमका, राजमहल (साहिबगंज) और गोड्डा लोकसभा सीट के अधीन देवघर, जामताड़ा और पाकुड़ जिला भी आते हैं। मौसम केंद्र, रांची के अनुमान के मुताबिक वोटिंग के दिन देवघर और जामताड़ा में अधिकतम पारा 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। चुनाव के दिन दुमका और साहिबगंज में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। सिर्फ गोड्डा और पाकुड़ में 42 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। लिहाजा, देवघर, जामताड़ा, दुमका और साहिबगंज के वोटरों को हीट वेव को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। चूकि गोड्डा और पाकुड़ में 42 डिग्री तक पारा जाने की संभावना है, इसलिए वहां के वोटर सुबह के वक्त लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। अगर सुबह को वोट नहीं दे पाये, तो उनके पास शाम का विकल्प रहेगा। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि संथाल की तीनों सीटों पर होने वाले चुनाव पर हीट वेव असर नहीं डाल पायेगा।

## राजद ने अल्लाह के बंदे को छोड़ दिया

# हेमंत सोरेन को दाढ़ी बढ़ाने से नहीं मिलेगी सहानुभूति: शाहनवाज हुसैन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोड्डा ।** बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस चांद सितारे लाने का वादा करती है, वो जानती है कि सरकार में उसे आना नहीं है। राजद को लेकर कहा कि उसने सन ऑफ मल्लाह को गले लगाया और अल्लाह के बंदे को छोड़ दिया तो हेमंत सोरेन को बोला दाढ़ी बढ़ाने से नहीं मिलेगी सहानुभूति।

गोड्डा पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ अल्पसंख्यक नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने गोड्डा मे कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने वाली नहीं है। इसलिए कुछ भी वादा कर रही है और कह रही है कि चांद सितारे लाकर देगी। वहीं कांग्रेस पर हमला करते हुए बोला कि न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वे अल्पसंख्यकों के बीच भी जा रहे हैं और भाजपा से जुड़ने की अपील कर रहे हैं। साथी ही धर्म के आधार पर अल्पसंख्यक को आरक्षण में कोटा तय करना गलत है। वहीं हेमंत सोरेन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि दाढ़ी बढ़ा लेने से कुछ नहीं होगा, उनको लोगों की साहनुभूति नहीं मिलेगी। वो कोई आजादी की लड़ाई नहीं बल्कि भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए हैं। भोली भाली झारखंड की जनता को बेवकूफ न बनाएं। गौरतलब है कि जेल मे हेमंत सोरेन ने दाढ़ी बढ़ा ली है। अपने आपको गुरुजी के लुक में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

शहनवाज हुसैन ने बिहार की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें सिर्फ एक नई सीट जितनी है और इस बार 40 में 40 जीतना है। राजद का खाता नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार मे माय बाप की राजनीति हो रही है। एक तरफ मीसा और रागिनी बहन को टिकट दिया जा रहा दो दूसरी तरफ शहाबुद्दीन की बेवा को टिकट नहीं दिया। वहीं उन्होंने कहा कि राजद ने सन ऑफ मल्लाह मुकेश शहनी को गले लगाया और दूसरी ओर अल्लाह के लोगों को छोड़ दिया। अब साथ में मछली खाते ट्रेन की फोटो डालते हैं। हम हवाई जहाज के मंत्री रहे कोई फोटो आज तक नहीं डाला। शाहनवाज हुसैन ने मोदी जी के कार्यों की बड़ाई करते हुए लोगों से उनका साथ देने की अपील की।

# बीजेपी महिला मोर्चा ने संताल में जनसंपर्क अभियान चलाया, कहा:सीता सोरेन हमारी नेता

आजाद सिपाही संवाददाता



### जेएमएम पर लगाये ये आरोप


कहा, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के करीबी के यहां से नोटों का पहाड़ मिल रहा है। झारखंड के आधा दर्जन बड़े पदाधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा रहे हैं। इन भ्रष्टाचारियों से कभी भी झारखंड का भला नहीं हो सकता है। कांग्रेस ने पिछले 50 साल से आम जनता का शोषण ही किया है। आम जनता की भलाई के बारे में कभी भी नहीं सोचा। बीजेपी की सरकार जब से आयी है, तब से जनहित में ही काम कर रही है।

**जामताड़ा।** बीजेपी महिला मोर्चा ने संताल में चार दिवसीय दौरा किया और जनसंपर्क अभियान चलाया। कहा, सीता सोरेन हमारी नेता हैं। बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, सुचित्रा सिंह, प्रभारी बबीता झा चार दिवसीय संताल परगना दौरा पर धोबना पंचायत पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने दर्जनों गांवों में दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कडबिंधा, दामोडीह, अमड़ापहाड़ी, जोरडीहा, झांझर, जगतपुर, लखनपुर, रामगढ़, भातुडिया बी, बौडिया गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश की बागडोर मजबूत हाथों में सौंपने के लिए अपना एक-एक मत बीजेपी को दें। उन्होंने कहा कि दुमका लोकसभा के मजबूत नेतृत्व के लिए हम लोगों ने रावण के चंगुल से सीता को मुक्त करा कर बीजेपी में लाया है।

**क्या कहा बबीता झा ने :** बबीता झा ने कहा कि दुमका के सर्वांगीण विकास के लिए फिर से एक बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि आज चीन और पाकिस्तान को भारत की तरफ देखने के लिए भी सोचना पड़ रहा है। नक्सलियों का सफाया हो रहा है। देश में कांग्रेस ने 50 वर्षो तक शासन किया ,मगर जब अलग झारखंड की बात आयी, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने सौदेबाजी की। अलग झारखंड आंदोलन को कांग्रेस के हाथों बेच दिया। बीजेपी की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने अलग झारखंड निर्माण करने का काम किया। एक मात्र भारतीय जनता पार्टी ही गरीबों का दुख दर्द समझती है। बीजेपी के शासन काल में झारखंड में सड़क, पुल पुलिया, अस्पताल, स्कूल, उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त में गैस चूल्हा, प्रधानमंत्री आवास, किसानों को किसान समृध्दि योजना से लेकर तमाम विकास के काम हुए।

# हेमंत सोरेन और आलमगीर के कारण बदनाम हो रहा है संताल : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



### संताल का महत्व बताया

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चांद भैरव, सिदो कान्हू, फूलो झानो जैसे क्रांतिकारी, जिन्होंने हूल क्रांति की नींव इसी संताल परगना की पावन धरती से रखी थी, ऐसी पवित्र धरती को आज झारखंड सरकार कलंकित कर रही है। आज भोगनाडीह में जनजातीय संख्या घट गयी है। वहीं बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या संताल परगना में पिछले कुछ वर्षों में बढ़ कर 35% हो गयी है। हिंदुओं की आबादी घट कर 11% हो गयी है। पूरे देश में 8% हिंदू आबादी में कमी आयी है, जबकि 45% मुस्लिम आबादी बढ़ गयी है। संवाददाता सम्मेलन में साहेबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के साहिबगंज जिला अध्यक्ष विनोद चौधरी उपस्थित रहे।

**साहिबगंज।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने गुरुवार को साहिबगंज में कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और मंत्री आलमगीर आलम के कारण संताल का नाम बदनाम हो रहा है। कहा कि इस बार एनडीए 400 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेगी। वहीं झारखंड की सभी 14 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के प्रत्याशी जीत रहे हैं। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष, झारखंड विधानसभा अमर कुमार बाउरी गुरुवार को साहिबगंज में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजमहल, गोड्डा और दुमका लोकसभा चुनाव में 1 जून को मतदान होना है। इन सभी तीन सीटों पर 140 करोड़ जनता के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीट पर जीत हासिल करेगा। मोदी तीसरी बार देश की कमान संभालेंगे।

**देश दुनिया के मीडिया में सुर्खियों में है संताल :** अमर कुमार बाउरी ने कहा कि संताल परगना वर्तमान में देश दुनिया की मीडिया में सुर्खियों में है। क्योंकि संताल परगना में विशेष रूप से भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण की राजनीति झारखंड की झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार कर रही है।

वर्ष 2019 में जब से राज्य में महाठगबंधन की सरकार आयी है, तब से लेकर आज तक राज्य के हर क्षेत्र में इस सरकार के नेताओं और अधिकारियों ने लूटने का काम किया है। वहीं संताल परगना की बात करें तो बरहेट के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में आज जेल में बंद हैं। पाकुड़ से कांग्रेस के विधायक और कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम के कर्मचारियों के घर से 35 करोड रुपये बरामद किये गये। आज पाकुड़, बरहेट सहित संताल परगना की जनता बदनाम हो रही है, जिसका जवाब इस बार के आम चुनाव में जनता देगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 68,300 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो



# नामकुम गैंग रेप कांड के चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** सेना की जवान की पत्नी के साथ दुष्कर्म मामले में नया खुलासा हुआ है। दरअसल, दुष्कर्म के बाद चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ में जो बातें सामने आयीं, वह हैरान करने वाली हैं। आरोपियों ने बताया कि वे लोग ठेकेदारी का काम करते हैं। जवान ने अपना घर बनाने काम उन्हें ही दिया था।

हालांकि स्थानीय ठेकेदार होने के नाते जवान ने दबाव में आकर काम उन्हें दिया था। घर का निर्माण कार्य शुरू हो गया। इस बीच कुछ पिलर टेढ़ा-मेढ़ा बन गया। इस बात से नाराज जवान ने अर्धनिर्मित मकान को किसी दूसरे ठेकेदार को सौंप दिया था। इसी वजह से गुस्साये ठेकेदारों ने जवान की पत्नी के साथ दुष्कर्म करके बदला लिया।

**पुलिस ने किया नया खुलासा**




**जवान की पत्नी के साथ हुआ था सामूहिक दुष्कर्म**

28 और 29 की मध्य रात्रि को कोकर में एक जवान की पत्नी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। रात के 12 बजे अचानक कुछ लोग जवान की अर्धनिर्मित पत्नी के घर में घुस कर सामूहिक बलात्कार किया। घटना को अंजाम देने के बाद चारों वहां से फरार हो गये थे। इसके बाद अगली सुबह जवान की पत्नी ने कोकर थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की। सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उन्होंने बताया कि बदले की भावना में उन्होंने ऐसा किया। फिलहाल चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# बाइकर्स उड़ा रहे चेन महिलाओं का छिन रहा चैन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में बाइकर्स गैंग का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। वारदात-दर-वारदात पुलिस की पोल खुल रही है। सड़क पर बाइकर्स गैंग का आतंक बढ़ गया है। हाइवे पर महिलाओं के साथ स्नैचिंग की घटना के बाद लोगों में भय का माहौल है। पुलिस इन वारदातों से निपटने में विफल साबित हो रही है। गिरोह में नये उम्र के लड़के हैं। बाइकर्स गिरोह अलग-अलग क्षेत्रों से आते और घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। आलम यह हो गया है कि अगर आप इन दिनों खासकर महिलाएं अकेले सड़क पर घूमने का मन बना रही हैं, तो जरा संभल जाये, क्योंकि इन दिनों बाइकर्स गैंग का आतंक है। बाइकर्स हवा की तरह आते हैं और गले से सोने की चेन लेकर फरार हो जा रहे हैं। इससे राजधानी की महिलाओं का चैन छीन गया है। कुछ दिन पहले सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में बाइकर्स गैंगे रुपये का थैला लेकर फरार हो गया। यह घंटना अभी लोग भूल ही रहे थे कि बुधवार की शाम बाकईर्स ने दो और घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी। हम आपको ये बात डराने के लिए नहीं, बल्कि सावधान करने के लिए बता रहे हैं। बाइकर्स गैंग ने चुटिया और हिंदपीढ़ी में महिला का चेन गले से छीन लिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीयूजे के आठ छात्रों को ताइवान की छात्रवृत्ति



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय विश्वविद्यालय के आठ मेधावी छात्रों ने ताइवान स्कॉलरशिप प्राप्त कर अपने शैक्षणिक और सांस्कृतिक अनुभव को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर प्राप्त किया है। ताइवान शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए हुआयु संवर्द्धन छात्रवृत्ति परिणाम जारी किया है। इसमें सीयूजे के आठ चीनी भाषा के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया है। इनमें तानिया छाया, नीरज कुमार, अमरेंद्र कुमार, करन कुमार, कुमारी श्रुति, सुधा कुमारी, मैत्रेयी आलोक और रूपाली शर्मा शामिल हैं। इस स्कॉलरशिप के माध्यम से ये छात्र ताइवान के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे। वहां की समृद्ध संस्कृति को नजदीक से जानने का अवसर पायेंगे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में एस्पायर लीडरशिप प्रोग्राम



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी सभागार में एस्पायर लीडरशिप प्रोग्राम के तहत ओरिएंटेशन टॉक का आयोजन किया गया। इसके तहत छात्रों को इंटर्नशिप और स्किल सर्टिफिकेट प्रोग्राम के बारे में विस्तार से बताया गया। अंकिता आर्या और स्मृति ने बताया कि एस्पायर इंस्टीट्यूट छात्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से उन छात्रों को, जो वंचित और निम्न आय वर्ग से आते हैं। अंकिता आर्या ने कहा कि छात्रों में नेतृत्व विकास, संचार, महत्वपूर्ण सोच और समस्या समाधान जैसा आवश्यक कौशल प्राप्त करने में मदद प्रदान करना ही संस्थान का उद्देश्य है। को-ऑर्डिनेटर डॉ विनय भरत ने कहा कि पहले छात्र ज्ञान अर्जन के लिए खुद ही उत्सुक रहते थे। अब शिक्षकों को उनके ही हित में उत्सुक करना पड़ रहा है। पहले छात्र विश्वविद्यालय तक जाते थे। अब विश्वविद्यालय खुद छात्रों के पास आ रहा है। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका द्विया प्रिया, सुमित मिंज, निशांत कुमार दुबे, सौरभ मुखर्जी मौजूद थे। कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य और रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने इसके लिए टीम को बधाई दी।

### डोरंडा कॉलेज में शारीरिक विकास की दी गयी जानकारी



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा कॉलेज में स्त्री-प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ स्वाति लाल ने बच्चियों को स्वच्छता की जानकारी दी। गुरुवार को उन्होंने कॉलेज की छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से बालिकाओं को उनके दैनिक जीवन मे होने वाले शारीरिक और मानसिक विकास की जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा, प्रो रजनी भगत, ममता प्रिया कुजूर ने आम जिंदगी में स्वच्छता के महत्व को बताया। सुशील कुमार झा, ओंकार कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### सीएमपीडीआइ में सीटू ने मनाया स्थापना दिवस




रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ में सीटू द्वारा अपना 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। सीटू सीएमपीडीआइ शाखा के अध्यक्ष समीर विश्वास ने यूनियन का झंडा फहराया। कहा कि यूनियन हमेशा श्रमिकों के उत्थान और कोयला उद्योग की प्रगति के लिए प्रयत्नशील रही है। इस भावना को और प्रगाढ़ करना ही सभी यूनियन सदस्यों का कर्तव्य है। मौके पर रोहित सिंह, राजेश सिन्हा, भूपेंदर सिंह, दीपांकर कुंवर, नरेंद्र सिंह, राम प्रसाद मैती, गीता देवी, बरनाली बानिक, साजिदा खातून, जवा रॉय, विनोद सिंह, सुभाशीष बनर्जी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल में पहली बार सरकुलर स्टेपलर से बवासीर का सफल ऑपरेशन



रांची (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल के सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने गुरुवार को एक और उपलब्धि हासिल की। अस्पताल में पहली बार सरकुलर स्टेपलर के द्वारा बवासीर का ऑपरेशन किया गया। मिनिमल इनवेसिव सर्जरी विधि से सरकुलर स्टेपलर के द्वारा ग्रेड 3 बवासीर का ऑपरेशन किया गया। इस ऑपरेशन में रक्तस्राव बिल्कुल नहीं होता है और मरीज को दर्द नहीं के बराबर होता है। साथ ही मरीज अगले दिन ही छुट्टी पर जा सकता है। आमतौर पर कॉरपोरेट और निजी अस्पतालों, एक-दो सरकारी अस्पतालों में ऑपरेशन होता है। मोरहाबादी के रहने वाले 27 वर्षीय युवक को पिछले कुछ दिन से मलद्वार के रास्ते से अत्यधिक खून आ रहा था। कुछ मांस जैसा बाहर आने की शिकायत हो रही थी। इसे मेडिकल साइंस में ग्रेड 3 हेमोरॉयड या बवासीर कहते हैं। सरकुलर स्टेपलर के द्वारा बवासीर का सदर अस्पताल में पहली बार ऑपरेशन किया गया। मरीज बिलकुल स्वस्थ है। सब कुछ ठीक रहने पर शुक्रवार को छुट्टी दे दी जायेगी। ऑपरेशन करने वाले टीम में लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर दीपक, डॉ विकास बल्लभ, ओटी असिस्टेंट नीरज, शशि आदि शामिल थे।

## ज्योति संगम दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव मना




रांची (आजाद सिपाही)। ज्योति संगम श्री दुर्गा मंदिर अपर बाजार का 20वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह 9 बजे से मंदिर में विशेष पूजा की गयी। दोपहर एक बजे से मारवाड़ी उच्च विद्यालय में महाभंडरा का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 10 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम सात बजे से ज्योति संगम चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समक्ष बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर मां दुर्गा की महाआरती की गयी। इसके बाद छप्पन भोग, हलवा का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में चंद्रभान खत्री, अंकित गुप्ता, दीपक कुमार पंकज, अविनाश कुमार, राजकुमार गुप्ता, मनोज बक्सरिया, हेमंत पोद्दार, अजय बाथवाल, रवींद्र सैनी, श्याम नारायण दयाल, अमर मोदी, प्रमोद लोहिया, गौतम वर्मा, प्रखर लोहिया, अमित व्यास, राजेश मक्कड़, शिव गुप्ता, अशोक गुप्ता, वेद प्रकाश सिंह आदि का योगदान रहा।

## साहित्य अकादमी से सम्मानित केके झा का निधन



रांची (आजाद सिपाही)। मैथिली भाषा में लघुकथा रुसल अछि गाछ के लिए वर्ष 2020 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे डॉ कमलकांत झा का निधन गुरुवार को एम्स दिल्ली में हो गया। वे 91 वर्ष के थे। अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद झारखंड प्रदेश के महासचिव अजय झा ने बताया कि कमलकांत झा बिहार के मधुबनी जिले कलुवाही ग्राम में जन्मे थे। डॉ झा बाल स्वयंसेवक थे। वर्षों तक जिला कार्यवाहक रहे। 1962 से ही लेखन कार्य प्रारंभ किया। 1965 में जयनगर कॉलेज में मैथिली के लेक्चरर से शुरुआत हुई और प्रोफेसर भी बने। 2003 में सेवानिवृत्त हुए। इन्होंने मैथिली के संग हिंदी में भी लगभग 25 पुस्तकें लिखीं। उनके निधन पर अमरनाथ झा, राजेश झा, गंगाप्रसाद यादव, डॉ आभा झा, पंकज झा, उगन कुमार दास, महेश्वर साह, महेश्वर सहनी, बीरेंद्र झा, यतींद्र दास, राजकुमार पोद्दार सहित अन्य ने शोक जताया।

## सेंटेविटा अस्पताल ने चलाया बीट द हीट अभियान




रांची (आजाद सिपाही)। सेंटेविटा अस्पताल ने रांची पुलिस के समर्थन में बीट द हीट अभियान चलाया। इसके तहत शहर में ड्यूटी पर तैनात रांची पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के जवानों को रेडी टू ड्रिंक ओआरएस के साथ थैंक यू कार्ड भी दिया गया, ताकि ड्यूटी पर तैनात जवानों में ताजगी बनी रहे। इस अभियान के माध्यम से सेंटेविटा अस्पताल ने संदेश दिया कि मुश्किल परिस्थितियों में भी हम सबके साथ खड़े हैं।

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में एडमिशन फार्म 10 जून तक

रांची (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी स्नातक पार्ट वन प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन के लिए आवेदन अब 10 जून तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से जमा होगा। जो भी छात्राएं जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के यूजी पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए इच्छुक हैं, उनके लिए एडमिशन कमेटी द्वारा विशेष निर्णय लिया गया है। छात्राओं और अभिभावकों की मांग पर एडमिशन कमेटी ने उक्त निर्णय लिया।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची (आजाद सिपाही)। पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के चार आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में गुरुवार को बरी कर दिया। इस मामले में ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने पीड़िता सहित पांच गवाह पेश किये थे, लेकिन यह गवाह साबित नहीं कर पाये कि आरोपित युवकों ने ही सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद पोक्सो की विशेष कोर्ट ने चारों आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। आरोपितों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। पीड़िता के पिता के जरिये दर्ज करवायी गयी प्राथमिकी के अनुसार 27 दिसंबर 2023 को एक शादी समारोह में जाने के दौरान पीड़िता का परिचित मनीष उरांव और उसके दोस्त बिजला उरांव, संदीप उरांव और प्रकाश उरांव ने अगवा कर दुष्कर्म किया।

# इस्पात परियोजनाओं के लिए समय पर क्रियान्वयन बड़ी चुनौती: सचिव

**इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेकॉन लिमिटेड ने भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में सेल के साथ मिलकर 30 और 31 मई को एमटीआइ में इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आइकॉन्स) का आयोजन किया। पहले दिन मेकॉन के अध्यक्ष सह एमडी संजय कुमार वर्मा ने विषयवस्तु से अवगत कराया। उद्घाटन इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा, अतिरिक्त सचिव सुकृति लिखी, संयुक्त सचिव अभिजीत नरेंद्र, डॉ संजय रॉय, सीएमडी एनएमडीसी अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी मॉयल अजीत कुमार सक्सेना, सीएमडी संजय कुमार वर्मा, अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि आज भारत में स्थापित की जा रही इस्पात परियोजनाओं के लिए सावधानीपूर्वक परियोजना नियोजन और समय पर क्रियान्वयन बड़ी चुनौतियों में से एक है। हमें इस्पात परियोजनाओं को सुदृढ़ बनाये रखने और उनकी दीर्घकालिक स्थिरता के लिए अपनी परियोजनाओं को समय पर क्रियान्वित करने के नवोन्मेषी उपाय खोजने की आवश्यकता है।

संयुक्त सचिव अभिजीत नरेंद्र ने कहा कि यद्यपि हम इस्पात उत्पादन में दूसरे स्थान पर हैं, लेकिन इस्पात उद्योग के लिए मशीनरी बनाने में हमारी सीमाएं हैं। उन्होंने सभी हितधारकों को शामिल करने वाले इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया।

एनएमडीसी के सीएमडी ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम सबसे युवा और जीवंत राष्ट्र हैं। भारत मूल रूप से सेवा क्षेत्र आधारित राष्ट्र है। विनिर्माण क्षेत्र को पर्याप्त रूप से विकसित करने की आवश्यकता है। मॉयल के सीएमडी ने कहा कि पूंजीगत वस्तु क्षेत्र अर्थव्यवस्था का व्यापक रणनीतिक हिस्सा है।

मेकॉन के सीएमडी ने राष्ट्रीय इस्पात नीति के बारे में बताया और कहा कि 300 मिलियन टन इस्पात क्षमता तक पहुंचने के लिए नीतिगत लक्ष्य के अनुसार अगले सात-आठ वर्षों में लगभग 138-139 मिलियन टन नयी क्षमता जुड़ने का अनुमान है, जिसमें भारतीय इस्पात उद्योग से 120-130 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापक निवेश शामिल है। सम्मेलन के पहले दिन चार तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान विनिर्माण कंपनियों, लौह-इस्पात उत्पादकों, उपकरण आपूर्तिकर्ता, इंजीनियरिंग और परामर्श कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद थे।

# मालाबार समूह की पहल: कोई भूखा न रहे

## रोज 51 हजार भोजन का पैकेट वितरित करने का लक्ष्य




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुनिया के छठे सबसे बड़े ज्वेलरी ग्रुप मालाबार ने सीएसआर कार्यक्रम भूख मुक्त दुनिया के तहत कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में भोजन के पैकेट वितरित किये। देश भर के जरूरतमंदों के लिए भूख मुक्त विश्व परियोजना के तहत 51 हजार पौष्टिक भोजन के पैकेट वितरित किये।

मालाबार समूह ने प्रति दिन 51 हजार पौष्टिक भोजन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मालाबार ग्रुप झारखंड के इरबा, कामता, बुढ़िबागी और ऊपर कोनकी में लगभग 1700 पैकेट पौष्टिक भोजन का वितरण किया। ओड़िशा और पश्चिम बंगाल सहित पूर्वी क्षेत्र में भी 5700 पैकेट भोजन वितरित किये गये। मालाबार समूह के अध्यक्ष एमपी अहमद बताते हैं कि वर्तमान में यह कार्यक्रम खाड़ी देशों के कुछ केंद्रों के अलावा केंद्र शासित प्रदेशों सहित 16 राज्यों के 37 शहरों में चल रहा है। आगे 16 राज्यों के 70 शहरों को कवर करने की योजना है। इसके अलावा मालाबार ग्रुप अफ्रीकी देश जांबिया में स्कूली बच्चों के लिए भी यही कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है। समूह अपने कार्यक्षेत्रों से होने वाले मुनाफे का पांच प्रतिशत सामाजिक कल्याण गतिविधियों के लिए सीएसआर फंड के रूप में निर्धारित करता है। समूह पहले ही ऐसे सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के लिए 246 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है।

## मानव तस्कर पन्नालाल की जमानत याचिका खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। एनआइए की विशेष कोर्ट ने कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो को जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने पन्नालाल महतो की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। बता दें कि उस पर झारखंड की गरीब बेटियों को बहला फुसलकर काम दिलाने के बहाने बड़े-बड़े महानगरों में बेचने का आरोप है। इस अपराध में पन्ना लाल महतो की पत्नी सुनीता देवी भी आरोपी है। पन्नालाल महतो और उनकी पत्नी पर 15 साल में 5000 गरीब बच्चियों का सौदा कर 80 करोड़ रुपये अर्जित करने का आरोप है। तीन प्लेसमेंट कंपनी के जरिये झारखंड के बच्चियों को काम दिलाने के नाम पर देश के बड़े-बड़े महानगरों में ले जाकर बेच दी जाती थी, जिसको लेकर ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट खूंटी थाने में 3 जुलाई 2019 को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# संत जेवियर्स कॉलेज में 'गौरव और गरिमा के साथ विकास:आदिवासियों के संदर्भ में' विषय पर व्याख्यान

**जेवियर इकॉनोमिक सोसाइटी का गठन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के अर्थशास्त्र विभाग और आइक्यूएसी द्वारा गुरुवार को 'गौरव-गरिमा के साथ विकास: आदिवासियों के संदर्भ में' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मौके पर जेवियर इकॉनोमिक सोसाइटी का गठन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर फादर एन लकड़ा, मुख्य अतिथि डॉक्टर जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे और प्राध्यापकों द्वारा किया गया। व्याख्यान में अर्थशास्त्र विभाग ने विषय पर प्रकाश डालते हुए जनजातीय स्थिति और भूमिका को स्पष्ट करने का प्रयास किया। प्राचार्य डॉ एन लकड़ा, एसजे ने अर्थशास्त्र की भूमिका बताते हुए कहा कि बिना अर्थशास्त्र के हम कुछ भी नहीं सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकास की दशा और दिशा सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे किसी का अहित ना हो सके। संवैधानिक और मौलिक शिक्षा का ज्ञान भी जरूरी है। अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ मारकुस बारला ने डॉक्टर मारियानुस कुजुर एसजे की शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि उनका दृष्टिकोण छात्रों के बीच व्यावहारिक सीख, प्रतिभा एवं नव-विचारों को प्रदर्शित करना और भूमिकाएं विकसित करना है। डॉ धीरजमणि पाठक ने छात्रों के लिए सांस्कृतिक गतिशील आकांक्षाएं और सामान्य संसाधनों के आदान-प्रदान की बात कही। डॉक्टर जोसेफ मारियानुस कुजुर, एसजे ने कहा कि जनजातियों के पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण खुद की पहचान को स्थापित न कर पाना है। उन्होंने बताया कि पहले स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के रूप में परिभाषित किया जाता था, लेकिन अब यह सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक के रूप में बदल चुका है। उन्होंने जनजातीय स्थिति को जनसंख्या के आधार पर दर्शाते हुए एक आंकड़ा प्रदर्शित किया, जिसमें 2001 की जनजातीय जनसंख्या को 84 मिलियन बताया और 2011 की जनजातीय जनसंख्या के आधार पर 121 मिलियन बताया। उन्होंने बताया कि सरकार की बहुत सी योजनाएं इसलिए सफल नहीं हो पातीं, क्योंकि मानव विकास को ज्यादा तव्वजो न देते हुए उसके आर्थिक विकास पर ध्यान देते हैं। उनका कहना था कि जनजातीय समुदाय के लिए भूमि ही जीवन है। वे भूमि के रखवाले माने जाते हैं। जनजातीय समुदाय की आत्मा प्रकृति में उपस्थित पेड़-पौधों, जंगल, जमीन, जानवर आदि में बसती है। यह सही समय है कि हम समावेशी और सतत विकास के लिए आदिवासी विकास के दृष्टिकोण पर फिर से विचार करें। व्याख्यान में रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, परीक्षा नियंत्रक प्रो बीके सिन्हा, विभागाध्यक्ष डॉ मारकुस बारला, डॉ विनय कुमार पांडेय, डॉ धीरजमणि पाठक, प्रो जेबा अशरफ, प्रो आशीष रंजन, प्रो अंशु निभा कुजूर और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो जेबा अशरफ ने किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 42.0 °c | 30.2 °c |

सूर्यास्त (आज) : 17.09 बजे
सूर्योदय (कल) : 05.57 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 31 मई, 2024
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड विधानसभा की गठित समितियों के कार्यकाल को मिला विस्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** वर्ष 2023-24 के लिए झारखंड विधानसभा की गठित समितियों के कार्यकाल को विस्तार दिया गया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय ने गुरुवार को अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार जब तक विधानसभा की नयी समितियों का गठन नहीं हो जाता तब तक उक्त तिथि तक 2023-24 के लिए गठित समिति को विस्तारित कर दिया गया है। यानी वर्तमान में गठित विभिन्न समितियां अपना कार्य करती रहेंगी। वहीं हिंदी विद्यापीठ से शैक्षणिक योग्यता की उपाधि लेकर नौकरी पाने वाले सचिवालय के दो सहायकों को बैक डेट से आर्थिक लाभ देते हुए प्रमोशन दिया गया है।

### 2 जून को दुमका-गोड्डा से चलने वाली ट्रेनें देर से रवाना होंगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** रेलवे की ओर से कुछ ट्रेनों के परिचालन देर से किया जायेगा। इस संबध में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से जानकारी दी गयी है। बताया गया है कि पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन में लेवल क्रॉसिंग धरहरा और मधुसू स्टेशन के बीच सीमित ऊंचाई वाले सबवे का निर्माण चल रहा है। इस कार्य के लिए दो जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक छह घंटे के लिए इस रूट पर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक रहेगा। इसके चलते यहां से गुजरने वाली 44 मेल एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में से तीन ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। कुछ अन्य ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ओरिजिनेट और रिशिड्यूल करने का निर्णय लिया गया है। 13334 पटना-दुमका एक्सप्रेस को पटना से निर्धारित प्रस्थान समय से पांच घंटे देरी से शुरू करने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। 12335 गोड्डा लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को गोड्डा से निर्धारित प्रस्थान समय से 4 घंटे देरी से शुरू करने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। 13333 और 13334 पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस को भागलपुर से ही शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ओरिजिनेट किया जायेगा।

### कल इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे सीएम

**रांची (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की समाप्ति के दिन एक जून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडी गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक बुलायी है। बैठक में गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं को बुलाया गया है। इसमें लोकसभा चुनाव के संभावित परिणाम और चुनाव अभियान की समीक्षा की जायेगी। बैठक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोरेन भी शामिल होंगे। वे एक जून को दिल्ली जायेंगे।

### काली मंदिर डोरंडा का महोत्सव 5 जून से



**रांची (आजाद सिपाही)।** मां काली जगदंबा मंदिर डोरंडा मणिटोला का तीन दिनी बड़ा पूजा महोत्सव 5 जून से प्रारंभ हो जायेगा। पहले दिन शाम छह बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली जायेगी। मंदिर के पवन पासवान ने बताया कि इसके लिए ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और जमशेदपुर के कलाकारों को खास तौर से आमंत्रित किया गया है। 7 जून को मां का विशेष भोग बंटेगा।

### डीजे संदीप हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी को 4 दिन के लिए रिमांड पर लिया

**रांची (आजाद सिपाही)।** एक्सट्रीम स्पोर्ट्स ग्रील बार में मारपीट, गोलीबारी और हत्याकांड मामले रांची पुलिस ने मुख्य अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ विक्की को चार दिन की रिमांड पर लिया है। कोर्ट से रिमांड मिलने पर चुटिया थाना पुलिस ने गुरूवार शाम को होटवार जेल से अभिषेक को लेकर चुटिया थाना पहुंचीं, जहां उससे वरीय पुलिस अधिकारियों द्वारा पूछताछ शुरू कर दी गयी है। अब उससे हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### अतिक्रमण के चलते वेंडर मार्केट की 70 खाली दुकानों में लगा ताला

**रांची (आजाद सिपाही)।** नगर निगम द्वारा अटल स्मृति वेंडर मार्केट में अतिक्रमण के चलते 70 खाली दुकानों पर ताला लगाया गया। मार्केट के ग्राउंड और पहले तल्ले पर सर्जना चौक से कचहरी चौक तक के वेंडरों को लॉटरी के माध्यम से चबूतरे आवंटित किये गये थे, जिसके बाद सर्जना चौक से कचहरी चौक तक के इलाके को नो वेंडिग जोन घोषित किया गया था। आवंटन के बाद 70 चबूतरे खाली रह गये थे, जिसे निगम ने आवंटित नहीं किया था। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कई वेंडर के द्वारा खाली चबूतरे पर कब्जा कर लिया गया है। इसके बाद प्रशासक के निर्देश पर दुकानदारों को चिह्नित कर कार्रवाई करने और खाली दुकानों में तालाबंदी के लिए कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने पाया कि लगभग 30 दुकानदारों ने खाली चबूतरे पर अतिक्रमण कर अपनी दुकान का विस्तार किया है। इस पर कमेटी ने अतिक्रमण हटाते हुए भविष्य में ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी है।

### कार्यपालक दंडाधिकारी साधना जयपुरियार समेत तीन को तीन-तीन साल की सजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने जेट्रोफा की खेती के नाम पर सरकारी राशि का घोटाला करने के आरोपी तत्कालीन मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी साधना जयपुरियार समेत तीन को तीन-तीन वर्षों की सश्रम कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। जानकारी के अनुसार जिले के मनिका प्रखंड में वर्ष 2010 में जेट्रोफा प्लांटेशन के नाम पर घोटाला किया गया था। तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी साधना जयपुरियार, ग्राम विकास सेवा समिति एनजीओ के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, सचिव सत्येंद्र यादव के खिलाफ मनिका थाना कांड संख्या 76-10 भादवि की धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत मामला तत्कालीन उप विकास आयुक्त सीपी बाखला ने दर्ज कराया था।

### इंडिया गठबंधन की स्थिति मजबूत : राजेश गुप्ता



**रांची (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 1 जून को झारखंड में लोकसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में गोड्डा से प्रदीप यादव, राजमहल से विजय हंसदा और दुमका से नलिन सोरेन की जीत पक्की है। सभी सीटें इंडिया गठबंधन एक तरफा जीत रही है और झारखंड के 14 में से 8 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत निश्चित होगी। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने संथाल के दौरे से लौटने के पश्चात रांची में एक प्रेस वार्ता में कही। श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी संथाल परगना क्षेत्र में मजबूती से इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनसंपर्क, नुक्कड़ सभा, और रैली के माध्यम से मतदाताओं को इंडिया गठबंधन को वोट करने के लिए प्रेरित की। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता सहित सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, दिलीप वर्मा, महासचिव अजय मेहता, शुभम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## गर्मी से झुलस रहा झारखंड, 18 जिलों में चल रही है हीट वेव

# सात की मौत, 47.4 डिग्री पारा

- गिरिडीह, लातेहार में सैकड़ों चमगादड़ की मौत
- रांची का अधिकतम तापमान 42 डिग्री
- बिजली कट से बढ़ी परेशानी, रतजगा कर रहे लोग
- राजधानी में शाम बूंदाबांदी, बढ़ी उमस



**गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सावधानी बरतें**

- जरूरी न हो तो घर से नहीं निकलें
- खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें
- यात्रा करने के दौरान अपने साथ बोतल में पानी जरूर लेकर चलें
- एक छतरी, टोपी या गमछा का इस्तेमाल सिर-चेहरे को ढकने के लिए करें।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 24 में से 18 जिलों में हीट वेव चल रहा है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी इसका असर दिखने लगा है। लू से गुरुवार को गिरिडीह जिले में एक बिरहोर की मौत हो गयी। सरायकेला में 2 लोगों की गर्मी से मौत हो गयी। साथ ही पलामू में भी दो दिन में चार की मौत हो चुकी है। लातेहार और गिरिडीह में सैकड़ों चमगादर मर गये। राजधानी रांची का तापमान 42 डिग्री रहा। वैसे राजधानी में गुरुवार की शाम बूंदाबांदी हुई, लेकिन इससे भी राहत नहीं मिली। उमस और बढ़ गयी। आलम यह है कि न दिन को चैन है, न रात को सुकून। बिजली कट के कारण परेशानी और बढ़ गयी है। लोग रतजगा कर रहे हैं। फिर पलामू सबसे गर्म जगह रहा। यहां का उच्चतम तापमान 47.4 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि शुक्रवार को भी झारखंड में कई जगहों पर भीषण गर्मी पड़ेगी। लू चलेगी। पलामू और गढ़वा को हीट वेव से राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 1 जून को भी झारखंड के उत्तर-पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं उष्ण लहर चलेगी। कहा कि 1 जून को ही उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

**गुरुवार का तापमान**

| शहर | अधिकतम पारा |
|---|---|
| रांची | 42.0 |
| जमशेदपुर | 42.8 |
| डाल्टेनगंज | 47.4 |
| बोकारो | 43.9 |
| चाइबासा | 44.8 |
| देवघर | 40.6 |
| गिरिडीह | 41.6 |
| गढ़वा | 47.1 |
| सरायकेला | 46.3 |

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — परिस्थिति में सुधार, नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। आर्थिक लाभ। स्वास्थ्य अच्छा।
- **वृष** — रोजगार के क्षेत्र में सफलता। यशस्वी कार्य करने का अवसर। राजनीतिक लाभ। धन लाभ होगा।
- **मिथुन** — रुका हुआ काम पूरा होगा। सुख-सौहार्द की वृद्धि। परिवार में मांगलिक कार्य का संपादन।
- **कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि। धन-द्रव्य का लाभ। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल होगी।
- **सिंह** — रोजगार के अवसर बनेंगे। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। प्रेमप्रसंगों में उलझन होगी।
- **कन्या** — जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे। नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।
- **तुला** — काम-काज की स्थिति में सुधार। अत्यधिक कार्यव्यस्तता। नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।
- **वृश्चिक** — संकल्पित कार्य पूरे होंगे। आकस्मिक लाभ। स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **धनु** — परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। जमीन-जायदाद के कामों में रुकावट दूर होगी।
- **मकर** — हर्षदायक समाचार मिलेंगे। छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।
- **कुंभ** — पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। धार्मिक कार्य में रुचि बढ़ेगी।
- **मीन** — सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। नौकरी में उन्नति होने की संभावना।

# मंत्री आलमगीर की रिमांड अवधि खत्म, भेजे गये जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंत्री आलमगीर आलम को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। इससे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद इडी के अधिकारी कोर्ट लेकर पहुंचे थे। इडी मंत्री को तीन बार 14 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। इनमें छह दिन, पांच दिन और तीन दिन शामिल है। बता दें कि इडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान इडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे।

# भीषण गर्मी में बिजली कट से आमजन हैं परेशान: संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने प्रचंड गर्मी में बिजली की आपूर्ति ठीक से नहीं होने पर नाराजगी जतायी। कहा कि राज्य सरकार जो जनता को पानी, बिजली नहीं दे सकती, उसे सरकार में रहने का कोई अधिकार नहीं है। पूरा राज्य प्रचंड गर्मी की चपेट में है। वहीं बिजली मात्र शहर में 10 से 12 घंटे मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। बिजली नहीं रहने से लोग रतजगा कर रहे हैं। कई गांव हाथी प्रभावित है, वहां के लोग घर के बाहर भी नहीं सो सकते हैं। ट्रांसफार्मर जले होने के महीनों से कई गांवों में अंधेरा है। कोई अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। सांसद, विधायक को ट्रांसफार्मर के लिए पैरवी करनी पड़ रही है। इस पर सरकार को गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा।

# अगर मोदी तीसरी बार आते हैं, तो देश में कभी चुनाव नहीं होगा : पप्पू यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**दुमका।** बिहार कांग्रेस के नेता पप्पू यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री की एक शार्गिद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति ने कहा कि 300 के करीब इंडिया गठबंधन को आएंगे। एनडीए गठबंधन 200 के नीचे रहेगा। उन्होंने इतना ही नहीं कहा कि अगर तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं तो पूरे देश में मणिपुर जैसी घटना घटेगी। कोई भी स्टेट नहीं बचेगा। न केवल उन्हें बल्कि पूरे इंडिया गठबंधन को यह अंदेशा है कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार आते हैं तो इस देश में कभी चुनाव नहीं होगा। लोकतंत्र की बात छोड़ दें, रूस और चाइना की तर्ज पर ये चुनाव को कानून और संविधान संशोधन करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समाप्त कर देगी। नरेंद्र मोदी और आरएसएस की पूरी मंशा इस देश में चुनावी प्रक्रिया को खत्म करने की है। एक बादशाहत काम करना, अंतिम जीवन तक राष्ट्राध्यक्ष बने रहने की इनकी पूरी मंशा हैं, इसलिए ये 400 पार सीट मांग रहे हैं। 400 पार केवल संविधान बदलने के लिए नहीं बल्कि चुनावी प्रक्रिया को ही खत्म करने के लिए मांग रहे हैं। उक्त बातें पप्पू यादव ने गुरुवार को दुमका में झामुमो के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे वहीं आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय मौजूद थे।

**प्रधानमंत्री के एकांतवास पर झामुमो ने ली चुटकी :** भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी विवेकानंद एकांतवास में चले जाएंगे। 45 घंटे का होगा। चूंकि वे बायोलॉजिकल नहीं हैं, इसलिए अंदेशा है कि उस एकांतवास में विलुप्त न हो जाएं, क्योंकि ईश्वर ने उन्हें जितना काम सौंपा था, उन्होंने सभी काम अब तक पूरे कर लिए। हमलोगों ने इंडियन नेवी से कहा है कि पता लगाइए, कहीं आसपास पनडुब्बी तो नहीं है। क्योंकि फिर जिस प्रकार किसी चीज का अवतरण होता है तो निस्तारण भी होता है। यह 45 घंटा बहुत विचलित करने वाला होगा। पिछली बार एकांतवास में गए थे तो एक आंख से देख रहे थे कि कैमरा चल रहा है या नहीं। इस बार क्या कैमरा उनके साथ रहेगा। एकांतवास में क्या और कोई रहेंगे।

# राजधानी में नशे के खिलाफ 'जंग'

## जिला प्रशासन ने कसी कमर, चलेगा बड़ा कैंपेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** राजधानी नशे की गिरफ्त में है। नशे के सौदागर बच्चों को निशाना बना रहे हैं। अभिभावक परेशान हैं। नशे के ये सौदागर स्कूल, कॉलेजों के आसपास भी ज्यादा सक्रिय हो गये हैं। इसके खिलाफ जंग के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता और एसडीओ उत्कर्ष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने को लेकर गुरुवार को मंथन किया गया। इस अभियान में स्कूली बच्चों और कॉलेज छात्रों के बीच जागरूकता के लिए रणनीति बनायी गयी। तय हुआ कि बड़ा कैंपेन चला कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जायेगा। ड्रग्स के विरुद्ध कैंपेन के लिए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को नोडल अफसर बनाया गया है। एनसीबी से संपर्क कर सभी थानों में इससे संबंधित वर्कशॉप किया जायेगा। इस अभियान में सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूल-कॉलेज, बुद्धिजीवी, नुक्कड़ नाटक दलों को जोड़ा जायेगा। सीआइपी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण, स्कूलों और कॉलेजों के प्रधानाध्यापक भी इस अभियान में नोडल अधिकारी के रूप में रहेंगे। इस अभियान में बड़े पैमाने पर डिजिटल कैंपेन चलाया जायेगा। वीडियो, गाना, जिंगल, पोस्टर, पंपलेट आदि के द्वारा प्रचार-प्रसार किया जायेगा। राज्य सरकार से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार फुलप्रूफ प्लान बनेगा। सिटी एसपी ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस को राज्य सरकार से रांची को नशा मुक्त करने के लिए जो गाइडलाइन प्राप्त हुई हैं, उसके अनुसार जिला को नशा मुक्त करने के लिए रणनीति बनायी जा सकती है।

**इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में डीएसपी अमर कुमार पांडेय, अरविंद कुमार, प्रकाश सोय, डीएसइ मिथलेश कुमार, डीइओ विनय कुमार उपस्थित थे।

# महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने दानापुर मंडल के स्टेशनों का किया निरीक्षण

- रेल विकास से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा गुरुवार को दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत हुए। सर्वप्रथम महाप्रबंधक द्वारा झाझा स्टेशन के पैनल रूम, क्रु लॉबी एवं मेमू शेड का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यहां संरक्षा प्रणाली से जुड़े उपकरणों का गहन मुआयना किया। तत्पश्चात महाप्रबंधक किऊल जंक्शन पहुंचे, जहां उन्होंने इंजीनियरिंग, कर्षण वितरण तथा संकेत एवं दूरसंचार विभाग के रेलकर्मियों से संरक्षा उपायों के संबंध में पूछताछ कर उनके संरक्षा ज्ञान को परखा तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। महाप्रबंधक द्वारा निर्माणाधीन अशोक धाम रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया गया। उन्होंने झाझा से बाढ़ तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेल विकास से जुड़े निर्माण कार्यों का भी लिया। बाढ़ स्टेशन पर उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में दानापुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आधार राज तथा दानापुर मंडल एवं मुख्यालय के अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व तट रेलवे में सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण के कारण कई ट्रेनें प्रभावित, कुछ रद्द की गयीं

- ढेंकनाल स्टेशन पर ढेंकनाल और शादासिबपुर रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संचालन के लिए
- सरला स्टेशन पर संबलपुर-झारसुगुड़ा रेलवे खंड पर मालगाड़ी परीक्षण लाइन के परिचालन के लिए।
- संबलपुर और वाल्टेयर रेलवे डिवीजन पर पुल निर्माण कार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ढेंकनाल स्टेशन पर ढेंकनाल और शादासिबपुर रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संचालन के लिए, सरला स्टेशन पर संबलपुर-झारसुगुड़ा रेलवे खंड पर मालगाड़ी परीक्षण लाइन के परिचालन के लिए और संबलपुर और वाल्टेयर रेलवे डिवीजन पर पुल पुनर्निर्माण कार्य के मद्देनजर, यात्रियों को ले जाने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी, जिसके परिणामस्वरूप कुछ ट्रेनों को रद्द करना, मार्ग बदलना, पुनर्निर्धारित करना और मार्ग का अस्थायी नियंत्रण करना होगा।

**ट्रेन रद्दीकरण :** 18125/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस राउरकेला से 30 मई से 14 जून तक और पुरी से 31 मई से 15 जून तक रद्द रहेगी। 08414/08413 पुरी-तालचेर-पुरी पैसेंजर स्पेशल पुरी से 30 मई से 5 जून के बीच और तालचेर से 31 मई से 6 जून तक रद्द रहेगी। 07471/07470 पलासा-विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर स्पेशल 31 मई को दोनों दिशाओं में रद्द रहेगी। 08169/08170 और 08171/08172 झारसुगुड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा पैसेंजर स्पेशल 7 जून से 14 जून तक दोनों तरफ से रद्द रहेगी। 08264/08263 बिलासपुर-टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर से 7 से 14 जून तक और टिटिलागढ़ से 8 से 15 जून तक रद्द रहेगी। 08277/08278 टिटिलागढ़-रायपुर-टिटिलागढ़ पैसेंजर स्पेशल टिटिलागढ़ से 7 से 14 जून तक और रायपुर से 8 से 15 जून तक रद्द रहेगी।

**ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन:** 18190/18189 एनार्कुलम-टाटा-एनार्कुलम एक्सप्रेस 6 से 12 जून तक एनार्कुलम से और 7 जून से 14 जून 2024 तक टाटा से अपने निर्धारित मार्ग विजयनगरम-टिटिलागढ़-झारसुगुड़ा के बजाय जारोली-जखपुरा-कटक-खोरधा रोड-विजयनगरम के रास्ते दोनों तरफ से संचालित किया जायेगा।

**ट्रेनों का पुनर्निर्धारण :** 06090 संतरागाछी-तांबरम एक्सप्रेस 30 मई को संतरागाछी से, 20896 भुवनेश्वर-रामेश्वरम एक्सप्रेस 31 मई को भुवनेश्वर से, 06222 मुजाफ्फरपुर-मैसूरु स्पेशल 30 मई को मुजाफ्फरपुर से, 06104 डिब्रूगढ़-न्यू नागरकोइल स्पेशल 29 मई को डिब्रूगढ़ से, 09060 ब्रह्मपुर-सूरत स्पेशल 31 मई 2024 को ब्रह्मपुर से और 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस 11 जून को इंदौर से, 15028 गोरखपुर-संबलपुर एक्सप्रेस 6 से 13 जून को गोरखपुर से, 22840 भुवनेश्वर-राउरकेला एक्सप्रेस 4 जून 2024 को भुवनेश्वर से रवाना होने वाली स्टेशनों से न्यूनतम एक घंटे से अधिकतम दो घंटे 30 मिनट तक पुनर्निर्धारित की जायेगी।

# लाहौर समझौते का उल्लंघन पाक की गलती

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की यह स्वीकारोक्ति कई लिहाज से चौंकाने वाली है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच हुए लाहौर समझौते के उल्लंघन की गलती उनके देश ने की थी। ध्यान रहे, उन्होंने यह बयान ऐसे समय दिया है, जब लंबे राजनीतिक निर्वासन के बाद वह फिर से पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल (एन) के अध्यक्ष चुने गए हैं। नवाज शरीफ का लाहौर समझौते को याद करना इस मायने में भी अहम है कि दोनों देशों के आपसी रिश्तों के लिहाज से यह एक शानदार मौका था, जो गंवा दिया गया। 1999 में हुए इस समझौते में दोनों देशों के बीच शांति और स्थिरता की बात की गयी थी। लेकिन इसके कुछ ही समय बाद पाकिस्तानी सेना ने करगिल में चोरी-छुपे घुसपैठ शुरू कर दी, जिसका अंजाम सीमित युद्ध के रूप में सामने आया। पाकिस्तान इस युद्ध के लिए भारत पर दोष मढ़ता आया है। हालांकि सच सबको पहले से पता है, लेकिन पहली बार पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से इसे स्वीकार किया है। हालांकि पाकिस्तान में भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने की निर्वाचित सरकार की कोशिशों को सेना द्वारा नाकाम करने की यह कोई इकलौती घटना नहीं है। पाकिस्तान के साथ दिक्कत ही यह रही है कि सेना, आइएसआइ और आतंकवादी तत्वों पर वहां की सरकार का कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं रहता। सेना पर्दे के पीछे से सियासत को कंट्रोल करती है।

**2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने भी पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने की कम कोशिश नहीं की। नवाज शरीफ से उनकी केमिस्ट्री भी अच्छी थी, लेकिन भारत ने साफ कर दिया था कि आतंकवादी तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना अच्छे संबंधों की अनिवार्य शर्त है।**

इसके सबूत फौज द्वारा सत्ता हथियाये जाने की घटनाओं में ही नहीं परदे के पीछे से सरकारें बदलने के उसके खेल में भी दिखते हैं। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने भी पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने की कम कोशिश नहीं की। नवाज शरीफ से उनकी केमिस्ट्री भी अच्छी थी, लेकिन भारत ने साफ कर दिया था कि आतंकवादी तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना अच्छे संबंधों की अनिवार्य शर्त है। पाकिस्तान सरकार यह शर्त पूरी नहीं कर सकी और सीमा पार से पठानकोट और पुलवामा जैसी आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा। ऐसे में रिश्ते बेहतरी की ओर नहीं जा सकते थे, नहीं गये। जहां नवाज शरीफ ने सात साल के बाद सत्तारूढ़ पार्टी प्रमुख का पद औपचारिक तौर पर हासिल किया है, वहीं भारत में भी चुनाव नतीजे आने के बाद नयी सरकार गठित होनेवाली है। चूंकि पड़ोसी बदले नहीं जा सकते, इसलिए नवाज शरीफ के इस बयान को एक नये अवसर के रूप में लेते हुए संबंधों को एक मौका और देना कोई बुरा आइडिया नहीं है, लेकिन उससे पहले पाकिस्तान को अपनी इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए आतंकी तत्वों पर लगाम लगाने की दिशा में कई कदम उठाने होंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**बंटवारे के बाद 77 साल बाद पाकिस्तानी पंजाब की मरियम सरकार ने स्कूलों में पंजाबी भाषा पढ़ाने का ऐलान तो किया है, परंतु वह सिख गुरु परंपरा से निकली सत्कार-योग्य गुरमुखी के बजाय फारसी-अरबी शाहमुखी लिपि के मुताबिक होगी। बड़ा सवाल यही है कि क्या इस पर अमल होगा और अगर ऐसा हुआ भी तो यह कब तक कायम रहेगा? इस सूबे के ज्यादातर, तो मुल्क के 40 फीसदी बाशिंदे पंजाबी में बात करते हैं, जिन्हें हीन-दृष्टि से देखा जाता है।**

# पाकिस्तान में लहूलुहान होती पंजाबियत

बलबीर पुंज

बीते 25 मई को पाकिस्तानी पंजाब फिर गलत वजह से सुर्खियों में रहा। यहां सरगोधा जिले स्थित मुजाहिद कॉलोनी में मुसलमानों की उन्मादी भीड़ ने ईशनिंदा के आरोप में दो ईसाई परिवारों और एक चर्च पर हमला करके बुजुर्ग की हत्या कर दी। गुस्साई भीड़ ने घर में घुस कर तोडफोड़ की, फिर उनकी जूतों की फैक्ट्री को लूट कर फूंक दिया।

गत वर्ष भी पाकिस्तानी पंजाब में कट्टरपंथियों ने 21 चर्चों को आग के हवाले कर दिया था। मुल्ला-मौलवियों का आरोप है कि चर्च, ईशनिंदा को बढ़ावा दे रहे हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में अन्य अल्पसंख्यक हिंदू और सिख भी जिहादियों के निशाने पर रहते हैं। क्या यह सब किसी भी सूरत में पंजाबियत के मुताबिक है? दरअसल, 1947 में मुल्क के तकसीम होते ही पाकिस्तानी पंजाब में पंजाबियत को इस्लामीकरण के बुखार ने निगल लिया। यहां के निजी-सरकारी दफ्तरों, सार्वजनिक संवाद और सूचना-पट्टों में उर्दू भाषा का उपयोग होता है। बंटवारे के बाद 77 साल बाद पाकिस्तानी पंजाब की मरियम सरकार ने स्कूलों में पंजाबी भाषा पढ़ाने का ऐलान तो किया है, परंतु वह सिख गुरु परंपरा से निकली सत्कार-योग्य गुरमुखी के बजाय फारसी-अरबी शाहमुखी लिपि के मुताबिक होगी। बड़ा सवाल यही है कि क्या इस पर अमल होगा और अगर ऐसा हुआ भी तो यह कब तक कायम रहेगा? इस सूबे के ज्यादातर, तो मुल्क के 40 फीसदी बाशिंदे पंजाबी में बात करते हैं, जिन्हें हीन-दृष्टि से देखा जाता है। खुद को पढ़ा-लिखा समझने वाले शहरी और ऊंचे-अमीर घराने उर्दू में गुफ्तगू करना पसंद करते है। यह घालमेल की इंतिहा है कि पाकिस्तान का राष्ट्रगान अपनी किसी आधिकारिक (अंग्रेजी और उर्दू) या स्थानीय भाषा (पंजाबी, सिंधी, पश्तो, बलोच सहित) के बजाय उस गैर-मुल्की फारसी जुबान में है, जिसे बोलने-समझने वाले पाकिस्तान में काफी कम हैं।

**मोहम्मद अली जिन्ना से एक समझौता होने पर भी सिकंदर ने 1940 के पाकिस्तान प्रस्तावना को खारिज कर दिया।**



**यह ठीक है कि भारतीय पंजाब की अपनी कई समस्याएं हैं, परंतु उसका एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान द्वारा ही दर-आमद है। अपने ब्लीड इंडिया विद थाऊजंड कट्स सैन्य सिद्धांत के अंतर्गत, पाकिस्तान यहां चिट्टा पहुंचा कर बेहिसाब नौजवानों को नशे की लत में धकेल चुका है। ब्रितानी पैदावार खालिस्तान के नाम पर पाकिस्तान सिख चरमपंथ की चिंगारी भड़काता रहता है।**

पाकिस्तान में यह हालात उसके वैचारिक अमले द्वारा अपनी मूल संस्कृति से कट कर खुद को मध्यपूर्वी-अरब संस्कृति से जोड़ने की कोशिशों का नतीजा है। पाकिस्तानी पंजाब को भी उसकी जड़ों से काटना इसी साजिश का एक हिस्सा है। इसलिए आजादी से पहले अविभाजित पंजाब की धरती पर जन्मे लाला लाजपत राय, भगत सिंह, सुखदेव, उधम सिंह, मदनलाल ढींगरा, हरनाम सिंह सैनी आदि क्रांतिकारियों के नाम पर पाकिस्तानी पंजाब में न तो कोई सड़क है, न ही कोई यादगार है और न ही उनके लिए कोई इज्जत। 2 शताब्दी पहले लाहौर, महाराजा रणजीत सिंह की राजधानी हुआ करती थी।

कुछ वर्ष पहले पाकिस्तान ने अपनी गिरती साख बचाने के लिए लाहौर में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा लगायी थी, जिसे मुस्लिम कट्टरपंथी 3 बार तोड़ चुके हैं। इसकी तुलना में ब्रिटिशराज के दौरान दिल्ली में जन्मे सर सैयद अहमद खां, उत्तर प्रदेश में जन्मे अली बंधु (शौकत अली और मोहम्मद अली जौहर) और पंजाब में जन्मे मोहम्मद इकबाल आदि के नाम पर पाकिस्तान में कई भवन और सड़कें हैं, तो उनके ऐहतराम में डाक टिकट तक जारी हो चुके हैं। बदकिस्मती देखिए कि पाकिस्तान के इन्हीं नायकों के लिए खंडित भारत में एक वर्ग (राजनीतिक सहित) का दिल आज भी धड़कता है, लेकिन लाहौर में अदालती फैसले के सालों बाद भी पाकिस्तानी हुक्मरान शादमान चौक का नाम भगत सिंह को समर्पित नहीं कर पाये हैं।

150 साल पहले तक लाहौर दर्जनों ऐतिहासिक शिवालयों, ठाकुरवाड़ा, जैन मंदिरों और गुरुद्वारों से गुलजार था। कुछ अपवादों को छोड़कर बाकी सब 1947 के बाद या तो मस्जिद/दरगाह बना दिये गये या किसी की निजी संपत्ति हो गयी या फिर लावारिस खंडहर में तबदील हो चुके हैं। शताब्दियों तक इस्लामी हमले सहने के बावजूद संयुक्त पंजाब में पंजाबियत ही बहुलतावाद, समरसता और सह-अस्तित्व का प्रतीक रही है। सिख गुरुओं ने स्वयं को हिंदू-मुस्लिमों या सिखों या फिर केवल पंजाब तक सीमित नहीं रखा। इसमें मानवता और समस्त हिंदुस्तान का विचार है। वर्ष 1937 के प्रांतीय चुनाव में पंजाबियों ने कट्टरपंथी मुस्लिम लीग के बजाय सैकुलर यूनियनिस्ट पार्टी को चुना। इस दल ने सिकंदर हयात खान के नेतृत्व में अकाली दल और कांग्रेस के साथ मिलकर पंजाब में सरकार बनायी।

मोहम्मद अली जिन्ना से एक समझौता होने पर भी सिकंदर ने 1940 के पाकिस्तान प्रस्तावना को खारिज कर दिया। उनके निधन के बाद खिजर हयात तिवाना ने 1942 में पंजाब सरकार की कमान संभाली। वे भी मुस्लिम लीग की विचारधारा और इस्लाम के नाम पर भारत के बंटवारे के खिलाफ थे। पंजाबियत को जीते हुए खंडित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रकुमार गुजराल के पिता और तत्कालीन पंजाब स्थित झेलम (अब पाकिस्तान में) के कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवतार नारायण गुजराल ने पाकिस्तान में रहने का फैसला किया था। वे पाकिस्तान संविधान सभा के सदस्य भी बने।

अवतार ने स्थानीय हिंदुओं और सिखों को समझाया कि पश्चिमी पंजाब में वे सभी सुरक्षित रहेंगे, परंतु वे अपना वायदा पूरा नहीं कर पाये। काफिर-कुफ्र प्रेरित मजहबी नरसंहार के बाद असंख्य हिंदुओं-सिखों की भांति अवतार भी अपने परिवार के साथ खंडित भारत में लौट आये।

इसका जिक्र इंद्रकुमार गुजराल के भाई, लेखक और चित्र-मूर्तिकार सतीश गुजराल ने अपनी आत्मकथा ए ब्रश विद लाइफ में किया है। यह ठीक है कि भारतीय पंजाब की अपनी कई समस्याएं हैं, परंतु उसका एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान द्वारा ही दर-आमद है। अपने ब्लीड इंडिया विद थाऊजंड कट्स सैन्य सिद्धांत के अंतर्गत, पाकिस्तान यहां चिट्टा पहुंचा कर बेहिसाब नौजवानों को नशे की लत में धकेल चुका है। ब्रितानी पैदावार खालिस्तान के नाम पर पाकिस्तान सिख चरमपंथ की चिंगारी भड़काता रहता है। बेशक, पाकिस्तानी पंजाब कई लाइलाज बीमारियों से जकड़ा है। पाकिस्तानी हुक्मरानों की कोशिश है कि यह रोग भारत में भी फैले। इसलिए उनका पहला निशाना भारतीय पंजाब ही है।

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजपा ने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए कार्यकर्ताओं को मंडलवार दी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 25 मई को मतदान के बाद जनता का जनादेश ईवीएम में कैद है। वोटों की गिनती 4 जून को होनी है। जमशेदपुर लोकसभा के छह विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कालेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में केंद्रीय बल की निगरानी में रखी गई हैं। जहां भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने भी ईवीएम की दिन-रात निगरानी के लिए अपने कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई है। भाजपा के तमाम बड़े नेताओं के साथ कार्यकर्ता तपती गर्मी के बीच टेंट में बैठकर स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इसी स्क्रीन के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता सांसद एवं प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो को प्राप्त मतों को सुरक्षित रखने के लिए ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं। भाजपा महानगर ने विभिन्न मंडलों के कार्यकताओं को अलग-अलग दिन जिम्मेदारी दी है। गुरुवार को जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद व भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जिला पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के संग पार्टी के निगरानी कैम्प का जायजा लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा जमशेदपुर लोकसभा सीट पर सांसद बिद्युत महतो के तीसरी बार जीत को लेकर आश्वस्त दिखे। उन्होंने विश्वास जताया जमशेदपुर की प्रबुद्ध जनता के आशीर्वाद और कर्मठ भाजपा कार्यकताओं के अथक परिश्रम के बल पर बिद्युत महतो पिछली बार से अधिक मार्जिन से जीतकर दिल्ली जाएंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह, महामंत्री अनिल मोदी, मानगो मंडल अध्यक्ष बिनोद राय, सुशील पांडेय, अलाउद्दीन सिद्दकी, लकी सिंह राजपूत, सुबोध झा समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पावड़ा तालाब के किनारे अज्ञात व्यक्ति बेहोश होकर गिरा, मुखिया ने पहुंचाया अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** गोपालपुर शिव मंदिर के समय पावड़ा तालाब के किनारे गुरुवार की दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति बेहोश होकर गिर गया। तालाब के रास्ते आने जाने वाले लोगों ने इसकी सूचना पावड़ा पंचायत की मुखिया पार्वती मुर्मू को दी। सूचना पर पार्वती मुर्मू मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली एवं 108 एंबुलेंस की मदद से अज्ञात व्यक्ति को अनुमंडल अस्पताल भेजा। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ विकास मार्डी एवं डॉ आरएन टुडू ने अज्ञात व्यक्ति की जांच की। चिकित्सकों ने बताया कि लू लगने के कारण बेहोश हुआ है।

होश आने पर ही पता चल पाएगा घटना क्या है। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक एमजीएम अस्पताल भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

# जमशेदपुर में पानी की समस्या ले रही विकराल रूप, कड़ी धूप में पानी के लिए घंटों मशक्कत करते बच्चे और बुजुर्ग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर समेत आसपास में भीषण गर्मी से हाल बेहाल है। वहीं दूसरी तरफ बागबेड़ा, हरहरगुटू, घाघीडीह व आसपास के क्षेत्र में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। यहां रहने वाले लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए तरह रहे है। इस भीषण गर्मी के बीच दिन-दिन भर कड़ी धूप में लाइन लग कर छोटे-छोटे बच्चे व महिलाएं पानी की जुगाड़ में लगे रहते है। स्थानीय लोगों की माने तो यह समस्या पिछले लगभग 10 से 15 वर्षों से यूं ही बनी हुई है। परंतु कोई सुध लेने वाला नहीं है. बस्ती के लोगों का कहना है कि वह अपने सारे काम धाम छोड़कर पहले पानी का इंतजाम करते हैं, ताकि उनकी प्यास बुझ सके। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, क्योंकि वह भी पानी के लिए घंटों लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते है. अगर आप हरहरगुट्टू और बागबेड़ा क्षेत्र में पहुंचेगे तो आपको दिखाई देगा कि क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या जवान सभी लाइन लगाकर पानी लेते नजर आ जाएंगे। इन दिनों जलस्तर काफी नीचे जा चुका है. क्षेत्र के जितने भी चापकल है वह सूख चुके हैं। यहां लोग सुबह से ही बाल्टी, गैलन व बर्तन लेकर लोग लाइन में लगा देते हैं, ताकि किसी के सहयोग से बस्ती में पानी का टैंकर पहुंचे तो उन्हें समय से पानी मिल सके. हालांकि लोगों की समस्या को देखते हुए पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने अपने निजी टैंकर से इस क्षेत्र में पानी की सप्लाई शुरू की है, लेकिन वो भी नाकाफी साबित हो रही है। वे लगातार 10 से 15 वर्षों से पानी की आपूर्ति करते आ रहे हैं। जो कार्य जिला प्रशासन के स्तर से होना चाहिए वो स्थानीय समाजसेवी अपने स्तर से कर रहे है। लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी देकर लोगों की समस्या दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोग काफी परेशान है। 001

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के खिलाफ पार्टी के नेताओं ने खोला मोर्चा,लगा गंभीर आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कांग्रेस में एक नया घमासान मचा हुआ है। लोकसभा चुनाव के बाद यह हालात हुए हैं। इसको लेकर कांग्रेसियों ने अपने ही जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी है। कांग्रेस नेता गोपाल यादव के एक फेसबुक पोस्ट के बाद विवाद इतना बढ़ा कि मामला जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना तक पहुंच गया। कांग्रेस नेताओं पर ओबीसी के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया गया। वही अभी आरोप लगाया गया कि लोकसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी समीर महंती का पैसा लेकर भाजपा के विद्युत वरण महतो को चुनाव में मदद पहुंचायी गयी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुराने कनेक्शन की भी लोगों ने याद दिलायी। गोपाल कुमार यादव ने आरोप लगाया कि पार्टी के साथ गद्दारी की गयी है। यहां तक पोस्ट में लिखा गया कि अगर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो वे लोग चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ ही काम करेंगे। कांग्रेसियों के पूरे धड़े ने इसका हर स्तर पर विरोध करने की घोषणा की है। अब इस पोस्ट को करने वाले नेताओं को डराया धमकाया भी जा रहा है। हालात यह हुआ कि कांग्रेसी नेता बर्मामाइंस थाना तक पहुंच गये। हालांकि पुलिस ने इस मामले में अब तक कोई केस दर्ज नहीं किया है। कांग्रेसी नेताओं को डराने धमकाने और गाली गलौज करने की लिखित तौर पर शिकायत की गयी थी लेकिन थानेदार ने इसकी शिकायत नहीं ली। फिलहाल कांग्रेस में माहौल गर्म है और अंदरूनी राजनीति तेज है। निशाने पर कांग्रेस के जमशेदपुर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे हैं।

# बेटी ने मां को कुल्हाड़ी से मार कर ले ली जान खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** झारखंड के चांडिल से एक दिल दहला देने वाली खबर आ रही है, जहां एक शादी शुदा बेटी ने अपनी ही मां का कत्ल कर डाला। खाना बनाने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। फिर बेटी ने अपनी बुजुर्ग मां लूसी मंझियाइन की हत्या कुल्हाड़ी से कर दी। यह घटना चांडिल थाना क्षेत्र के रसुनिया गांव की है। पुलिस ने बेटी को ससुराल में जाकर पकड़ा। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार वृद्ध महिला का बेटा विजय हांसदा ने बहन के खिलाफ चांडिल थाना में केस दर्ज कर दिया है। रात करीब 11 बजे विजय हांसदा घर लौटा, तो उसकी मां घर पर खून से लथपथ पड़ी हुई थी और उसकी बहन घर से गायब थी। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतिका की बेटी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

# आदित्यपुर में लू लगने के कारण बुजुर्ग की मौत

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर में गुरुवार को लू की चपेट में आने के कारण एक बुजुर्ग की मौत हो गई है. बुजुर्ग की पहचान 60 वर्षीय शेख रियाजुद्दीन के रूप में हुई है। आपको बताते चलें कि लगातार दो दिन में लू के कारण दो लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार को जहां एक महिला की लू लगने से मौत हुई थी, वहीं गुरुवार को बुजुर्ग शेख रियाजुद्दीन ने लू लगने के कारण दम तोड़ दिया है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 31 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# अबुआ आवास और मनरेगा को लेकर डीडीसी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गई। इसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास और मनरेगा से संबंधित समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा अबूआ आवास योजना की समीक्षा की गई। इसके अंतर्गत जिन लोगों को पहली किस्त की राशि दी गई है, उन सभी को प्लिंथ (फाउंडेशन) स्तर का



कार्य शीघ्र पूरा कराने का निदेश पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को दिया गया तथा संबंधित पंचायत बीके मुखियागणों को भी इस कार्य में सहयोग करने के लिए निदेशित किया गया, ताकि उक्त लेवल तक कार्य जल्दी पूर्ण हो। वहीं मनरेगा की समीक्षा के दौरान जिन कुओं की खुदाई कार्य शुरू हो गई है, उसे 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने सभी मुखिया, पंचायत सचिव और मनरेगा कर्मियों को निदेशित किया कि मनरेगा की योजनाओं को बरसात शुरू होने से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें और अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करायें। उनमे द्वारा द्वारा सभी मुखिया को 15वें वित्त आयोग की राशि से सभी चापाकल की मरम्मति तथा जलमीनारों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, कुमार नरेंद्र नारायण, मुखिया शरीफ अंसारी, बसंत चौबे, मुखराम भारती, कौशल्या देवी, नारद तिवारी, रविंद्र राम, बीपीओ मनरेगा अरुण देव सिंह, ब्लॉक को ऑर्डिनेटर प्रिया, ब्लॉक को ऑर्डिनेटर सीखा कुमारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव चंद्र देव तिवारी, सीमा कुमारी समेत रोजगार सेवक उपस्थित थें।

# श्री रामलला के वस्त्र डिजाइनर मनीष त्रिपाठी 1 जून को श्री बंशीधर नगर में

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर** । अयोध्या श्री रामलला जी के वस्त्र की डिजाइन करने वाले ख्यातिप्राप्त वस्त्र डिजाइनर मनीष त्रिपाठी आगामी 1 जून को श्री बंशीधर नगर आएंगे। इसकी जानकारी देते ट्रस्टी राजेश प्रताप देव और ट्रस्ट के सलाहकार (आध्यात्मिक) श्रीकांत मिश्र ने बताया कि श्री त्रिपाठी 1 जून को नई दिल्ली से बनारस होते हुए दोपहर बाद यहां पहुचेंगे।

उसी दिन श्री वंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन के बाद ट्रस्ट के लोगों के साथ मिलकर श्री राधा



वंशीधर जी के वस्त्रों की रूपरेखा तैयार करेंगे।

वे सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के बाद उसी दिन बनारस के लिए प्रस्थान करेंगे। उनलोगों ने बताया कि इस वर्ष जन्माष्टमी से पूर्व वस्त्रों की डिजाइन तैयार कर ली जाएगी और जन्माष्टमी के दिन से श्री राधा वंशीधर जी युगल सरकार नए आकर्षक परिधान में नजर आयेंगे।

## पांच दिवसीय कराटे और बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन, खिलाड़ी सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रशिक्षण शिविर में 50 उत्कृष्ट खिलाड़ी हुए सम्मानित सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। दिनांक 26 मई 2024 से दिनांक 30 मई 2024 तक हनुमान नगर छठ घाट कराटे प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किकबॉक्सिंग के प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अवर निरीक्षक गढ़वा अनमोल तिवारी ने प्रशिक्षु को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दिये। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद नगर परिषद प्रतिनिधि सह गढ़वा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा खिलाड़ियों को बहुत जल्द स्टेडियम में एक सुरक्षित हाल उपलब्ध करा दिया जाएगा एवं खेल प्रतिनिधि सह किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ने कहा खिलाड़ियों को जो भी खेल सामग्री चाहिए उन्हें बहुत जल्द मुहैया करा दिया जाएगा। जो खिलाड़ी सम्मानित हुए उनके नाम निम्न प्रकार से हैं। सविता कुमारी, झूलन कुमारी,सचिन किसपोटा, आराधना कुमारी,अक्षय कुमार, श्रुति कुमारी, पुण्य प्रसून ,आदित्य रंजन आदि के नाम शामिल है। मौके पर उपस्थित गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ सचिव रामप्रवेश तिवारी, गढ़वा जिला साइकलिंग संघ सचिव अरविंद दुबे, गढ़वा जिला किकबॉक्सिंग संघ उपाध्यक्ष प्रभात तिवारी, रामनाथ रावत गुड्डू सोनी कमलेश साहू सुशील रवि कुमार किरण पांडे शांति देवी पिंकी देवी सनोज कुमार दीपक कुमार सुनील कुमार आदि उपस्थित थें। 005

## अगलगी की घटना से घर एवं झोपड़ी जलकर राख



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बलीगढ़ गांव में एक घर एवं दो झोपड़ी जलकर राख हो गया।अगलगी की घटना गुरुवार की दोपहर करीब 3:00 बजे कामेश्वर चेरो पिता प्रसाद चेरो के घर में अचानक आग लगने से शुरू हुआ।देखते देखते आग भयावह रूप ले लिया।आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में रखे अनाज,कपड़ा जलकर खाक हो गया।दूसरी घटना उसी आग से बगल के ही इंदल चेरो पिता भोले चेरो तथा राजेश्वर चेरो पिता शंभू चेरो का झोपड़ी आग के लपेटे में आ गया। आग इतना विकराल रूप ले लिया था कि ग्रामीण किसी प्रकार आग पर काबू पाते तब तक झोपड़ी जल कर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में कामेश्वर चेरो का करीब ?50000 का नुकसान हुआ है। अगलगी की घटना सुनकर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिए।इस मौके पर मनीष कुमार गुप्ता,मनोज गुप्ता, चंदेश्वर साह,गणेश साह,नरकू साह सहित अन्य लोग उपस्थितथे।

## खरौंधी में पारा 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने से लोग बेचैन



**खरौंधी (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को खरौंधी का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।जो मई महीने में खरौंधी के लिए एक दशक का सर्वाधिक तापमान है।इससे पहले मई में सर्वाधिक अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड 47.8 डिग्री सेल्सियस था,जो 6 में 1978 को दर्ज किया गया था। तापमान में वृद्धि होने से और लोगों को जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। चापाकल की स्थिति खराब होने के कारण राजगीरों को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पर रहा है।

## गढ़वा जेल के कैदी की सदर अस्पताल में मौत



गढ़वा। गढ़वा सादर अस्पताल में जेल के कैदी की मौत हो गई। ,जिले के श्री बंशीधर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चेचरिया गांव निवासी 34 वर्षीय अखिलेश कुमार जो पिछले कई माह से जेल में बंद था,जिसकी गुरुवार को मौत हो गई। मौत कैसे हुई इस बावत बताया जा रहा है की मृतक अखिलेश का वक्त जेल से ज्यादा सदर अस्पताल में ही गुजरा। क्योंकि उसे टीबी का मरीज बताया जा रहा है। गुरुवार को जब उसकी मौत हुई तो उसका कारण भी टीबी ही बताया जा रहा है। लेकिन फिर भी जेल प्रबंधन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# भीषण गर्मी और धूप के कारण चमगादड़ों की हो रही मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** अभूतपूर्व गर्मी और धूप तथा कड़ाके की लू के कारण सुंडीपुर में बड़ी संख्या में मृत चमगादड़ों की जानकारी होने पर गुरुवार को सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों का जमावड़ा लगा रहा। इसकी जानकारी देते हुए गाड़ा खुर्द पंचायत की मुखिया आरती सिंह के प्रतिनिधि सह क्षत्रिय करणी सेना के गढ़वा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने कहा कि सबसे पहले भवनाथपुर वनत क्षेत्र के रेंज अफसर प्रमोद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में अनिल गिरी फॉरेस्टर और वन कर्मियों की



टीम सुंडीपुर पहुंची। उन्होंने उन सभी स्थानों का मौके पर जाकर जायजा लिया जहां पर चमगादड़ों की बड़ी संख्या में मौत हुई थी। वन विभाग के कर्मचारियों ने अधिकारियों के आदेश पर काफी संख्या में चमगादड़ों का शव इकट्ठा कर उसे आग के हवाले किया। कुछ देर के बाद पशु चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम भी सुंडीपुर पहुंची। जहां जांच के बाद मृत्यु के कारणों पर प्रकाश डाला जाएगा। इन्हीं पेड़ों पर झुलसकर सैकड़ो की संख्या में बुधवार को चमगादड़ों की मौत हुई थी। काफी कोशिश के बाद करीब 25 लोगों ने चमगादड़ का मांस खाना कबूल किया। जिनकी जांच की गई। जांच के बाद डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ ने सभी लोगों को सुरक्षित बताया। बीडीओ एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने मृत पक्षियों के शव को छूने से लोगों को सख्ती से मना किया। साथ ही कड़ाके की धूप एवं लू से बचने की सलाह दी। ककड़ी, तरबूज, खीरा आदि का सेवन बढ़ा दें। कुछ दिनों तक अभी मौसम इसी तरह का रहेगा। जिससे सावधानी के साथ बचने की जरूरत है। कहा कि बच्चों एवं बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें एवं धूप एवं लू के प्रकोप से बचें।

# महिला को राशन नहीं मिलने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** सरांग पँचायत के बटौवा गांव निवासी स्वःविफन राम की 108 वर्षीय पत्नी पार्वती कुँवर को लगभग 1 वर्ष से राशन नही मिलने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनके सामने भुखमरी की स्थिति बन गयी है। वताते चले की पार्वती कुँवर की सिर्फ दो बेटी है। जो एक छोटी बेटी कुसमारी कुंवर अपने सशुराल मे रहती है। वही दूसरी बड़ी बेटी लीलावती देवी अपने पिता स्व विफन राम की 20 वर्ष पूर्व मे मौत हो जाने के वाद से ही मैके मे किसी तरह मजदूरी कर अपनी बूढ़ी माँ की देखभाल कर



रही है। जबकि लीलावती देवी की उम्र भी 60 वर्ष हो गई है। वही पति महिपत राम भी पैर से विकलांग है। घर में कोइ कमाऊ व्यक्ति नही रहने के कारण इनकी माली हालत बहुत ही खराब है। सबसे बड़ी वात आजतक आवास का लाभ नहीं मिल सका जिसके चलते 108 वर्षीय महिला पार्वती कुंवर और उसकी बेटी झोपड़ी मे रहने को मजबूर है। लीलावती देवी ने बताया कि 1 वर्ष से राशन नही मिल रहा है। राशन की समस्याओं को लेकर पँचायत की मुखिया के पास 3 माह पूर्व शिकायत किये थे। लेकिन सिर्फ लाभ दिलाने की संतावना ही दिया गया। उन्होंने बताया कि माँ पार्वती कुँवर इस बार लोकसभा चुनाव में वोट देने से भी वंचित रह गयी। वह चलने में असमर्थ है। कोई सरकारी सुविधा नही रहने के कारण वोट नही कर पायी है। उन्होंने बताया कि घर के पास शुद्ध पेयजल के लिये चापाकल या नलजल की व्यवस्था नही है। अब वह दुख भरी जिंदगी से थक चुकी है। परिजन ने बताया कि गांव के ही समाजसेवी सह झामुमो नेता सुधीर सिंह के द्वारा खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया था। इस सम्बंध में पूछे जाने पर प्रभारी बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि जांच कर सरकारी सुविधा दी जायेगी।

# आरके पब्लिक स्कूल में मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उस मौके पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने



कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह के आयोजन से बच्चों का हौसला बढ़ता है और उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों की शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिये हर संभव कार्य कर रहा है। प्राचार्य एलके ओझा ने भी बच्चों को भविष्य में और अच्छा करने के लिये प्रेरित किया।

### इन बच्चों को किया गया सम्मानित

सम्मानित होने वालों में शालिनी श्रीवास्तव, अंशिका जायसवाल, पवन प्रभात, आदित्य गुप्ता, जिज्ञासु शुक्ला, शौम्या शुक्ला, सब्बू रानी, शमीम रजा, आकृति तिवारी एवं तान्या सिंह के नाम शामिल हैं। मौके पर प्राचार्य एलके ओझा, अभिभावक धीरेंद्र चौबे, ब्रजकिशोर चौबे, शिक्षक अमर कुमार, अखिलेश पांडेय, प्रशांत चौबे समेत कई अभिभावक मौजूद थे।

# पशु तस्कर के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 96 गोवंश के साथ 6 तस्करों को मेराल पुलिस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** एसपी दीपक पांडे के निर्देश पर गुरुवार को मेराल थाना पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे 96 गोवंश के साथ 6 तस्करों को पकड़ा कर थाना लाई गई। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी गोवंशीय पशु को स्थानीय पशुपालकों को जिम्मेनामा पर दे दिया गया साथ ही प्राथमिक दर्ज करने के बाद पकड़े गए सभी 6 तस्करों को जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की प्रातः में गढ़वा के एसपी दीपक पांडे को गुप्त



सूचना मिली कि रमुना मेराल रेलवे लाइन के किनारे से कुछ पशु तस्कर बड़ी संख्या में गोवंश पशु को लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर एसपी द्वारा मेराल तथा रमुना थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी कराई गई। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि सूचना के आधार पर मेराल थाना क्षेत्र के सोहवरिया रेलवे लाइन किनारे बड़ी संख्या में पशु के साथ 6 पशु तस्करों को पकड़ा गया जबकि मौके का फायदा उठाकर दो पशु तस्कर भाग निकले। जबकि रमुना थाना पुलिस की टीम द्वारा 21 गोवंश को पकड़ा गया। गिरफ्तार 6 तथा फरार दो अभियुक्तों पर गोवंश अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जिम्मेनाम पर पशुपालकों को दिया गया सभी पशु तस्कर के लिए ले जा रहे सैकड़ो पशुओं को मेराल पुलिस द्वारा थाना में लाने की सूचना पर आसपास के पशुपालकों की भीड़ पहुंच गई। अत्यधिक गर्मी की वजह से मेराल पुलिस द्वारा पशुपालकों के जिम्मेनामा पर सभी पशुओं को दे दिया गया।

## भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन के गढ़वा आगमन पर भाजपाइयों ने किया स्वागत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन का गढ़वा आगमन पर होटल वेनस में भाजपा नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में स्वागत और अभिनंदन किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलख नाथ पांडेय के द्वारा वीरसा मुंडा का प्रतिमा एवम् अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया भाजपा राष्ट्रीय मंत्री का आगमन भाजपा नेता राजीव राज तिवारी के बड़े भाई के आकस्मिक निधन पर श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त भाजपा नेता प्रमोद चौबे, चन्दन जसवाल, राजकुमार गुप्ता, सुरेन्द्र राम, विशाल गुप्ता, छोटन सोनी, विनोद जायसवाल, अंजलि गुप्ता, कंचन जायसवाल, उषा देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित थे।

## जिप सदस्य की शिकायत पर श्रम अधीक्षक ने केंदू पत्ता मजदूरी की जांच की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सभापति वन एवं पर्यावरण विभाग गढ़वासह जिला परिषद सदस्य प्रखंड बरडीहाके शिकायत के आलोक में जिला श्रम अधीक्षक गढ़वा इतवारी महतो के द्वारा केंदू पत्ता से संबंधित मजदूरों की भुगतान कम होने की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि सरकारी मानक से कम मजदूरी केंदू पत्ता मजदूरों को भुगतान किया जा रहा है। श्री महतो के द्वारा सलगा के रजवारी टोला एवम् जीका में मजदूरों से पूछ ताछ कर जांच की जिसमें नियमानुसार संबंधित संवेदक पर करवाई की बात कही। जीका गांव के मजदूरों ने बताया कि 140 रुपए प्रति सैकड़ा ठेकेदार के द्वारा भुगतान किया जाता है एवं ग्राम सलगा के मजदूरों ने बताया कि 147 रुपए प्रति सैकड़ा संवेदक के द्वारा भुगतान किया जाता है । जबकि सरकारी दर 175 रुपए प्रति सैकड़ा है।

## टेंपो पलटने से 8 लोग गंभीर रूप से घायल




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नवादा मोड़ के पास टेंपो पलटने से 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव निवासी नरेश भुइया की पत्नी राज मुनि देवी नंद गोपाल पांडे की पत्नी अनीता पांडे पेसका गांव निवासी संजीव प्रसाद की पत्नी अन्नपूर्णा देवी उसका पुत्र उमंग प्रसाद कार्तिक प्रसाद गुप्ता उसकी पुत्री मोनी कुमारी पलामू जिले के लेसलीगंज गांव निवासी पंकज प्रसाद की पत्नी संगीता देवी आदि के नाम शामिल है ।सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि मेराल से गढ़वा आने के लिए सभी लोग टेंपो पर सवार हुई थी इसके बाद गढ़वा थाना क्षेत्र के नवादा मोड़ के पास टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में टेंपो पर सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से सभी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 2 करोड़ से बनी सड़क 10 माह में ही टूटने लगी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से प्रखंड के पिपचो पंडियाडीह मोड़ से मरकच्चो प्रखंड के चोपनाडीह तक लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से कराए गए सड़क निर्माण में अनियमितता की पोल खुलने लगी है। महज 10 माह बाद ही निर्मित सड़क कई जगह पर टूटनी शुरू हो गई है। सड़क निर्माण कार्य में संवेदक और विभागीय अधिकारियों द्वारा बरती गई अनियमितता मामले में ग्रामीण खुर्शीद आलम, तौकीर अंसारी, सुखदेव यादव, पंकज शर्मा सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए सड़क निर्माण के उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। विभागीय अधिकारी व संवेदक की मिलीभगत से सरकार की राशि को बंदरबांट किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण भय से विरोध करना बंद कर दिया था। वहीं संवेदक व अधिकारियों के मिलीभगत से जैसे तैसे सड़क के निर्माण कार्य कर दिया। ग्रामीणों ने सड़क को पूरी तरह जगह-जगह पर कालीकरण के अलावा सड़क टूटने हुए निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता की बात देखी जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि पंडियाडीह से लेकर चौपनाडीह तक लगभग 7.5 किलोमीटर सड़क पूरी तरह घटिया निर्माण किया जा रहा है। उक्त सड़क के कालीकरण में बिना अलकतरा के ही गिट्टी डालकर जैसे तैसे निर्माण करा दिया जा रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने किया सदर अस्पताल खूंटी का निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार को खूंटी सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान स्वास्थ्य सचिव ने सदर अस्पताल में मोतियाबिंद का फेको पद्धति से ऑपरेशन करने और दो आधुनिक ओटी की शुरूआत करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंडों में जहां ओटी की सुविधा है, वहां सदर अस्पताल के सर्जरी विशेषज्ञों को शल्य चिकित्सा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश



दिया कि सभी स्पेशलिस्ट चिकित्सक रांची सदर अस्पताल में एक्सपोजर विजिट करेंगे। आयुष्मान भारत की राशि का उपयोग के रोगी कल्याण कार्यों पर करेंगें। प्रधान स्वास्थ्य सचिव ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन द्वारा मरीजों प्रधान स्वास्थ्य सचिव ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से मरीजों का पंजीकरण करने का निर्देश देते हुए इसके लिए सिविल सर्जन खूंटी को अधिकृत किया। इसके साथ ही प्रधान स्वास्थ्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि कम वजन वाले बच्चों का वजन कम क्यों है, इस पर सिविल सर्जन एवं महिला रोग विशेषज्ञ शोध कर प्रधान सचिव को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। इस अवसर पर अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, संयुक्त स्वास्थ्य सचिव ललित मोहन शुक्ला और राज्य कार्यक्रम समन्वयक द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर कालामाटी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग द्वारा दी जा रही 12 पैकेज सुविधा का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाए। इसके साथ ही सिकल सेल एनीमिया की जांच और आभा कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। मौके पर निदेशक प्रमुख डॉ राजेंद्र शाही, निर्देशक डॉ अनिल, राज्य अभियान निदेशक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन राजन कुमार, राज्य कार्यक्रम समन्वयक अगय मिंज, सिविल सर्जन खूंटी डॉ नागेश्वर मांझी, डीपीएम कानन बाला तिर्की, डीडीएम श्वेता सिंह, एचएम अंतरा झा आदि मौजूद थे।

# बिजली विभाग की लापरवाही से एक व्यक्ति और मवेशी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

सोनाहातू। थाना क्षेत्र के दुलमी गांव के खेत में गिरा हुआ बिजली तार के संपर्क आने से एक व्यक्ति और एक मवेशी की मौत हो गयी।

घटना के संबध में ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार सुबह 8-9 बजे के आसपास मवेशी चराने व्यक्ति खेत में गया था तभी ये हादसा हुआ है। मंगलवार शाम को आंधी तूफान से बिजली का पोल और तार टूट कर खेत में गिर गया था। इसकी जानकारी विभाग को दी गई थी,इसके बाबजूद बिजली चालू कर दिया गया।

व्यक्ति की पहचान दुलमी गांव निवासी 40 वर्षीय सुखराम पुरान के रूप में हुआ है। मृतक



खेती बाड़ी कर परिवार चलाता था। तीन बेटी और एक बेटा घर में है।

घटना की सूचना पर ग्रामप्रधान मुंडा कृष्ण कुमार सिंह,मुखिया प्रतिनिधि प्रधान सिंह मानकी सहित काफी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे।ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना देकर तत्काल मुआवजा देने की मांग किया है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चोरी के मामलों में पांच-छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

**खूंटी(आजाद सिपाही)। खूंटी शहरी क्षेत्र कीं दुकानों में हो रही लगातार सेंधमारी और चोरी की घटना में शामिल चोरों की तलाश के लिए खूंटी पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में खूंटी थाना की पुलिस द्वारा गुरुवार को लगभग पांच-छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार संदिग्धों से पूछताछ में पुलिस को शहर में हो रही चोरी की घटनाओं में संलिप्त चोरों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। उसके आधार पर पुलिस चोरों की गिरफ्तारी और चोरी किए गए सामानों की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी शुक्रवार को दिए जाने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है।**

# दस दिनों से बिजली नहीं रहने और पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। खलारी थाना क्षेत्र के नया धौड़ा, चानक धौड़ा, प्रगतिनगर व नेहरू स्टेडियम के आसपास रहने वाले ग्रामीणों ने बिजली पानी की मांग को लेकर गुरूवार की सुबह में खलारी अंबेडकर चैक के निकट खलारी-रांची मार्ग को दो घंटे तक जाम कर दिया। नयाधौड़ा, चानक धौड़ा व प्रगतिनगर सीसीएल द्वारा विस्थापित लोगों की बस्तियां हैं। यहां बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं सीसीएल एनके एरिया के केडीएच प्रोजेक्ट द्वारा ही दी जाती रही है। विगत 10 दिनों से इन बस्तियों में बिजली नहीं था। जिससे पानी की भी समस्या



उत्पन्न हो गई थी। प्रबंधन की उदासीनता देखते हुए इन बस्तियों में रह रहे ग्रामीणों का धैर्य टूट गया और गुरूवार सुबह 9 बजे बस्तियों के महिला, पुरूष अपने घरों से निकलकर केडी अंबेडकर चैक के निकट खलारी-रांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जाम के कारण वाहनों की कतारे लग गई। छोटे वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से जाना पड़ा। सूचना मिलते ही खलारी थाना प्रभारी पुनि विजय कुमार सिंह व केडीएच सह डकरा परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह वहां पहुंच गए। इधर श्रमिक नेता राजन सिंह राजा भी ग्रामीणों के साथ खड़े थे। ग्रामीणों ने केडीएच पीओ व थाना प्रभारी को बताया कि उन लोगों ने सीसीएल के कोयला खदानों के विस्तारीकरण के लिए अपना अहम योगदान दिया है। तब प्रबंधन द्वारा बिजली-पानी के लिए आष्वस्त किया गया था। परंतु आज इस भीषण गर्मी में दस दिनों से बिजली नहीं है। पानी की समस्या खड़ी हो गई है। बताया कि बस्तियों में जो लो-टेंशन लाइन गया है उसका तार जर्जर हो चुका है। ट्रांस्फर्मर में जब से नया डीटी स्वीच लगाया गया है तब से हर आधे घंटे में लाइन ट्रिप कर जा रहा है। मांग किया कि तीनों बस्तियों का लाइन अलग अलग किया जाय। बस्तियों की बिजली पानी आपूर्ति सुचारू की जाय। मांगों से संबंधित एक ज्ञापन केडीएच पीओ को दिया गया। वहीं वार्ता में पीओ एके सिंह ने ग्रामीणों को आष्वस्त किया कि वे जल्द ही बस्तियों के बिजली-पानी की समस्या हल करा देंगे। प्रबंधन से मिले सकारात्मक आष्वासन के बाद ग्रामीणों द्वारा करीब 11 बजे सड़क से जाम हटा लिया गया। इस दौरान श्रमिक नेता राजन सिंह राजा के अलावा तनवीर आलम, विक्की सिंह, इम्तियाज अंसारी, रोशन लाल सहित काफी संख्या में बस्तियों के महिला, पुरूष मौजूद थे।

## तमाड़ फुटबॉल लीग में रामेश्वर मुंडा के हैट्रिक से एफसी तमाड़ जीता

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले फुटबॉल लीग का मैच एफ सी तमाड़ एवम् एन सी स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। यह मैच एफ सी तमाड़ ने 4-0 से जीत लिया। विजेता टीम की ओर से रामेश्वर मुण्डा ने 5 वें 36 वें और, 85 वें मिनट में गोल कर हैट्रिक पूरा किया साथ ही बुधराम मुण्डा ने भी 28 वें मिनट में गोल किया। मैच के दौरान एसोसिएशन के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। शुक्रवार का मैच जांबाज ब्रदर्स और जूनियर एफ सी तमाड़ के बीच होगी।




## रांची गया, लेकिन चुनाव कराने बूथ पर नहीं पहुचा दशरथ



रांची (आजाद सिपाही)। साथी कर्मचारियों ने बताया कि दसरथ रांची मोरहाबादी गया था तो लेकिन वही पोलिंग पार्टी के साथ चुनाव कराने नही गया। इसकी पुष्टि रोहिणी के कार्मिक विभाग के कर्मचारियों ने भी की है। कर्मचारियों ने दसरथ के पोलिंग पार्टी में शामिल पीठासीन पदाधिकारी के साथ संपर्क किया और जानकारी लिया तो पता चला कि दसरथ मोरहाबादी रांची से कही चला गया था उसको काफी खोजबीन किया गया था, लेकिन वह नही मिला और न ही वह चुनाव कराने बूथ पर पहुचा। इधर रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने प्रबंधन से मांग की है कि दसरथ गंझु की खोजबीन में परिजनों की मदद करे और प्रशासनिक स्तर पर भी पहल करे।

## भीषण गर्मी की चपेट में ईचागढ़,पारा 45 डिग्री पार

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र में प्रचंड गर्मी से अब आम आदमी के जनजीवन प्रभावित होने लगी है।बुधवार तथा गुरुवार को दिन रात गर्मी से लोग परेशान रहे।चौका,टीकर, मिलन चौक आदि डेली मार्केट में सुबह 10 बजे के बाद सुनसान नजर आया,लोग सुबह और शाम को जरूरी काम निपटा कर घर में ही रहने लगे।बैंक तथा सरकारी दप्तर में भी लोगों का भीड़ काफी कम दिखाई दिया।बुधवार तथा गुरुवार को क्षेत्र का तापमान 45 डिग्री सेलसीएस रहा।लोग कुलर या पंखा का सहारा लेने पर मजबूर हो गए।किसानों के खेती पर भी बुरा असर हो रहा है,पटवान करने के वावजूद भी फसल मुर्जा जा रहा है।लोगों का अनुमान है कि यदि ऐसे ही आगे भी भीषण गर्मी रहेगी तो आम लोगों को काफी नुकसान पहुंच सकता हैं।

# डकरा सुभाषनगर में क्षेत्र का पहला मंदिर होगा भगवान विश्वकर्मा मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। सुभाषनगर शिव मंदिर परिसर में बनने वाले कोयलांचल का एकमात्र भगवान विष्वकर्मा मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। 26 अप्रैल को मंदिर का भूमि पूजन किया गया था। लगभग 50 लाख की लागत से बनने वाला इस मंदिर की उंचाई 40-50 फिट होगा जो 360 वर्ग फुट में बने पिलरों पर खड़ा रहेगा। इसके अलावा मंदिर में नक्काशी साउथ इंडियन मंदिर के तर्ज पर किया जाएगा और प्रारुप मंदिर के गुंबज से भी बड़ा बनाया जाएगा। विष्वकर्मा समाज के अध्यक्ष आरजे शर्मा ने बताया कि कोयलांचल विष्वकर्मा समाज का गठन के बाद जब मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया तो बनने वाले मंदिर का आकार को लेकर काफी चर्चा किया गया और सबकी सहमति से उड़िसा में बने एक विष्वकर्मा भगवान मंदिर के तर्ज पर



यहां मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया। मंदिर निर्माण को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह है।

### सुभाषनगर के विकास में नया आयाम जुड़ेगा

एनके प्रबंधन द्वारा वर्षों से उपेक्षित सुभाषनगर कॉलोनी के लोगों में मंदिर बनने की खबर से उत्साह है.शिव मंदिर से जुड़े लोगों ने कहा कि यह सुभाषनगर वासियों का सौभाग्य है कि विष्वकर्मा भगवान का मंदिर यहां बनाया जा रहा है। इससे लोगों का इस मंदिर के बहाने कॉलोनी से जुड़ाव बढ़ेगा, रोजगार के साधन बनेंगे, विष्वकर्मा पूजा पर मेला लगने लगेगा, जब भी कोई नया वाहन खरीदेगा तो सबसे पहले यहीं आएगा.कहा कि सुभाषनगर का हाल धीरे-धीरे मानकी कॉलोनी जैसा होने लगा है जो पूरी तरह टापू में तब्दील हो गया है लेकिन इस निराशा के माहौल में अब बदलाव दिखने लगा है।

# जामुनदोहर गांव के विस्थापित ग्रामीणों ने बैठक कर सीसीएल प्रबंधन के मनमानी रवैया का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। केडीएच खदान से सटे जामुनदोहर गांव के ग्रामीणों ने गुरूवार को बैठक कर सीसीएल प्रबंधन के मनमानी रवैया का विरोध किया। बैठक में जामुनदोहर पहुंची जिला परिशद सदस्या सरस्वती देवी को ग्रामीणों ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन अपनी मनमानी कर रहा है। हमारे घरों के बिल्कुल नजदीक खदान सट गया है जिससे कि घर धंसने का हमेशा डर बना रहता है। साथ ही पानी का एक मात्र साधन कुआं था वो भी सीसीएल के अधिकारियो ने डाह दिया। विस्थापितों ने बताया कि सीसीएल द्वारा स्क्वायर फीट के हिसाब से मापी कर दी जा रही मुआवजा राषि समझ से परे है, जो आज की इस महंगाई में लोग घर भी नहीं बना सकते। वही विस्थापित ग्रामीण महिला उर्मिला देवी ने कहा कि सीसीएल हमें पैसा ना देकर हमें पक्के मकान मूलभूत सुविधाओं के साथ उपलब्ध करा



दे हमें बस यही चाहिए। दिए जाने वाले मुआवजा राषि से हमारा कुछ भी नहीं होने वाला है। वहीं मौके पर पहुंचे इंटक नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कोल इंडिया की एक नियमावली 2012 में बनी है जिसके तहत खदान खोलने से पहले विस्थापन नीति के द्वारा पहले विस्थापितों को बसाने के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं दी जानी है। विस्थापितों के लिए कई कानून बनाए गए है जिसके तहत सीसीएल प्रबंधन को कार्य करना है लेकिन 42 डिग्री के ऊपर तापमान में यहां के ग्रामीणों को पानी की सुविधा तक सीसीएल के द्वारा नहीं दी जा रही है जो एक चिंता का विषय है और यह एक मानवीय शोषण है। वही जिप सदस्य सरस्वती देवी ने कहा कि विस्थापितों के इन समस्याओं का जल्द ही निवारण नहीं किया गया तो हम सीसीएल को चेतावनी देते हुए उनका कार्य पूरी तरह तप कर देंगे। जिसे करने से हमें कोई नहीं रोक सकता है। मै ग्रामीणों की हर समस्याओं के समाधान को लेकर खड़ी हु और हमेषा खड़ी रहुंगी। बैठक में मुख्य रूप से गीता देवी, सरस्वती देवी, ललिता देवी, उषा देवी, अशरिता कुमारी, बबली देवी, सरिता देवी, रंजिदा खातून, आशा देवी, अकली देवी, महावीर उरांव, भोला गंझू, अंजलि देवी सहित अन्य विस्थापित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सात दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्राचीन कालीन राधारानी मंदिर में सात दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का गुरुवार को अन्तिम दिन है। सात दिवसीय हरिनाम संकीर्तन को पुरे तमाड़ में भक्ति मय वातावरण बना रहा। लगातार सात दिनों तक महाप्रभु अरुण गोस्वामी की देखरेख में पुजा अर्चना होता रहा। बंगाल से आयी महिला कीर्तन दल ने ग्रामीण लोगों का मन मोह लिया। पुरे क्षेत्र के लोगों का हुजूम लगातार लगा रहा। इधर मेला समिति द्वारा हाई स्कूल मैदान में विशाल मेला लगाया गया है। जिसमें तरह तरह के झुले, मौत का कुआ, दर्जनों दुकानें ओर खाने पीने का दुकान भी शामिल हैं। शुक्रवार की सुबह गन्ज भोग, बाबन भोग तथा राखाल भोग के साथ कीर्तन सम्पति की जायेगी।

## कांची नदी की सप्लाई बंद होने के कारण लोग पानी पीने के भटकते रहें

तमाड़ (आजाद सिपाही )। कांची नदी से होने वाली पानी की सप्लाई आज तमाड़ में बंद था जिससे पे जल के लिए भटकते रहे सुत्रो के अनुसार कहीं पाइप लाइन फटने से यह समस्या होती है यह बार बार होता है इस भीषण गर्मी में पानी नहीं मिलने से लोग परेशान हैं।

## झारखंड पुलिस का दावा हुआ खोखला थम नहीं रहा प्रिंस-अमन गैंग का उत्पात

रांची (आजाद सिपाही )। झारखंड में कई आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, लेकिन झारखंड पुलिस के लिए दो गिरोह चुनौती बना हुआ है। पुलिस ने इन दोनों गिरोह के कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद भी रंगदारी मांगने का सिलसिला थमने का नहीं ले रहा है। पुलिस कहती है कि जल्द प्रिंस खान और अमन साहू गिरोह के सुनील मीणा को पकड़ लिया जायेगा। उसके ठिकानों की तलाश पूरी हो गयी है, मगर इस दावे के विपरीत दोनों गिरोह का दबदबा बढ़ता ही जा रहा है। कभी व्यवसायियों को धमकी, तो कहीं घर के बाहर फायरिंग की घटना को अंजाम दे रहे हैं। गिरोह की इस हरकत से व्यवसायी वर्ग खौफ में है। धनबाद में गैंग्स ऑफ वासेपुर का आतंक है। प्रिंस खान इसी गैंग से ताल्लुक रखता है। धनबाद पुलिस के लिए यह बड़ी चुनौती है। झारखंड पुलिस की टीम इसे गिरफ्तार करने का लगातार प्रयास कर रही है। इस बीच यह जानकारी सामने आ रही है कि प्रिंस खान भारत से बाहर शारजाह में बैठ कर अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है। वह वहीं से धनबाद में हत्या तक करवा रहा है। वह लगातार वीडियो जारी कर कारोबारियों को धमकी देता है और उनसे रंगदारी वसूलता है। प्रिंस खान पर हत्या, रंगदारी जैसे तीन दर्जन मामले दर्ज हैं।

# अफीम के लिए बदनाम खूंटी जिला बन रहा तरबूज और खीरा उत्पादन का हब

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। अफीफ और डोडा जैसे मादक पदार्थों के लिए बदनाम खूंटी जिला अब तरबूज और खीरा की खेती में अलग पहचान बना रहा है। जिले के लगभग सभी प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में तरबूज और खीरा के साथ परवल की भी फसलें लहलहा रही हैं। कुछ साल तक अफीम की खेती कर पैसै कमाने वाले तोरपा प्रखंड के एक किसान बताते हैं कि अफीम की खेती में जितनी कमाई होती थी,, उतनी कमाई तरबूज और खीरा की खेती से ही हो जाती है। उन्होंने कहा कि अफीम से समाज पर बहूत खराब असर पड़ता है और पुलिस का लफड़ा अलग रहता है। इसलिए उसने अफीम की खेती छोड़कर तरबूज की खेती पर हाथ आजमाया है।



उन्होंने कहा कि तरबूज के साथ ही वह अपने खेत में परवल की भी खेती कर रहा है। तोरपा प्रखंड के सुंदारी गांव में तरबूज की खेती करने वाले हीरालाल साहू बताते हैं कि इस वर्ष खूंटी जिले के तोरपा, खूंटी, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड में लगभग साढ़े चार हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में तरबूज की खेती की गई है। हीरालाल बताते हैं कि पहले तरबूज की खेती सिर्फ बिहार में ही होती थी। गांव-देहात के लोग जब रांची या अन्य किसी बड़े शहर में जाते थे, तो तरबूज खरीद कर लाते थे, लेकिन अब खूंटी जिला तरबूज उत्पदान का हब बनता जा रहा है। कर्रा प्रखंड के युवा किसान गणेश महतो बताते हैं कि एक किसान तरबूज की खेती से तीन महीने में औसतन दो लाख रुपये की कमाई कर लेता है। उन्होंने कहा कि इस बार तरबूज क बंपर उत्पादन हुआ है, लेकिन किसानों कों सही बाजार नहीं मिल पा रहा है। प्रतिशील किसान सम्मन से सम्मनित कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव के किसान दिलीप बताते हैं कि खूंटी जिले के तरबूज बड़े-बड़े वाहनों से राची, खूंटी, कोलकाता, राउरकेला, संबलपुर से लेकर नेपाल तक भेजे जाते हैं। व्यापारी किसानों के खेत में ही आकर तरबूज की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार तरबूज की मांग काफी अच्छी है और कीमत भी अच्छी मिल रही है। किसानों को खेत से ही गोल तरबूज की कीमत सात रुपये प्रति किलो और लंबा किरण प्रजाति के तरबूज की कीमत नौ से दस रुपये प्रति किलो मिल रही है। हाल के दिनों में इस क्षेत्र में पीला तरबूज की भी खेती हो रही है और इसकी बाजार में मांग भी काफी अच्छी है।

## लू लगने से तोरपा के दुकानदार की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड मुख्यालय के सामने पान की गुमटी का संचालन करनेवाले सुनील गुप्ता( उम्र 55 वर्ष ) की गुरुवार को मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सुनील भगत दोंपहर में अपनी गुमटी में बैठे हुए थे। उसी समय उन्हें चक्कर आने लगा। आसपास कें दुकानदार उन्हें तुरंत रेफरल अस्पताल ले गये। अस्पताल में उन्हें बर्फ और अन्य दवा से इलाज करने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें खूंटी के केएस गंगा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी स्थिति में कुछ सुधार नहीं हुआ और शाम लगभग साढ़े छह बजे उनकी मौत हो गई। आशंका जताई जाती है कि लू लगने से सुनील भगत की मौत हुई होगी।

### विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का हुआ आयोजन

# पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भरपूर मात्रा में लें विटामिन सी : डॉ एसके निराला

**155 मरीज और जरूरतमंद लोगों की जांच और उन्हे खान-पान रहन सहन और मौसमी बीमारियों से बचने के लिए परामर्श भी दी गयी।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, द्वारिका नगर महिलौंग में 29, 30 मई को हॉस्पिटल के डॉयरेक्टर डॉ एसके निराला की अध्यक्षता में विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रथम दिन कार्यशाला और दूसरे दिन निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मौजूद थे।कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ निराला ने कहा प्रति वर्ष 29 मई को विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय उत्सव है। जिसका मुख्य उद्देश्य है। पेट से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। स्वस्थ जीवन के लिए शैली और पाचन क्रिया पर विशेष ध्यान देना होगा। पाचन तंत्र को मजबूत करने के लिए विटामिन सी की भरपूर मात्रा, समय पर सोना, जागना, भोजन को हमेशा चबा-चबा कर खाना और पानी आवश्यक मात्रा में पीना चाहिए। कहा कि शराब और सिगरेट का बिल्कुल सेवन नहीं करना चाहिए। वहीं, चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने सभी डॉक्टरों और कार्यशाला में उपस्थित लोगों को बधाई दी। 30 मई को द्वारिका हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर में मेदांता हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) डॉ विनीत कुमार, नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एंटोनी किस्कू, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल सिन्हा, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ पीआर बाखला, मेडिसिन के डॉ दीपक चौहान आदि डॉक्टरों ने नामकुम, लोवाडीह, टाटीसिलवे, गोंदलीपोखर और ग्रामीण क्षेत्रों से 155 मरीज और जरूरतमंद लोगों की जांच और उन्हे खान-पान रहन सहन और मौसमी बीमारियों से बचने के लिए परामर्श भी दी गयी। इसके पूर्व अस्पताल के कर्मचारियों ने सभी अतिथियों और डॉक्टरों को पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनसंपर्क अधिकारी दिवा पासवान, शांति खलखो, शीतल महतो, निशा रजक, विप्लव यादव, बृहस्पति गोप, कंचन कुमारी, निर्मला कुमारी, प्रतिमा कुमारी, राम मोहन राम के साथ छात्र क्लब चिकित्सक मंच के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# रातू में दो कार में टक्कर, चार घायल

## हादसे के बाद डस्टर कार वाले हुए फरार

**आल्टो चालक गंभीर रूप से घायल, सीएचसी में चल रहा इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड ठाकुरगांव मार्ग स्थित डाइट परिसर के समीप दो कार में जबरदस्त टक्कर हो गयी। घटना बुधवार की रात 10 बजे की बताई जा रही है। डस्टर कार में 3 लोग व आल्टो कार में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगो ने आल्टो कार सवार को रातू सीएचसी पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक संजय नगर कॉलोनी के रहने वाला मनोज कुमार अपनी आल्टो कार जेएच01डिभी-8180 को गैरेज के अंदर ले जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहा एक इनोवा कार जे एच 01डीए -3649 ने जबरदस्त टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो चालक बुरी तरह से घायल हो गया।

वही डस्टर में सवार तीनो लोग भी घायल हो गये। परन्तु घायल होने के बाद भी तीनो लोग कार फरार हो गये। मामले को लेकर मनोज के पिता सुखराम राम ने फरार कार चालक के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस दोनों वाहनो को जब्त कर थाना ले आयी है।

# नशा सभी के लिए अभिशाप : पीएन सिंह

**एलएडीसी अधिवक्ता ने संविधान के अनुच्छेद 47 पर किया फोकस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गुरुवार को गोसनर कॉलेज रांची में नशा उन्मुलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर आदि के व्यापार तथा अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी एवं औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी एवं संविधान के अनुच्छेद 47 के संबंध में फोकस किया। मध्यस्थ पीएन सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं। नशा मुक्ति का अर्थ होता है किसी व्यक्ति या समाज को नशे से मुक्त करना। अर्थात नशा का सेवन करने से बचाव या उसके नशा को दुर करने का प्रयास है। मौके पर लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा के द्वारा भी नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने नशा से होने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि नशा न कर मनुष्य स्वस्थ रहता है। नशा शरीर की गुणवत्ता को समाप्त कर देता है। इसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। नशा से परिवार का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षति होता है, जिसका भरपाई कदापी नहीं किया जा सकता है। मौके पर 8 जून को होनेवाले मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत व 13 जुलाई को होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच नशा मुक्ति से संबंधित लिफलेट और पम्पलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक शिक्षिका, विद्यार्थी गण, पीएलवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेड़ो के बारीडीह में पड़हा जतरा को लेकर बैठक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के बारीडीह जतरा टांड़ में गुरुवार को तीन जून को इक्कीस पड़हा व बारह पड़हा के नेतृत्व में आयोजित 35 वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को सफल बनाने के लिए केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की बैठक किया गया। बैठक में पड़हा राजा, महतो, कोटवार पदाधिकारियों ने कई बिंदुओं पर विचार विमर्श करके जतरा को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाया। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि जितने भी पड़हा वाले गांव है वे सभी गांव अपने खोड़हा दल अपने रंपा,चंपा हाथी,घोड़ा व पारंपरिक झंडा के साथ शामिल होंगे। वहीं महतो, पहान,पुजार कोटवार को पड़हा संचालन समिति की ओर से सम्मानित किया जायेगा। पड़हा जतरा में पुलिस का भी पुख्ता इंतजाम रहेगा साथ में संचालन समिति की ओर से सभी गांव से लगभग 200 वालंटियर तैनात किए जायेंगे जो की पाड़हा जतरा का विधि व्यवस्था को संभालेंगे।

बैठक में 12 पड़हा राजा चरवा उरांव 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर मुख्य संरक्षक नीलमणी भगत अध्यक्ष बंधना उरांव सचिव चरवा उरांव कोषाध्यक्ष पीटर तिर्की, घिनु उरांव, बंदे उरांव, एतवा उरांव, जगरनाथ उरांव, लीला मुंडा, विश्वनाथ गोप,सुजीत कुमार राय पुलिस उपाधीक्षक निखिल कुजूर व बीपीओ संजय तिर्की मौजूद थे।

# इटकी में चोरों ने चुरा लिया 1,73,250 लाख का धान

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुर्गी पंचायत के तिलकसूती गांव स्थित लैम्पल का भेण्टीलेटर को तोड़ कर अज्ञात चोरों ने करीब 150 बोरी धान को चोरी कर लिया। घटना बुधवार रात की बतायी गयी है। चोरी के इस मामले को लेकर लैंम्पस अध्यक्ष सोमा उरांव ने थाना को लिखित सूचना दिया है। इस संबंध में अध्यक्ष सोमा उरांव ने बताया कि गुरुवार को करीब दो बजे लैम्पस का गोदाम खोल कर देखा कि चोरो ने सीढ़ी के सहारे भेण्टीलेटर के लोहे को काट कर अंदर प्रवेश कर गया इसके बाद चोरो ने धान से भरे बोरो को तह लगाकर भेंटीलेटर से करीब 150 बोरी निकाल कर ले गये। एक बोरी में करीब 50 किलो घान का था। इस हिसाव 7,500 किलो धान होती है। जिसका किमत करीब 1,73,250 लाख रुपया आंकी गयी है। बताया गया कि अप्रैल माह तक किसानों से सरकारी दर पर प्रति किलो 23.10 रुपये की दर से खरीदारी की गई थी। लैम्पस के भवन में 185 क्विटंल धान क्रय की गयी थी। धान को पैकेट में बंद कर लैम्पस में ही रखे गये थे। घटना की सूचना पाकर पुलिस छान बीन में जुट गयी है।

# कई जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान



नगड़ी थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग करते नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान और बैंक चेकिंग अभियान गुरुवार को नगडी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय के नेतृत्व में चलाया गया। मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक राय ने वाहन चालकों से कहा कि आप जब भी वाहन चलाए तो ध्यान पुर्वक चलाए सीट बैलेट लगाये वाहन का पूरा पेपर साथ में लेकर चले साथ ही इन्होंने ने मोटरसाइकिल चालक हेलमेट पहनकर और यातायात नियमों का पालन करे वाहन हमेशा अपने जीवन को महत्व समझ कर चलाए मौके पर आज रिंग रोड सहित अन्य जगहों पर वाहन चेकिंग के दरम्यान वाहन में कागजात नहीं रहने के कारण यातायात नियमों के तहत जुमार्ना 30150 का जुमार्ना लगाया इधर थाना क्षेत्र के विभिन्न बैंकों का चेकिंग कर बैंक प्रबंधकों से कहा कि आप बैंक में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे के रख रखाव पर ध्यान दे और बैंक में आने जाने वालों पर भी नजर रखे।

# पंचायत सामिति सदस्य ने किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददात



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा उप प्रमुख अंजय बैठा, पूर्व जीप सदस्य ऐनुल हक अंसारी समेत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के पंचायत सामिति सदस्य क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिठौरिया थाना में भी पहुंच कर पिठौरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय से मिलकर क्षेत्र में विधि व्यवस्था और अपराध से संबंधित मामलों पर जानकारी ली साथ ही प्रभारी से कहा कि क्षेत्र में पंचायत प्रतिनिधि से समन्वय बना कर चले, जनप्रतिनिधियों का जनता की समस्याओं को ले कर थाना आना जाना लगा रहता है। प्रतिनिधियों को सम्मान मिलना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने कहा कि निश्चित तौर पर जन प्रतिनिधि हो या आम जनता सभी से पुलिस और पब्लिक का अच्छा रिश्ता बना रहेगा। लोग थाना में सीधा अपना समस्या ले कर आ सकते है। वहीं हमलोग निष्पक्ष कार्रवाई के लिए पंचायत से संबंधित कांडों पर भी प्रतिनिधियों से जानकारी लेते है, सभी के सहयोग से थाना को अपराधमुक्त बनाने का हमारा प्रयास है। मौके पर पंचायत सामिति सदस्य सरवन गोप, अबु शमा अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी, हासिम अंसारी, गुड्डू अंसारी, गणेश, शंभु, मुखिया उज्ज्वल पहान, मोहम्मद गुफरान अंसारी मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कमल कांत झा का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** मैथिली भाषा में लघुकथा रुसल अछि गाछ हेतु वर्ष 2020 के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित और 2009 से लगातार अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे डॉ कमलकांत झा का निधन गुरूवार को एम्स दिल्ली में हो गया। वे 91वर्ष के थे। मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिला के कलुवाही ग्राम में जन्में डॉ झा बाल स्वयं सेवक थे तथा वर्षों तक जिला कार्यवाह रहे। सन 1962 से उन्होंने लेखन कार्य शूरू किया था और सन 1965 में जयनगर कालेज में मैथिली के व्याख्याता के बाद प्रोफेशर बने। विगत वर्ष 2003 में वे सेवानिवृत्ति हुए थे। इन्होंने मैथिली के साथ हिंदी में भी लगभग 25 पुस्तकें लिखी। उन्हें वर्ष 2020 में लघुकथा गाछ रुसल अछि नामक पुस्तक पर साहित्य अकादमी सम्मान मिला। वे 2009 से लगातार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। स्वयंसेवक होने के कारण ही मैथिली भाषा को अष्टम अनुसूची में शामिल कराने में इनकी अहम भूमिका थी। इनके निधन से पूरे राष्ट्र के मैथिल भाषियों ने अपना अभिभावक खो दिया। उनके निधन की खबर से देश में शोक की लहर छा गयी। उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ झा, उपाध्यक्ष राजेश झा, गंगाप्रसाद यादव, डॉ आभा झा, महासचिव अजय झा, कोषाध्यक्ष विलट पोद्दार, सचिव पंकज झा, उगन कुमार दास, महेश्वर साह, महेश्वर सहनी, बीरेंद्र झा, यतीन्द्र दास, राजकुमार पोद्दार सहित समाज के अन्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

# विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार घायल





आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के बोबरो मोड़ व डुमरी मोड़ के समीप गुरुवार की अपराह्न लगभग डेढ़ बजे नरकोपी लेड़ा टोली गांव निवासी बाइक सवार नेजाम अंसारी असंतुलित होकर विद्युत पोल से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नरकोपी पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही नरकोपी थाना के एएसआई राम नगीना सशत्र बलों के साथ पहुंचे। नरकोपी पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया पुलिस ने अपने जीप से घायल युवक को इलाज के लिए चान्हो रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# वीडियो लाइक करने का पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर 29.94 लाख की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**साइबर अपराधी दिल्ली से किया गया गिरफ्तार**

**रांची।** सिर्फ एक काम करना है, इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक करें। स्क्रिन शॉट लेकर भेजें। नौकरी मिलेगी। हर दिन हजारों रुपये मिलेंगे। रांची की एक महिला ने साइबर फ्रॉड के इस झांसे पर विश्वास कर लिया और उनसे 29.94 लाख की ठगी हो गयी। ठगी की शिकार महिला ने मामले की शिकायत सीआइडी साइबर थाना में की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि अपराधी दिल्ली में है। इसके बाद पुलिस ने दिल्ली जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी का नाम रविशंकर है। वह नयी दिल्ली के छावला थाना क्षेत्र के रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने एक मोबाइल और कई सिम कार्ड बरामद किया है।

**कैसे हुई ठगी :** रवि शंकर ने महिला से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया। महिला को इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीनशॉट भेजने पर पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को टेलीग्राम आइडी के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया। इस टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिये गये टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। उसके बाद उनसे एक वेबसाइट एकाउंट बनाने को बोला गया। इस प्रकार से महिला से कुल 29.94 लाख की ठगी कर ली गयी, तब महिला ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

### बेड़ो व केशा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी अमृत सरोवर योजना

# दो वर्ष बाद भी दोनों अमृत सरोवर बदहाल





आजाद सिपाही संवाददाता

**भीषण गर्मी में अमृत सरोवरों पानी कम रहने से पशु पक्षी प्यास के मारे व्याकुल दिख रहे हैं।**

**बेड़ो।** गर्मी के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट से निपटने और भू-जल स्तर को बनाये रखने के साथ तालाब का कायाकल्प कर ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने के लिए सरकार ने आजादी की अमृत महोत्सव पर अमृत सरोवर योजना की शुरूआत किया था। जिसमें लाखों रुपये खर्च किए गये। लेकिन यह काम सिर्फ शिलापट्ट बदलने और झंडा फहराने के लिए पिंड बनाने में ही हुआ। प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतेहासिक डुकु तालाब व केशा गांव स्थित तालाब दो वर्ष बाद भी मूर्त रूप नहीं ले सकी है। लाखों की धनराशि खर्च होने के बाद भी धरातल पर बदहाल तालाब का मुंह चिढ़ा रहे ये दोनों तालाब आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। जबकि कागज में दोनों तालाब बने हुए है। लेकिन दोनों तालाब धरातल पर आज भी अधूरे हैं। मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में होने के बाद कार्रवाई ठंडे बस्ते में हैं। इसमें लाखों रुपये खर्च होने के बोर्ड जरूर लगे हुए है। लेकिन इन दोनों तालाब बदहाली का दंश झेल रहे हैं। वहीं दोनों अमृत सरोवर सूखने के कगार पर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि केवल बरसात के दिनों में ही इनमें पानी रहता है। वही भीषण गर्मी में अमृत सरोवरों पानी कम रहने से पशु पक्षी प्यास के मारे व्याकुल दिख रहे हैं। जिस उद्देश्य को लेकर इस अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया वह अब भी पूरा होता नहीं दिख रहा। वहीं गंदगी से दोनों तालाब बदहाल है। जो इनकी खूबसूरती के दावों का सच बयां कर रही हैं। ये दोनों तालाब भ्रष्टाचार की गवाही दे रहा है। लाखों रुपये खर्च करके केवल इतिश्री कर दिया गया और सरकारी पैसे को आपस मे बांट लिया गया अमृत महोत्सव के तहत तालाब के ऊपर झंडा फहरा के जिम्मेदारों ने अपना काम कर दिया। अब इससे जनता को लाभ मिले या न मिले जिम्मेदारों को इससे कोई मतलब नहीं है।

# एक माह से लो वोल्टेज और आंखमिचौनी से लोग परेशान

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में पिछले एक माह से लो वोल्टेज और आंख मिचौली और बिजली आपूर्ति में अनियमितता से सैकड़ों बिजली उपभोक्ता परेशान हैं। किसान, व्यावसायियों, लघु एवं घरेलू उद्योग धंधे से जुड़ो लोग व विद्यार्थी भी खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से पूरा क्षेत्र प्रभावित है। असमानता तथा लो वोल्टेज से सैकड़ों किसान अपने खेतों में सही समय पर पटवन नहीं कर पा रहे हैं। उनके तैयार फसल बाजार पहुंचने से पहले ही खराब हो जा रहे हैं। किसान काफी चिंतित हैं। प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो बिजली उपभोक्ताओं ने प्रदेश सरकार के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों से इस गंभीर समस्या का शीघ्र निदान करने की मांग की है।

# ट्रक-बाइक की भिड़ंत, नाराज लोगों ने ट्रक में लगायी आग

## पुलिस ने चालक को माब लिंचिंग होने से बचाया, नौ नामजद सहित भीड़ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**लगभग तीन घंटा एनएच 98 पर आवागमन रहा प्रभावित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के एनएच 98 पड़वा-औरंगाबाद मुख्य पथ स्थित नावाबाजार में बुधवार की रात लगभग 8 बजे हाईवा व बाइक की टक्कर हुई। जिसमें नावाबाजार निवासी 42 वर्षीय एनामुल खान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नावाबाजार थाना पुलिस व स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के बाद हाईवा चालक को स्थानीय लोगों के द्वारा पिटाई भी की गई। इसके पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली तो फौरन नावाबाजर पुलिस मौके की नजाकत को समझते हुए चालक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारी जमाकर्ता व हंगामा कर रहे लोगों को समझाते हुए आवागमन बहाल करने का हरसंभव प्रयास किया। इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। सड़क के दोनों किनारे सैकड़ो गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया। वहीं शरारती तत्वों के द्वारा ठोकर मारने वाली हाईवा गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। इतना ही नहीं सड़क किनारे खड़ी कई अन्य गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस बीच नावाबाजार पुलिस व स्थानीय लोगों के बीच वाद विवाद भी हुआ। थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को देते हुए हाईवा में लगाई गई आग बुझाने को दमकल को बुलाया गया। हाईवा कोयला लोड होने के कारण आग रफ्तार में बढ़ता गया। आग की लपटे तेजी से पूरी गाड़ी को अपने आगोश में ले लिया। दमकल टीम लगभग 9.30 बजे पहुंची। जो धू-धू कर जल रही हाईवा गाड़ी को बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। जल रही हाईवा गाड़ी की आग की लपटों से ऐसा लग रहा था जिससे आसपास भी आग फैल सकता था। लेकिन पुलिस की सक्रियता व सूझबूझ से आसपास खड़ी गाड़ियों को दूर हटा बड़ी घटना को टालने में सफल रहे। स्थानीय लोगों ने भीड़ का रूप लेकर पुलिस के सामने जमकर उत्पात मचाया। विवशता पुलिस को मुकदर्शक बनाए रखा। माहौल बिगड़ने की संभावना को देखते हुए पांडू अंचल निरीक्षक राम आशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे, छतरपुर थाना सभी पुलिस बल के साथ पहुंचे। हंगामा कर रहे लोगों से बातचीत करते हुए, मामले को सुलझाते हुए आवागमन बहाल की गई। सड़क पर आवागमन रात लगभग आठ से 11 बजे तक यानी लगभग 3 घंटे प्रभावित रही। यात्री गाड़ी में सवार लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भूखे प्यासे व गर्मी से बेहाल भय वस यात्री गाड़ी में दूबके रहे। उपद्रवियों के द्वारा दर्जनों गाड़ी को क्षति पहुंचाया गया है। बताया जाता है कि हाईवा लोरी छत्तीसगढ़ से कोयला लेकर एनएच 98 मुख्य मार्ग से औरंगाबाद की ओर जा रही थी। इसी बीच नावाबाजार पुराने प्रखंड कार्यालय के समीप रात आठ बजे बाइक से टकरा गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।


धू-धू कर जलती हाइवा लोरी


दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

### उत्पात मचा रहे लोगों को चिह्नित कर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

घटना के बाद उपद्रवियों के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को आग के हवाले किया जाना,कई अन्य गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया जाना, सड़क जामकर लगभग तीन घंटा आवागमन बाधित किया जाना, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना आदि मामलों में सुसंगत धाराओं के साथ नावाबाजार थाना में कांड संख्या 32 दर्ज की गई है। जिसमें 9 नामजद अभियुक्त सहित आठ दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी अभियुक्त की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन विवाद में राकांपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष ने चलायी गोली, हुई जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** शहरी क्षेत्र के सतगांवा में जमीनी विवाद को लेकर बुधवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस बीच आवेश में आकर एक पक्ष के राकांपा प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष सिंह ने अपने लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी।हलाकि इस बीच लोग बाल-बाल बच गए। इस मामले में हरिहरगंज थाना पुलिस ने बंदूक को जप्त करते हुए मनीष सिंह को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। पहले पक्ष के रंजीत कुमार सिंह ने राकांपा प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह द्वारा गले में बंदूक सटाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाते हुए बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने मारपीट, गाली गलौज और आर्म्स एक्ट के सुसंगत धाराओं के तहत मनीष सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रथम पक्ष के रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि सतगावां मौजे के अंतर्गत खाता संख्या 252 प्लॉट 1168 और 1169 में पूर्व से बना बाउंड्री को तोड़कर नया बाउंड्री दिया जा रहा था। इस बीच मनीष सिंह ने बंदूक लहराते हुए रंजीत कुमार सिंह के गले में बंदूक सटाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। अपने बचाव में रंजीत कुमार सिंह ने बंदूक का नाली पकड़ कर उपर उठाया और बाल को छूते हुए फायरिंग हुई और जान बचा। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट के दौरान फायरिंग हुई है। इस मामले में दोनों पक्ष की ओर से आवेदन प्राप्त हुए और काउंटर केस दर्ज किया गया है।जिसमें प्रथम पक्ष के रंजीत कुमार सिंह ने मनीष सिंह,धनंजय सिंह,राहुल सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।जबकि मनीष सिंह ने रंजीत कुमार सिंह,अजय सिंह, विजय सिंह,राजू सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जबकि मनीष सिंह ने अपने आवेदन में अपने बचाओ को लेकर फायरिंग करने की बात स्वीकार की है।

# हीटवेव से हैदरनगर में बालक की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के हैदरनगर थाना अंतर्गत बरडंडा गांव निवासी दिनेश साव के नौ वर्षीय पुत्र संदीप साव की हिटवेव की चपेट में आने से मौत हों गई। इस संबंध में बरडंडा प्के मुखिया सुदर्शन राम ने बताया की बुधवार को संदीप अपने परिजनों के साथ जपला कुछ जरूरी काम से गया था।वहां से लौटने के क्रम में हीटवेव की चपेट में आने से उसकी तबीयत अचानक रास्ते में बिगड़ने लगी। आनन फानन में परिजनों ने तत्काल उसे हैदरनगर एक निजी क्लीनिक में ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# कोनार नदी में डूबने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल/बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के कोनार नदी स्थित छठ घाट में गुरूवार को नहाने गए तीन दोस्तों में एक डुब गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि निशनहाट कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय नीक्कू कुमार, दूसरा 23 वर्षीय विष्णु उरांव और 24 वर्षीय राकेश कुमार तीनों निशन से कोनार नदी नहाने गए थे। नहाने के दौरान निक्कू कुमार ओर राकेश कुमार ऊर्फ कारू नदी के गहराई में डुबने लगे। दोनों को डूबते देख तीसरा दोस्त बिष्णु ऊरांव भी नदी में कूद गया और निक्कू कुमार को सकुशल नदी से निकाल लिया। वही दूसरा राकेश कुमार उर्फ कारू नदी के गहराई में डूब गया। नदी में डूबने की सूचना पर बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह दल-बल के साथ कोनार नदी पहुंचे ओर खेतको से गोताखोर की एक टीम मंगवाई। तब तक काफी देर हो चुकी थी। नदी के गहराई में घंटो गोताखोरो द्वारा मशक्कत करने के बाद डूबे युवक की शव को नदी से निकाला गया। तत्पश्चात शव को डीवीसी अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दी। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में अभिभावक विशेष रूप से अपने बच्चों पर ध्यान रखे। वहीं नदी में युवक की डूबने की सूचना पर हजारों लोगों की भीड़ लग गयी थी। राकेश के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# महिला ने विवाद में खाया जहरीला पदार्थ, हुई बेहोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव निवासी बिगन पासवान की बेटी मंजू देवी ने मानसिक तनाव में आकर अपने मायके में जहर खा लिया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। चिकित्सक के अनुसार स्थिति में सुधार है। उसकी शादी रोहतास जिला के तिउरा गांव निवासी सनोज पासवान के साथ हुई है। वह काफी मानसिक तनाव में रह रही थी। ससुराल वालों को सूचना दे दी गई हैं।

## डीवीसी बोकारो थर्मल प्रबंधन ने बांटा कूड़ेदान

**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** दामोदर घाटी निगम बोकारो ताप विद्युत केन्द्र में चल रहें। स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर बोकारो थर्मल के मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, बोकारो क्लब, भूसम्पदा विभाग, प्रशासनिक कार्यालय एवं प्लांट कैंटिन में बीटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद के करकमलों से, उपमहा प्रबंधक (प्रशा.) बीजी होलकर द्वारा गीला एवं सूखा कचड़ा हेतु अलग-अलग कूड़ेदान प्रदान किया गया। कूड़ेदान प्रदान करतें हुए उपमहा प्रबंधक ने सभी स्कूलो के प्रधानाध्यापक एवं अधिकारियों से कूड़ा-कचरा कूड़ेदान में ही डालने की हिदायत दी। कूड़ेदान के वितरण के दौरान प्रबंधन की ओर से प्रबंधक (मासं) अंजु बोपाई, सहा.प्रबंधक (मासं) एसए.अशरफ, शाहिद इकराम, एसके ओझा, मनोज सिंह, विनय कुमार, शिक्षकगण इत्यादि उपस्थित रहें।

# सचिन और संजीत ने पेरिस ओलंपिक के लिए बढ़ाये कदम, अगले दौर में जगह बनायी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाजों ने विश्व क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए कदम बढ़ा दिए हैं। सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने गुरुवार को अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बना ली है। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होना है। सचिन को पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे क्योंकि उनके 57 किग्रा वर्ग से सिर्फ तीन मुक्केबाजों को ओलंपिक में जगह मिलेगी। राउंड ऑफ 64 में संजीत को बाई मिली थी और उन्हें भी अब दो और मुक्केबाजों को हराना होगा क्योंकि उनके वजन वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले चारों मुक्केबाजों को पेरिस खेलों का कोटा मिलेगा। वहीं, सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुई सांचेज को इसी अंतर से मात दी। अनुभवी मुक्केबाज के खिलाफ सचिन ने पहले राउंड से ही ताबड़तोड़ प्रहार किए और उनकी यह रणनीति कामयाब रही क्योंकि भारतीय मुक्केबाज ने शुरूआत से ही दबदबा बना लिया। दूसरे राउंड में भी सचिन ने एकतरफा जीत दर्ज की। सिफ्टसी ने तीसरे और अंतिम राउंड में वापसी की कोशिश की लेकिन यह नाकाफी था क्योंकि सचिन मजबूत बढ़त बना चुके थे। संजीत और सांचेज के बीच मुकाबले में भी भारतीय मुक्केबाज ने शुरूआत से ही बढ़त बनाई। एशियाई चैंपियनशिप 2021 के स्वर्ण पदक विजेता संजीत ने पहले राउंड में विरोधी को लय हासिल करने का कोई मौका नहीं दिया। सांचेज ने दूसरे और तीसरे राउंड में वापसी की कोशिश की लेकिन अनुभवी संजीत ने उनसे दूरी बनाए रखी और पलटवार पर मुक्के जड़ते हुए जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल 51 किग्रा वर्ग में मैक्सिको के मॉरिसियो रुईज से भिड़ेंगे जबकि जैस्मिन महिला 57 किग्रा वर्ग में अजरबेजान की माहसती हमजाएवा का सामना करेंगी।




# पांडेयपुर से नाबालिग दो दिनों से लापता, थाना में सनहा दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी अनिल यादव का 12 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार यादव पिछले दो दिनों से लापता है। परिजनों ने हर संभावित जगह उसका तलाश किया,लेकिन कहीं भी कुछ पता नहीं चला। गुरुवार को अनिल यादव ने अपने बेटे के गुमसुदगी का मामला रेहला थाना में दर्ज कराया।

अनिल यादव ने पुलिस को बताया कि 29 मई को दोपहर 12 बजे प्रिंस घर के बाहर निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं आया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।



# स्पोर्ट्स



टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के दौरान आतंकी हमले की धमकी दी गई है। यह मैच नौ जून को न्यूयार्क में आइसनहोवर पार्क में बने नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

# भारत-पाकिस्तान मैच में आतंकी हमले की धमकी, बढ़ायी सुरक्षा

## सतर्कता : टी-20 वर्ल्डकप का यह मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाना है

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के दौरान आतंकी हमले की धमकी दी गई है। यह मैच 9 जून को न्यूयॉर्क में आइसनहोवर पार्क में बने नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। खतरे को देखते हुए शहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आतंकी संगठन आइएसआइएस खोरासन ने वीडियो जारी कर अपने हमलावरों से 'लोन वुल्फ' अटैक करने को कहा है। लोन वुल्फ अटैक को सिर्फ एक हमलावर अंजाम देता है। दूसरी ओरक न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचल ने कहा है कि वर्ल्ड कप को लेकर कोई गंभीर खतरा नहीं है। हालांकि, उन्होंने पुलिस डिपार्टमेंट से सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने को कहा है। प्रशासन लगातार हर तरह की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।



### भारत-पाक के सभी मैच अमेरिका में होंगे

टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेंगे। भारत के शुरूआती तीन मैच न्यूयॉर्क और चौथा मैच फ्लोरिडा में खेला जाना है।टीम अपना पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड, दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से खेलेगी।

### आइएसआइएस-के सबसे पहले 2014 में पूर्वी अफगानिस्तान में एक्टिव हुआ

आइएसआइएस खुरासान (आइएसआइएस-के) का नाम उत्तरपूर्वी ईरान, दक्षिणी तुर्कमेनिस्तान और उत्तरी अफगानिस्तान में आने वाले क्षेत्र के नाम पर रखा गया है। यह संगठन सबसे पहले 2014 में पूर्वी अफगानिस्तान में सक्रिय हुआ। तब रूस के उग्रवादी समूहों के कई लड़ाके इसमें शामिल होने सीरिया पहुंच गए। इस साल मार्च में रूस की राजधानी मॉस्को में क्रोकस सिटी हॉल पर एक हमला हुआ था, जिसमें 143 लोग मारे गए थे। हमला 22 मार्च को हुआ था। इसकी जिम्मेदारी आइएसआइएस-के ने ली थी। **श्रीलंका पर हो चुका है हमला :** 2009 में श्रीलंका 3 टेस्ट और 5 वनडे मैच खेलने पाकिस्तान गई थी। 3 मार्च 2009 को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन गद्दाफी स्टेडियम के पास लाहौर में श्रीलंका की बस पर आतंकी हमला हुआ था। 12 आतंकियों ने टीम पर फायरिंग कर दी थी। हमले में टीम के कप्तान महेला जयवर्धने, कुमार संगाकारा समेत 7 खिलाड़ी घायल हो गए थे।

### भारत वॉर्म-अप मैच भी न्यूयॉर्क में होगा

भारत वर्ल्ड कप में शुरूआती 3 ग्रुप स्टेज मैच न्यूयॉर्क में खेलेगा। वहीं 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्म-अप मैच भी यहीं खेलना है। भारत मंगलवार को अमेरिका पहुंचा और उसने प्रैक्टिस शुरू कर दी है।

### अमेरिका में पहली बार होगा आइसीसी टूर्नामेंट

अमेरिका को पहली बार ही किसी आइसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। 2028 के ओलिंपिक गेम्स भी अमेरिका में ही होंगे, जिसमें क्रिकेट भी शामिल किया गया है।

इस इवेंट को देखते हुए क्ळउ ने अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप कराने को प्राथमिकता दी। अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज में भी टी-20 वर्ल्ड कप होगा, यहां 2010 का टूर्नामेंट भी खेला गया था।

# त्रिसा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूनामेंट में विजय अभियान चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के हाथों हार कर समाप्त हो गया। चोट के बाद वापसी करने वाली सिंधू को महिला सिंगल्स के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सिंधू ने एक समय मारिन के खिलाफ 18-15 की बढ़त बना ली थी, लेकिन यह भारतीय खिलाड़ी लय बरकरार नहीं रख सकी। दूसरी ओर, त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला डबल्स जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई जोड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बतातें चलें कि पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह मुकाबला 21-13, 11-20, 20-22 से गंवाया। डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद दोनों खिलाड़ी सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थीं। वहीं, पहला गेम गंवाने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन ने शानदार वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाए और 17-7 की बढ़त बना ली। इसके बाद सिंधू को वापसी का मौका नहीं देकर मैच को निर्णायक गेम तक खींचा। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढ़त बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी। जबकि राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और जॉली की जोड़ी ने बाएक हा ना और ली सो ही को हराया। भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरियाई जोड़ी को 21-9, 14-21, 21-15 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

## कोयला नगर सामुदायिक सभागार में थैलेसीमिया स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों में प्रति बच्चे 10 लाख खर्च करेगी कोल इंडिया : रुपिंदर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** थैलेसीमिया बाल सेवा योजना के अंतर्गत बीसीसीएल सीएसआर गतिविधियों के तहत बीसीसीएल और सीआइएसएफ की ओर से कोयला नगर स्थित सामुदायिक सभागार में संयुक्त रूप से थैलेसीमिया जांच और स्वास्थ्य योजना से संबंधित जांच शिविर आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन कोयला मंत्रालय की अपर सचिव रुपिंदर बरार ने किया। वह तीन दिवसीय दौरे पर बीसीसीएल आई हुई है। यह कार्यक्रम बीसीसीएल की ओर से सीआइएल गतिविधियों में के तहत आयोजित


कार्यक्रम का उद्घाटन करते गणमान्य लोग।

किया गया। इस थैलेसीमिया आयोजन का उद्देश्य बच्चों को नई जीवन देना है के जनरल मैनेजर पर्सनल विद्युत शाहा ने बताया कि वैसे बच्चे जो थैलेसीमिया से पीड़ित है कोल इंडिया हर एक बच्चों के लिए 10 लख रुपए खर्च करेगी। इस कैंप में 92 पेशेंट आए थे 228 सैंपल लिया गया है जिसे जांच के लिए जर्मन भेजा जा रहा है। जांच के उपरांत कोल इंडिया बच्चों के इलाज के लिए पैसा खर्च करेगी, उन्होंने बताया कि यह समाज के लिए कोल इंडिया द्वारा किए गए सराहनीय कदम है ।उन्होंने बताया कि बीसीसीएल द्वारा सी एस आर और सामुदायिक विकास के तहत संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यों का जायजा लिया। विशेष रूप से यहां की महिलाओं और युवतियों के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से बीसीसीएल द्वारा संचालित फैशन प्रो न्यू सेंटर का दौरा किया और प्रशिक्षण कर रही सभी महिला अभ्यर्थियों से बात की। कोयला भवन पहुंचकर उन्होंने बीसीसीएल के सभी महिला अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक वित्त राकेश कुमार सहाय, निदेशक तकनीक संचालन संजय कुमार सिंह, निदेशक शंकर नाग चारी डीआईजी सीआईएसफ विनय काजला एवं बीसीसीएल में हाल ही में स्थानांतरित होकर आए डीआईजी आनंद सक्सेना भी उपस्थित रहें।

# धनबाद लोस सीट से लाखों वोटों से होगी अनुपमा सिंह की जीत: श्यामल

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** धनबाद लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को चुनाव में जिताने को लेकर बेरमो के झारखंड प्रदेश इंटक के संयुक्त महामंत्री वं राष्ट्रीय इंटक के सचिव सह भारतीय राष्ट्रीय खान मजदूर फ्रेरेशन वरीय उपाध्यक्ष श्यामल कुमार सरकार,डीबीसी कर्मचारी संघ ( इंटक ) के सचिव सदन सिंह और कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या, प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट दुर्गा दास द्वारा मोर्चा संभाला गया था। श्यामल कुमार सरकार और सदन सिंह ने धनबाद लोकसभा के इंडी गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, बलियापुर, गोविंदपुर में चार दिनों तक इन छात्रों में जनसंपर्क अभियान एवं घर-घर संपर्क किया और निराशा विधानसभा क्षेत्र में श्यामल सरकार, सदन सिंह एवं दुर्गा दास ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर दो-दूर , प्रचार प्रसार से लेकर नुक्कड़ सभा आदि जनसंपर्क अभियान किया। तथा अनुपमा सिंह के तरफ लोगों का झुकाव पैदा किया। लोगों ने श्यामल सरकार एवं दुर्गा दास की बातों से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में अनुपम सिंह को अपना कीमती





मत दिया। जिसमें चुनाव के बाद से ही धनबाद लोकसभा सीट कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के झोली में जाने प्रयास लगने लगे हैं। और अनुपमा सिंह की जीत लगभग पक्की दिख रही है। गौरतलब हो कि जब तक धनबाद चुनाव समाप्त नहीं हो गया। तब तक अपने सारे काम को छोड़ निरसा में ही 19 दिन रह कर निरसा विधानसभा क्षेत्र में श्यामल सरकार,सदन सिंह और दुर्गा दास चुनावी मैदान में बागडोर संभाल रखा था। वही श्यामल सरकार ने कहा पूरा 21 दिन मोर्चा संभाला। जिसमें चार रोज बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, बलियापुर, गोविंदपुर आदि जगहों में चार दिनों में नुक्कड़ सभा, जनसंपर्क अभियान चलाएं एवं निरसा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास के साथ जनसंपर्क अभियान, नुक्कड़ सभा एवं डोर टू डोर हमने अनुपमा सिंह जीत दिलाने को लेकर जनसंपर्क किया। लोगों से भारी आभार मत का समर्थन मिला। डेढ़ लाख वोटो से इंडी गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत होगी।

# बस्ताकोला में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने ठप की कोयला ट्रांसपोर्टिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला क्षेत्र के भेड़ाकाटा बस्ती के ग्रामीणों ने गुरुवार को पिट वाटर पानी आपूर्ति बहालकरने की मांग पर तीन घंटे कोयला डिस्पैच ठप कर दिया। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं तपती धूप में बस्ताकोला ओसीपी ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पहुंची। उन्होंने ओसीपी से बीएनआर रेलवे साइडिंग होने वाली कोयले की ट्रांसपोर्टिंग को ठप कर दिया .वहीं आउटसोर्सिंग कंपनी देव प्रभा के गेट पर पहुंच जमकर बीसीसीएल प्रबंधन विरोधी नारेबाजी किया. लोगों का आरोप था की करीब चार महीने से बस्ती में समरसेबल पंप के द्वारा पीट वाटर की सप्लाई बंद है. बीसीसीएल प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि विक्ट्री कोलियरी खदान का पानी उन्हें दिया जाएगा. जरूरत पड़ने पर टैंकर से सप्लाई भी किया जाएगा. लेकिन इस भीषण गर्मी में भी प्रबंधन द्वारा ना




ही टैंकर से पानी आपूर्ति की गई और ना ही विक्ट्री खदान का पानी. जिससे लोगों में आक्रोश है. वही ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए प्रबंधन ने विक्ट्री कोलियरी खदान का पानी सप्लाई करने का आश्वासन दिया. परंतु ग्रामीण नहीं माने लगातार 3 घंटे तक तपती धूप में ट्रांसपोर्टिंग कार्य को बंद रखा. जिसके बाद बीसीसीएल प्रबंधन हरकत में आई उन्होंने तत्काल अभियंता शेखर कुमार एव फोरमैन मोहम्मद अनवर को बाधित फिट वाटर आपूर्ति शुरू करने का निर्देश दिया. ग्रामीणों से वार्ता के दौरान मोहम्मद अनवर ने कहा कि पूर्व के भाति पीट वाटर सप्लाई करने में एक सप्ताह का वक्त लगेगा. तत्काल विक्ट्री से ग्रामीणों को प्रतिदिन 3 घंटे पीट वाटर पानी की आपूर्ति की जाएगी. जिस पर ग्रामीण शांत हुए तत्काल वाइट वाटर आपूर्ति शुरू होने के बाद ग्रामीण वापस गए. मौके पर राजू दास, रंजीत कुमार ,प्रदीप बा उ री, संतोष दास, चंदन मलिक, आरती देवी, द्रौपदी देवी ,शांति देवी, उर्मिला देवी, सपना देवी, अंजू देवी, तारामणि देवी, संगीता कुमारी, पूर्णिमा देवी आदि थे।

# पाकुड़ में चुनाव कार्य संपन्न कराने को धनबाद से 1330 मतदान कर्मी रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को धनबाद जिले से कुल 1330 मतदान कर्मियों को पाकुड़ जिला में चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए गोल्फ ग्राउंड से आवंटित बसों के माध्यम से रवाना किया गया। गौरतलब हो कि पाकुड़ जिले में एक जून को सातवें व अंतिम चरण का मतदान होना है। इसके निमित्त धनबाद जिला से मतदान कर्मियों को चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी एवं परियोजना पदाधिकारी, डीआरडीए रुपेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में इस दिन रवाना किया गया।

# मायूमं की कोयलांचल शाखा ने लगाया दूसरा अमृतधारा वाटर कूलर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा ने बैंक मोड़ श्रीराम प्लाजा में स्थाई अमृतधारा (वाटर कूलर) लगाया। यह कार्यक्रम मंच के राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा के अंतर्गत किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल,प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी , और शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि न्यू अलंकर ज्वैलर्स परिवार एवं समाजसेवी सुमित सिंह के सौजन्य से इस परिसर में स्थाई वाटर कूलर लगाया गया है। साथ ही 31 अस्थाई पानी घड़े, 19 जीव दया हेतु पानी के नाद का शुभारंभ किया गया। जिसको चिन्हित कर- के उपयुक्त स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा लगातार समाज सेवा के लिए नए कार्यक्रम किया जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत लगभग 20 दिनों से लगातार समाज हित में कार्यक्रम किए गए हैं। कन्या भ्रूण संरक्षण,नारी चेतना,शिक्षा,आनंद सबके लिए,राजनीतिक चेतना, मारवाड़ी भाषा के लिए और लगभग 26 कार्यक्रम इस माह शाखा द्वारा किए गए हैं। यहां लगे वाटर कूलर से यहां आने वाले



राहगीर और कर्मचारी इस वाटर कूलर का लाभ उठा सकेंगे। विकास पटवारी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा के अंतर्गत यह दूसरा अमृतधारा है। इससे पूर्व पहला वाटर कूलर लिलोरि स्थान कतरास परिसर में स्थापित किया जा चुका है ।मंच के राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा के अंतर्गत अगले कुछ दिनों के उपरांत बलियापुर के मंदिर प्रांगणमें भी वाटर कूलर लगने जा रहा है। उन्होंने बताया इस सत्र में छह ऐसे वाटर कूलर अलग-अलग स्थानों पर लगाने का लक्ष्य है झरिया देशबंधु सिनेमा, कतरास के अलावे अभी तक अन्य दो स्थान सदर अस्पताल और पूजा टॉकीज के समीप साई मंदिर चिन्हित है ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा के कार्यक्रम संयोजक यश कनोरिया,रवि भोजगाड़िया, 'शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल,उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी, सचिव सुनीता अग्रवाल, सह सचिव शीतल बलासिया, ललित अग्रवाल, शुभम मित्तल, आदर्श गोयनका, प्रिंस कथूरिया, हेमंत शर्मा, रंजीत अग्रवाल, विनीताअग्रवाल, हर्षिता बलासिया, विष्णु भीमसरिया, झारखंड प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय तायल,सहायक मंत्री विकास पटवारी, निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक लील्हा, निवर्तमान प्रांतीय संयोजक मेट्रोमोनियल एवं समाजसुधारक पंकज भुवानिया,पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल,श्रीराम प्लाजा बैंक मोड़ कमेटी के अध्यक्ष सुशील सांवरिया, श्रीराम प्लाजा कार्यकारणी के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# 'बोकारो दीक्षा' से प्रशिक्षित नौ युवकों का बंगलोर की कंपनी में हुआ चयन


आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग और डालमिया भारत फॉउंडेशन के सौजन्य से 'बोकारो दीक्षा' से प्रशिक्षित बोकारो के परिक्षेत्रीय गावों से सहायक इलेक्ट्रीशियन स्ट्रीम में प्रशिक्षित नौ प्रशिक्षुओं को बंगलोर के याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में दो लाख चार हजार रुपए के शुद्ध वार्षिक वेतन के साथ नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण अवधि की समाप्ति के बाद इन्हें प्रति वर्ष दो लाख 64 हजार रुपए मिलेगा। उल्लेखनीय है कि बोकारो इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग और डालमिया भारत फॉउंडेशन के सौजन्य से 'बोकारो दीक्षा' के नाम से एक संयुक्त उद्यम के रूप में अल्पावधि तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र




का संचालन सेक्टर 01/सी में शुरू किया गया है। 'बोकारो दीक्षा' का उद्देश्य क्षेत्र के परिक्षेत्रीय गांवों के युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें सम्मानजनक स्व-रोजगार एवं रोजगार के लिए तैयार करना है। इस योजना के अंतर्गत आने वाले पाठयक्रम में सहायक इलेक्ट्रीशियन, सोलर पैनल टेक्नीशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट और सिलाई मशीन ऑपरेटर शामिल है। कालांतर में मैकेनिकल फिटर, वेल्डिंग, प्लंबिंग और आटोमोबाइल टेक्नीशियन से जुड़े शॉर्ट टर्म तकनीकी पाठयक्रम भी शुरू किए जायेंगे। महिलाओं और दिवयांगजनों के लिए सभी पाठयक्रम निःशुल्क रखा गया है। सभी प्रकार के कौशल विकास पाठयक्रमों के लिए उच्च गुणवत्ता एवं योग्यता वाले प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना का पाठयक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के पाठयक्रम अनुसार रखा गया है।

# बीएसके महाविद्यालय में पत्रिका 'नव पलाश' 2023-24 का हुआ विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** हस्तलिखित पत्रिका 'नव पलाश' 2023 -24 का विमोचन गुरुवार को बीएसके महाविद्यालय मैथन परिसर में किया गया। साथ ही त्रैमासिक 'नव उलगुलान' वॉल मैगजीन के चौथे अंक का भी लोकार्पण किया गया ' लेखन की शैली, अभिव्यक्ति को आकार देना, सृजनात्मकता की शक्ति को संवर्धन देना और उसे निरंतरता प्रदान करना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य था । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआई मैथन के बैंक मैनेजर शुभम कौशिक उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों के इस पत्रिका की खूब तारीफ की और उनकी रचनाशीलता के लिए उन्हें बधाई दी। बीएसके कॉलेज के प्रथम बैच के विद्यार्थी रहे रुंगटा ने अपने संदेश के माध्यम से पूरे प्रयास को अति सराहनीय कार्य बताते हुए इसे एक ऐतिहासिक क्षण घोषित किया। विद्यार्थियों की लेखनियों के साथ नॉन टीचिंग और टीचिंग के लेखनी को एक मंच पर लाने के लिए साधुवाद भी दिया। प्राचार्य डॉ डीपी सिंह शिक्षकों को भविष्य में और ऐसे सृजनात्मक कार्य करने के लिए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक और रेशमा द्वारा किया गया। छात्र ईशा सिंह द्वारा स्वरचित कविता 'प्रेम' का भी पाठ किया गया। मौके पर हिन्दी विभाग की अध्यक्ष प्रो नितिशा खलखो, प्रो प्रियंजना हंसदा आदि थीं।

## सीसीएल कर्मी के आवास में चोरी

**फुसरो (आजाद सिपाही)।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के शारदा कॉलोनी में बुधवार की रात चोरों ने सीसीएल महिला कर्मी नोनी बाई के बंद आवास का ताला तोड़ कर नगद सहित कीमती समान चोरी कर ली है।

# राशन दुकान में छापामारी, 10 हजार की अंग्रेजी शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** तेतुलमारी पुलिस ने थाना प्रभारी लव कुमार चौधरी के नेतृत्व में एन्टी क्राइम के खिलाफ मुहिम चलाकर हनुमान गढ़ी के एनटीसी 4 नंबर स्थित एक राशन दुकान में छापेमारी कर करीब 10,000 रुपये के अवैध अंग्रेजी शराब को जप्त किया, पुलिस ने तेतुलमारी थाना कांड संख्या 28/24 उत्पात अधिनियम एक्ट की धारा 272, 273, 290 के तहत दुकान संचालक संतोष यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी लव कुमार



चौधरी ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर उक्त दुकान में छापेमारी की गई जिसमें करीब 1 दर्जन नीब की बोतल व आधा दर्जन बड़ा बियर की बोतल को जप्त किया गया,हलाकि पुलिस को आता देख संचालक दुकान छोड़कर मौके से भागने में सफल रहा । फिर उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर गाँव मोहहले के बीच शराब बेचने वालो को बक्सा नही जाएगा । छापामारी दल में थाना प्रभारी के अलावे पुलिस जवान चंदन कुमार और नारायण कुमार शामिल थे।

# बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बिजली की लचर व्यवस्था के कारण व्यापारियों में भारी आक्रोश है धनबाद डिस्ट्रिक्ट डीलर एसोसियेशन के सचिव व बैंक मोड़ चैंबर के संरक्षक प्रभात सुरोलिया ने कहा है की इस भीषण गर्मी मे बिजली विभाग बिजली नहीं दे कर जले पर नामक छिड़क रहा है, न दिन मे व्यापार करने मे चैन है, न रात मे घर मे चैन से रह पाते है। लोगों को दोहरी मार पड़ रही है व्यापार प्रभावित तो हो ही रहा है



लोग बीमार पड़ रहे है जल्द से जल्द बिजली मे सुधार नही हुआ तो धनबाद मे लोग अपने हक के लिए सड़को पर उतरेंगे और कोई भी अप्रिय घटना होगी तो बिजली विभाग और जिला प्रशासन दोषी होंगे।

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**समाज कल्याण शाखा, (बाल-संरक्षण)**

**आम सूचना**




बाल कल्याण समिति, कोडरमा के कार्यालय पत्रांक–236/बा0क0स0, दिनांक –22.05.2024 के आलोक में बालक शौर्य कुमार उम्र–11 वर्ष, पिता व माता नामालूम पता– नामालूम जो विशेष श्रेणी का बालक है। विभागीय पत्रांक–450 /Special Unit/झा0 रा0 बा0 सं0 सं0 /2022 – 23/625 दिनांक – 23-06.2023 के आलोक में बालक को जन जागरण केन्द, बरही, हजारीबाग में आवासीत कराया गया। उक्त बालक कि विवरणी निम्नवत् है:–

बालक का नाम :– शौर्य कुमार, उम्र–11 वर्ष, रंग–गोरा, वजन–13.5 कि0 ग्रा0
माता–पिता व पता–नामालूम,

उक्त कि खोज–बीन हेतु बालक के जैविक माता–पिता अथवा विधिक अभिभावक बाल कल्याण समिति, कोडरमा अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा से सम्पर्क कर सकते हैं तथा विज्ञप्ति प्रकाशन कि तिथि से 60 (साठ) दिनों के अंदर, अपना दावा साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा हेतु दिये गए समय सीमा के पश्चात् उक्त बालक पर किसी भी प्रकार का दावा दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2015 के नियम 06 के उपनियम 12 के अंतर्गत मान्य नहीं होगा। निर्धारित समय सीमा के उपरांत् समिति द्वारा उक्त बालक को दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रुप से स्वतंत्र घोषित कर दिया जायेगा।

संपर्क नं0:–
बाल कल्याण समिति, कोडरमा।
9006640523/7061514121/7050720832/7717705479
जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा।
9234203438/9608145888/9835583343

PR 325206 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा

# ओड़िशा के तट पर रुद्रम-2 मिसाइल का सफल परीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने (बुधवार) को भारतीय वायु सेना के एसयू-30 एमके-1 प्लेटफॉर्म से सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रुद्रम-2 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रयोग ने अपने सभी लक्ष्यों को हासिल कर लिया है। मिसाइल के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए आईटीआर, चांदीपुर सहित विभिन्न स्थानों पर इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम, रडार और टेलीमेट्री स्टेशन जैसे रेंज ट्रैकिंग उपकरण तैनात किये गये थे। रुद्रम-2 एक स्वदेशी रूप से विकसित मिसाइल प्रणाली है। मिसाइल प्रणाली में विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित कई अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीकें शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रुद्रम-2 के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने सफलतापूर्वक परीक्षण करने के लिए डीआरडीओ की टीम को उनके अथक प्रयासों एवं योगदान करने हेतु सराहना की।

## पुरी में महाप्रभु की चंदन यात्रा के दौरान बड़ी घटना घटी

# पटाखा विस्फोट से एक की मौत, 35 से ज्यादा घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** पुरी में महाप्रभु की चंदन यात्रा के दौरान एक बड़ी घटना घटी। नरेंद्र पुष्करिणी देवीघाट के पास पटाखे फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 35 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए. घायलों में 3 बच्चों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। सभी को तुरंत बचाया गया और पुरी हस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद लगभग 28 लोगों को कटक और भुवनेश्वर हस्पताल को स्थानांतरित कर दिया गया है।

चंदन यात्रा के दौरान पटाखे विस्फोट की खबर के बाद मुख्य प्रशासनिक सचिव एससीबी बड़ा मेडिकल पहुंचे और चिकित्सा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इलाज के लिए एससीबी आते समय बड़ा मेडिकल में एक घायलो का मृत पाया गया। मृतक माटीपड़ा इलाके का ऋषिकेश कर्मकार बताया जाता है। वहीं अब एससीबी में 7 मरीजों का इलाज चल रहा है।

इसी तरह भुवनेश्वर हाईटेक हॉस्पिटल में 8, सम हॉस्पिटल में 2, सम अल्टीमेटम में 3 और एम्स में 2 घायलों का इलाज चल रहा है। सरकार ने उन सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में, जहां घायलों का इलाज चल रहा है, घायलों को सभी तरह की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

मुख्य प्रशासनिक सचिव पीके जेना ने कहा कि घायलों का सारा इलाज खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। मुख्य प्रशासनिक सचिव ने कहा कि घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद घटना की आगे की जांच की जायेगी।



### मुख्यमंत्री घायलों से मिले, जांच के आदेश दिये, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक आज सुबह भुवनेश्वर सम अल्टीमेट अस्पताल गये और पुरी पटाखे दुर्घटना पीड़ितों से मुलाकात की जिनका वहां इलाज चल रहा है। उनके चिकित्सा व्यवस्था के प्रमुख डॉक्टरों से परामर्श किया और उन्हें सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने की सलाह दी। बाद में मुख्यमंत्री ने घायलों के परिजनों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने पुरी पटाखे दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये हैं। इस जांच में अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और विशेष राहत आयुक्त द्वारा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने हादसे में मरने वालों के परिजनों के लिए 4 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता की भी घोषणा की है. कल मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि पुरी पटाखे हादसे में घायलों का इलाज का खर्च मुख्यमंत्री राहत कोष से वहन किया जायेगा।

# टाइम्स सर्वेक्षण के अनुसार आइटीइआर भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में तीसरे स्थान पर



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान मानद विश्वविद्यालय (सोआ) के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आइटीइआर) को गुरुवार को प्रकाशित टाइम्स द्वारा ऑल इंडिया इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट रैंकिंग सर्वेक्षण 2024 द्वारा समग्र श्रेणी में देश में तीसरा स्थान दिया गया है। यह संस्थान 2023 में टाइम्स सर्वेक्षण द्वारा किये गये सर्वेक्षण में शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी देश में तीसरे स्थान पर था। साथ ही आइटीइआर को देश के शीर्ष 125 निजी इंजीनियरिंग संस्थानों में दूसरे स्थान पर रखा गया था, जबकि पूर्व क्षेत्र में शीर्ष पर रखा गया था, जिससे 2023 में प्राप्त रैंक को बरकरार रखा गया था। रिसर्च में आइटीइआर को देश में तीसरा स्थान मिला जबकि प्लेसमेंट में यह पांचवें स्थान पर रहा। 2023 में राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण में संस्थान को शोध में चौथा और प्लेसमेंट में नौवां स्थान मिला था। रैंकिंग का उद्देश्य, जिसमें तीन मॉड्यूल - डेस्क अनुसंधान, अवधारणात्मक और तथ्यात्मक सर्वेक्षण का उपयोग किया गया, देश में शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों की पहचान करना और उन्हें रैंक देना था।

# एक्जिट पोल प्रसारण: इसीआइ ने निजी उड़िया चैनल के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। चुनाव के दौरान एग्जिट पोल प्रसारित कर एक निजी उड़िया समाचार प्रसारण संस्था मुसीबत में फंस गयी है। भारतीय चुनाव आयोग (इसीआइ) ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जानकारी के मुताबिक ओड़िशा के एक निजी टेलीविजन चैनल (नंदीघोष) ने 29 तारीख को एग्जिट पोल रिपोर्ट प्रसारित की थी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126ए के अनुसार, चुनाव के दौरान किसी भी मीडिया में एग्जिट पोल रिपोर्ट प्रकाशित या प्रसारित नहीं की जानी चाहिए। इस संबंध में 28 मार्च को चुनाव आयोग ने एक नोटिस जारी कर 19 अप्रैल सुबह 7 बजे से 1 जून शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल रिपोर्ट के प्रसारण पर रोक लगा दी थी। लेकिन चुनाव आयोग ने संबंधित चैनल के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है, क्योंकि एक उड़िया चैनल (नंदीघोष) ने इसका उल्लंघन करते हुए एग्जिट पोल प्रसारित किया। निर्देश के मुताबिक 30 मई शाम 5:30 बजे तक कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# उदाला पुलिस ने पैसे बांटते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार किया, 1. 91 लाख रुपये जब्त

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पुलिस ने पैसे बांटते समय दो लोगों को किया गिरफ्तार किया है। मयूरभंज जिले के उदला गोधिमरा गांव में पैसों का बंटवारा चल रहा था, पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को थाने में अटक रख कर पूछताछ कर रही है। दोनों अभियुक्तों की पहचान बिजयलक्ष्मी महापात्र और दिव्यज्योति जेना के रूप में की गयी है। उनके पास से एक लाख 91 हजार रुपये और एक कार जब्त की गयी। पुलिस ने उन्हें तब गिरफ्तार किया, जब वे लोगों को प्रत्येक लिफाफे में हजारों रुपये वितरित कर रहे थे। आरोप है कि 1 जून को चुनाव के अंतिम चरण के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे वितरित किया जा रहा था। पता चला है कि दोनों आरोपी पैसे लेकर भुवनेश्वर से आये थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

# सम हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पर कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पिछले रविवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। कार्यशाला में प्रो (डॉ) उज्ज्वल पोद्दार, प्रतिष्ठित गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ और प्रो (डॉ) एन सी महांति प्रोफेसर, एमजीएम अस्पताल, मुंबई ने भाग लिया। प्रो (डॉ) महांति ने इसमें शामिल हुए और मुख्य रूप से शिशुओं में लीवर और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डाला। इसमें राज्य भर से विभिन्न बाल चिकित्सा विभागों के डॉक्टरों और स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया और विशेषज्ञों के साथ चर्चा की। कार्यशाला का आयोजन आइएमएस और सम अस्पताल के बाल रोग विभाग की प्रमुख प्रो (डॉ) ममतादेवी महांति, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) गिरीश पति, बाल रोग विशेषज्ञ प्रो (डॉ) मृत्युंजय दाश और बाल रोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ) कल्पना पंडा ने कार्यक्रम की आयोजन की। कार्यशाला का आयोजन आईएमएस एवं सम हॉस्पिटल और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिशियन्स (भुवनेश्वर शाखा) के सहयोग से किया गया था।

## किट डीम्ड विश्वविद्यालय का विशेष दीक्षांत समारोह

# मंगोलिया में भी किट की तरह महिलाओं को महत्व दिया जाता है : गनबोल्ड दबंजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केआइआइटी, किट डीम्ड विश्वविद्यालय के विशेष दीक्षांत समारोह में प्रेरक भाषणों और संस्थान की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता दी गयी। भारत में मंगोलिया के राजदूत गनबोल्ड डंबजय सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना की। हर साल, केआइआइटी डीयू में पढ़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए एक विशेष दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाता है। महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों के लिए किट-किस और कीम्स की प्रशंसा करते हुए दंबजय ने कहा कि किसी भी घर में असली ताकत महिलाओं की होती है। मेरे देश में महिलाएं समाज में एक प्रमुख भूमिका निभाती हैं। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि किस ने लड़कियों को आत्म-सशक्तिकरण की दिशा में भी अवसर प्रदान किये। समय के साथ वे समाज को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचायेंगे। उन्होंने युवा स्नातकों को अपनी कड़ी मेहनत और समाज के प्रति समर्पण से दुनिया को जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। राजदूत दंबजय ने भारत और मंगोलिया के बीच ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मंगोलियाई-भारतीय संबंध 2000 साल पुराने हैं। उन्होंने कहा कि मंगोलिया-भारतीय संबंध 2000 साल पुराने हैं। नालंदा विश्वविद्यालय में भिक्षु अध्ययन करने आते थे और वह भी ऐसे समय में जब परिवहन के कोई साधन नहीं थे। उन्होंने आध्यात्मिक बंधन को भी याद करते हुए कहा कि यहां के सन्यासियों ने गंगा नदी से पानी एकत्र किया और इसे पूर्वी मंगोलिया में एक झील में डाला, जिसे गंगा झील के रूप में जाना जाता है।

केआइआइटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अशोक परीजा ने छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए कहा, ह्लहमारे छात्रों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्यान क्षेत्रों में भी अपनी अलग पहचान बनायी है। उन्होंने किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत के अथक समर्पण को किट की सफलता के पीछे प्रेरक शक्ति बताया और छात्रों से चुनौती को स्वीकार करने, अपनी आकांक्षाओं में साहसी बनने और अपने कार्यों में दयालु बनने का आग्रह किया। केआइआइटी के प्रो चांसलर डॉ सुब्रत कुमार आचार्य ने विश्वविद्यालय की तीव्र प्रगति को रेखांकित किया तथा टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा देश में शीर्ष 10 में इसके स्थान का उल्लेख किया।

प्रो वाइस चांसलर डॉ सीबीके मोहंती ने स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्तीर्ण छात्रों के शैक्षणिक करियर का यादगार लम्हा है, लेकिन यह भविष्य के लिए मील के पत्थर हासिल करने की सीढ़ी है। कृपया एक उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सपना देखें, योजना बनाएं और आगे एक अच्छा जीवन जियें।

कुलपति प्रो सरनजीत सिंह ने विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ 20 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये हैं, जिनमें 22 अमेरिकी विश्वविद्यालय शामिल हैं। उन्होंने गर्व से उल्लेख किया कि केआईआईटी के टीबीआई ने स्टार्टअप ओड़िशा द्वारा सफल इनक्यूबेटर पुरस्कार जीता है और पेरिस ओलंपिक के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले पांच छात्रों का जश्न मनाया।

# आइआइटी भुवनेश्वर ने तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज के साथ किया एमओयू

## ट्यूबरक्लोसिस को रोकने के लिए वैक्सीन के विकास संबंधी अनुसंधान पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग के अवसरों की खोज के उद्देश्य से, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज (आइएलएस) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौता ज्ञापन पर आइआइटी भुवनेश्वर के डीन-प्रायोजित अनुसंधान और औद्योगिक परामर्श (एसआरआइसी) (प्रभारी) प्रो. राजेश रोशन दास और इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज के निदेशक प्रो देबासीस दास की उपस्थिति में 30 मई को आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो श्रीपाद करमलकर ने हस्ताक्षर किये।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता, विशेष रूप से जैविक विज्ञान, आणविक जीवविज्ञान और माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्रों में शैक्षणिक प्रथाओं की गुणवत्ता में सुधार करने और अपने छात्रों और संकाय सदस्यों की अनुसंधान क्षमताओं का निर्माण करने के लिए दो प्रमुख संस्थानों के बीच सहयोग करना है। यहां उल्लेखनीय है कि दोनों संस्थान ट्यूबरक्लोसिस को रोकने के लिए वैक्सीन के विकास पर विशेष जोर देने के साथ अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सहमत हुए हैं। इसके अलावा, समझौता ज्ञापन के अनुसार, आइआइटी भुवनेश्वर और आइएलएस के संकाय सदस्य पारस्परिक रूप से सहमत कार्यक्रमों के आधार पर अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में दोनों संस्थानों के छात्रों को सहयोग और प्रशिक्षित करने के लिए स्वतंत्र होंगे। वे दोनों संस्थानों में छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए चुनिंदा विषयों और क्षेत्रों पर संगोष्ठी, बोलोकियम, कार्यशालाएं, सेमिनार और सम्मेलन संयुक्त रूप से आयोजित कर सकते हैं और दोनों संस्थानों के व्यक्तिगत संकायों के विशिष्ट हित के आधार पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं आयोजित कर सकते हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो श्रीपाद करमलकर ने कहा किः आइएलएस के साथ इस सहयोग से विभिन्न जीवन विज्ञान के क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए पारिस्थितिकी तंत्र में वृद्धि होगी, जिससे विभिन्न बीमारियों और प्राकृतिक बीमारियों से मानव जीवन को बचाने में मदद मिलेगी। आइआइटी भुवनेश्वर, एक तकनीकी ज्ञान प्रदाता के रूप में, इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इस संघ के लिए तत्पर है।

इस उपलक्ष्य पर आइएलएस के निदेशक प्रो दास ने कहा कि भारत के दो प्रमुख संस्थानों के बीच यह समझौता ज्ञापन न केवल जैविक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में परिवर्तन लाएगा बल्कि भविष्य में ओड़िशा को इस डोमेन में एक बेंचमार्क बनाने में भी मदद करेगा। ट्यूबरक्लोसिस की रोकथाम के लिए टीका विकसित करने की दिशा में विशेष ध्यान इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों को बढ़ावा देगा।

इस अवसर पर अन्य गणमान्य अथितियों में डॉ सुनील के राघव, डॉ अंशुमान दीक्षित, डॉ तुषार कांत बेउरिया, आईएलएस के डॉ दयानिधि प्रधान और आइआइटी भुवनेश्वर के अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम के डीन प्रो शांतनु पाल, एएचआरसी के केंद्र निदेशक प्रो अश्विनी नंदा और एसोसिएट डीन (पूर्व छात्र मामले एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध) प्रो आशीष बिस्वास भी उपस्थित थे।







VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |


मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**